# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, बुधवार 4 सितंबर 2024


400 मीटर टी20 स्पर्धा

## दीप्ति जीवनजी को ब्रॉन्ज भारत के खाते में 16 मेडल




पेरिस। विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता भारत की दीप्ति जीवनजी ने मंगलवार को यहां पेरिस पैरालंपिक की एथलेटिक्स की महिला 400 मीटर टी20 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।। इसी महीने 21 बरस की होने वाली दीप्ति ने 55.82 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। वह यूक्रेन की यूलिया शुलियार (55.16 सेकंड) और विश्व रिकॉर्ड धारक तुर्की की आयसेल ओंडर (55.23 सेकंड) के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। टी20 श्रेणी बौद्धिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों के लिए है।

### मजदूर की बेटी

दीप्ति तेलंगाना के वारंगल जिले के कल्लेडा गांव के खेतिहर मजदूर की बेटी है। दीप्ति को स्कूल स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उनके एक शिक्षक द्वारा देखे जाने के बाद बौद्धिक रूप से कमजोर होने का पता चला।

# सीएम साय ने ली भाजपा की सदस्यता, कहा- 50 लाख लक्ष्य के पार जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर


खास खबर

राजधानी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मिस कॉल करके भाजपा की सदस्यता ली। इसके बाद भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, डिप्टी सीएम अरुण साव, प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा, श्याम बिहारी जायसवाल, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के साथ मंच पर उपस्थित भाजपा के विधायक और पदाधिकारियों ने भी मिस कॉल करके सदस्यता ली। सीएम साय ने कहा, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मंच में उपस्थित किरण देव, साव, बैस, मंत्री टंकराम समेत कई दिग्गज बने सदस्य

#### डेढ़ गुना सदस्य ज्यादा बनाने हैं : किरण देव

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा, हमें पहले से डेढ़ से दोगुना सदस्य ज्यादा बनाने हैं। पहले भाजपा के 32 लाख सदस्य थे अब 50 लाख तक इस संख्या को लेकर जाना है। हमारे कार्यकर्ताओं में क्षमता है वो ये काम कर सकते हैं। रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, प्रदेश सरकार 70 महिलाओं को महतारी वंदन में पैसा दे रही है। 30 लाख किसानों से 31 सौ रुपए में धान खरीद रहे हैं। अगर इन तक ही हमारे कार्यकर्ता पहुंच जाएं और इनको भाजपा की विचारधारा के बारे में बताएं तो एक करोड़ से ज्यादा सदस्य बन सकते हैं।



### लौट के साय ... घर को आए...



*रायपुर। भाजपा छोड़कर कांग्रेस में जाने वाले भाजपा के पूर्व वरिष्ठ नेता नंदकुमार साय की एक बार फिर भाजपा में वापसी हो गई है। भाजपा के सदस्यता अभियान के प्रारंभ होने पर श्री साय ने खुद से मिस कॉल करके वापस भाजपा की सदस्यता ली है। श्री साय ने भाजपा की सदस्यता लेने के बाद सोशल मीडिया में इसको शेयर करते हुए लिखा, देश की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करना गौरव का विषय है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा, श्री साय कांग्रेस में चले गए थे, लेकिन वे एक बार फिर से भाजपा में सदस्यता लेकर वापस आ गए हैं, तो उनका स्वागत है।*






## खबर संक्षेप

### मप्र के सीएम के पिता पूनमचंद नहीं रहे



**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पिता पूनमचंद यादव का मंगलवार को निधन हो गया। वे करीब 100 वर्ष के थे और एक हफ्ते से बीमार चल रहे थे। जिसके चलते उन्हें उज्जैन के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को ही उज्जैन आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके बेटे महा आर्यमन सिंधिया ने अस्पताल जाकर उनका हाल-चाल जाना था।

### हेलीकॉप्टर क्रैश दो पायलट समेत तीन लापता



**पोरबंदर।** भारतीय तट रक्षक का एक हेलीकॉप्टर एक बचाव अभियान के दौरान गुजरात में पोरबंदर तट पर अरब सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दो पायलट समेत चालक दल के तीन सदस्य लापता हैं। आईसीजे ने बताया कि यह घटना सोमवार रात को हुई जब उसने एक टैंकर पर सवार चालक दल के एक घायल सदस्य को बचाने के लिए रात करीब 11 बजे एक अभियान चलाया।

### ट्रक ने कार को मारी टक्कर आठ श्रद्धालुओं की मौत




**जींद।** जींद के नरवाना में श्रद्धालुओं से भरे एक वाहन के ट्रक की चपेट में आ जाने से तीन महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे में आठ लोग घायल हो गए। कुरुक्षेत्र के मर्छेदी गांव से करीब 15 लोग सोमवार शाम को एक कार से राजस्थान के गोगामेड़ी धाम में पूजा अर्चना के लिए जा रहे थे। देर रात पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी।

### पद्म पुरस्कारों के लिए 15 तक आवेदन मांगे



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नॉमिनेशन भेजने की आखिरी तारीख 15 सितंबर है। पुरस्कारों की घोषणा 26 जनवरी 2025 को होगी। पद्म पुरस्कार 2025 के लिए नॉमिनेशन प्रोसेस 1 मई 2024 से शुरू हुई है। पद्म पुरस्कार- पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से हैं।

### 6 महिला और तीन पुरुष नक्सलियों के शव के साथ हथियार बरामद

# दंतेवाड़ा-बीजापुर की सीमा पर बड़ा ऑपरेशन, मारे गए 9 नक्सली

मारे गए सभी नक्सली पश्चिम बस्तर व दरभा डिवीजन के बताए जा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/दंतेवाड़ा

संयुक्त सुरक्षाबलों ने घंटों चली मुठभेड़ के बाद 6 महिला समेत 9 नक्सलियों को मार गिराया है। दंतेवाड़ा व बीजापुर के सरहदी क्षेत्र थाना किरंदुल, लोहागांव, पुरंगेल व एंड्री के जंगल में पश्चिम बस्तर एवं दरभा डिविजन के साथ पीएलजीए कंपनी नंबर 2 के माओवादी मौजूद है। आईजी सुदंरराज पी ने बताया कि सूचना पर दंतेवाड़ा डीआरजी, बस्तर फाइटर्स व सीआरपीएफ 111 व 230 बटालियन के यंग प्लाटून की संयुक्त पार्टी सर्चिंग अभियान में रवाना किया गया था। सर्चिंग के दौरान सुबह 10.30 बजे से लगातार पुलिस पार्टी व माओवादियों के बीच 7-8 बार फायरिंग हुई। मुठभेड़ में 6 महिला माओवादी कैडर सहित 9 वर्दीधारी हथियारबंद माओवादी कैडर के शव बरामद की गई। मुठभेड़ स्थल व शव के पास से एसएलआर रायफल, 303 राइफल, बीजीएल लांचर, 12 बोर राइफल, 315 बोर बंदूक समेत भारी मात्रा में हथियार विस्फोटक व नक्सल सामग्री बरामद किया गया है।

*दंतेवाड़ा-बीजापुर जिले के सरहदी क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में नौ नक्सलियों को मार गिराया। इनमें 6 महिला नक्सली शामिल हैं। मारे गए नक्सलियों के शव के साथ एसएलआर राइफल, 303- 315 बोर राइफल और विस्फोटक बरामद किया है। माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर ऑपरेशन लांच किया गया था।*

#### 8 माह में 153 माओवादियों का शव बरामद

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के उद्देश्य से स्थानीय जिला पुलिस बल, डीआरजी तथा केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों द्वारा आपसी बेहतर तालमेल एवं रणनीति के साथ काम किया जा रहा है। यही वजह है कि वर्ष 2024 में बस्तर संभाग अंतर्गत की जा रही नक्सल विरोधी ▶▶ शेष पेज 4 पर

*सीएम साय ने कहा- नक्सलवाद के खात्मे तक जारी रहेगी लड़ाई*





#### शव आने के बाद होगी शिनाख्त

आईजी ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए 9 माओवादी कैडर की शिनाख्तगी प्राथमिक तौर पर पश्चिम बस्तर, दरभा डिवीजन कमेटी तथा पीएलजीए कम्पनी नम्बर-2 के सदस्य के रूप में की गई है। वहीं मुठभेड़ में कई अन्य नक्सलियों के मारे जाने व घायल होने की खबर है। सर्चिंग के बाद फोर्स जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के लिए रवाना हो चुकी है। फोर्स के लौटने के बाद मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त व कैडर का पता लग सकेगा।

#### अतिरिक्त फोर्स कर रही सर्चिंग

मुठभेड़ उपरांत नक्सलियों की मौजूदगी को देखते हुए अतिरिक्त रि-इनफोर्स टीम द्वारा सर्चिंग की जा रही है। आईजी ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से मिले वर्दीधारी नक्सली व अत्याधुनिक हथियारों को देखते हुए लग रहा है कि मारे गए माओवादियों में बड़े नक्सली भी शामिल हो सकते है।

#### 13 नक्सली हुए गिरफ्तार तर्रेम और गंगालुर क्षेत्र में थे सक्रिय

*बीजापुर। जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से सुरक्षाबल के जवानों की संयुक्त पार्टी को बड़ी सफलता हाथ लगी है। तर्रेम थाना क्षेत्र से 6 व गंगालुर थाना क्षेत्र से 7 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए नक्सलियों के कब्जे से नक्सल संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री बरामद की गई है।*

*पुलिस के मुताबिक जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत बीजापुर डीआरजी, गंगालुर थाना व कोबरा 202 की संयुक्त पार्टी गंगालुर थाना क्षेत्र के ग्राम पालनार, गंगालुर व पोटामपारा की ओर एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी। अभियान के दौरान गंगालुर के पोटामपारा के* ▶▶ शेष पेज 4 पर

बाइक को वाहन ने मारी टक्कर

### बहन को तीजा लेने जा रहे दो भाइयों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

बहन को तीजा लेने जा रहे दो भाइयों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसे की खबर से इलाके में सन्नाटा पसरा रहा। बताया जा रहा है कि दोनों भाई बाइक से जा रहे थे। ऐसे में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सिटी कोतवाली थाना से मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 05 एएल 8902 से तीजा लेने अपनी बहन के घर कोड़ो हरदी जा रहे थे।

इसी दौरान कोड़ो हरदी तिराहा मोड़ के पास किसी अज्ञात गाड़ी ने इनकी बाइक को बुरी तरीके से ठोकर मार दी, जिससे मौके पर ही दोनों युवकों की मौत हो गई। युवकों की उम्र करीब 20 से 22 वर्ष की बीच बताई जा रही है। मृत युवक का नाम गजेंद्र ध्रुव पिता कार्तिक राम उम्र (21) दयालु ध्रुव पिता गणेश राम (21), जो कि नगरी के वार्ड क्रमांक 02 के निवासी हैं।

#### जांच जारी है

फिलहाल दुर्घटना का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम दृष्टया से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से इन बाइक सवार युवकों की मौत हुई है। फिलहाल जांच जारी है। दोनों मृतकों के शव को जिला अस्पताल लाया गया है और उनके परिजनों को सूचित किया गया।

## छात्राओं ने पानी मांगा तो एचएम ने कहा- पी लो अपना यूरिन, सस्पेंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

गुरु शिष्य के रिश्ते को शर्मशार करने वाली ऐसी घटना बलरामपुर जिले के फूलीडूमर से सामने आई है जहां एल्बेंडाजोल की गोली खाने के लिए जब छात्राओं ने पानी मांगा तो प्रधान पाठक ने बच्चियों को खुद का यूरिन पीने के लिए कह दिया। इस घटना ने जिला प्रशासन के साथ ही शिक्षा विभाग को भी हैरत में डाल दिया है। प्रधान पाठक के इस व्यवहार के बाद ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर ने भी गहरी नाराजगी जाहिर की है। कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया है।

- वाड्रफनगर के फूलीडूमर का मामला
- कलेक्टर के निर्देश पर किया गया निलंबित

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर विकासखंड अंतर्गत ग्राम फूलीडूमर स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला का बोर खराब ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### हिडेन कैमरा को लेकर भी विवादों में

*बड़ी बात यह है कि प्रधान पाठक रामकृष्ण त्रिपाठी स्कूल में अपनी हरकतों को लेकर हमेशा से विवादों में रहते है। इसके पूर्व जुलाई महीने में भी उन पर स्कूल में हिडेन कैमरा लेकर आने का आरोप लग चुका है। प्रधान पाठक के खिलाफ शिक्षकों ने आपत्ति दर्ज कराई थी। हैरानी की बात तो यह है कि इस मामले में भी कलेक्टर ने 2 अगस्त को ही कार्रवाई करने का निर्देश दे दिया था लेकिन जेडी कार्यालय से प्रकरण को लटकाकर रखा गया। पुनः प्रधान पाठक का कृत्य सामने आने के बाद कलेक्टर आर एक्का ने जब नाराजगी जाहिर की तो प्रधान पाठक को निलंबित किया गया।*

#### किया गया निलंबित, होगी कड़ी कार्रवाई

*प्रधान पाठक के खिलाफ मामले की जानकारी मिलते ही सोमवार को निलंबित कराया गया है। यह मामला बेहद गंभीर है। शिक्षक विद्यालय में बच्चों को ज्ञान देने जाते है। एक शिक्षक को ऐसे शब्दों का उपयोग करना ही नहीं चाहिए फिर वो तो बच्चियां थी। प्रधान पाठक को अभी निलंबित किया गया है और जल्द ही एसपी से चर्चा कर कानूनी कार्रवाई भी होगी। -आर एक्का, कलेक्टर*

न्यायालय से मिली अनुमति, अनसुलझे सवालों को पता लगाने में जुटी पुलिस

## आरोपी का होगा ब्रेन मैपिंग नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

सरगुजा में अब तक ऐसी कई घटनाएं हुई है जिनका जिक्र आज भी लोगों की जुबान है। इन घटनाओं ने सरगुजा की जनता को झकझोर दिया था लेकिन अक्षत केडिया के हत्याकांड के मामले में आरोपी के बयान ने पुलिस को उलझा कर रख दिया है। ऐसे में अब अक्षत केडिया हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस अब नार्को टेस्ट का सहारा लेगी। संभाग में यह पहली बार होगा जब पुलिस युवक की हत्या का रहस्य ▶▶ शेष पेज 4 पर




#### मिल गई है अनुमति

*हत्या का मामला काफी संवेदनशील है। इस मामले में आरोपी गिरफ्तार है। साक्ष्यों के संकलन व तथ्यों का पता लगाने आरोपी का ब्रेन मैपिंग, नार्को व पॉलीग्राफ टेस्ट किया जाएगा। इसके लिए कोर्ट से अनुमति मिल गई है। टीम टेस्ट के लिए गुजरात के गांधीनगर जाएगी।*

*- अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी*

#### टेस्ट के लिए गुजरात जाएगी पुलिस

बीएनएस की धारा 103, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किए गए संजीव मंडल उर्फ भानु के बयान पर पुलिस को यकीन नहीं है। पुलिस ने आरोपी को तीन दिन की रिमांड पर लिया था लेकिन तीन दिनों की पूछताछ में भी आरोपी अपने बयान पर अडिग रहा। ऐसे में अब पुलिस की जांच उलझकर रह गई है। यही वजह है कि हत्या की ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीएम साय ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

## छत्तीसगढ़ में 8 लाख 46 हजार गरीबों को मिलेगा पक्का मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ को मंगलवार को भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 8,46,931 आवासों की स्वीकृति मिली है। इसमें एसईसीसी 2011 की सूची के अनुसार 6,99,331 आवास और आवास प्लस सूची के अनुसार 1,47,600 आवास शामिल हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बड़ी संख्या में आवास की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। इसके लिए उन्होंने ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ▶▶ शेष पेज 4 पर



#### साय बोले- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में निरंतर कार्य

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ को प्राप्त यह आवास की स्वीकृति हमारे राज्य के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी।

द्विपक्षीय यात्रा पर ब्रुनेई पहुंचने वाले पहले भारतीय पीएम

# ब्रुनेई पहुंचे प्रधानमंत्री, होटल के बाहर मोदी-मोदी के नारे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को ब्रुनेई पहुंचे। एयरपोर्ट पर क्राउन प्रिंस हिज रॉयल हाइनेस प्रिंस हाजी अल-मुहतादी बिल्लाह ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

पीएम मोदी की इस यात्रा को काफी खास माना जा रहा है क्योंकि भारतीय पीएम की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा है। पीएम मोदी की ये यात्रा ऐसे वक्त पर हुई, जब दोनों देश राजनयिक संबंधों की स्थापना के 40 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। पीएम मोदी ब्रुनेई की राजधानी बंदर सेरी बेगावान पहुंचे, यहां जिस होटल में वे ठहरे हुए हैं, वहां प्रवासी भारतीयों ने उनका भव्य स्वागत किया। होटल के बाहर मौजूद लोगों ने मोदी-मोदी के नारे लगाए। पीएम ने भारतीय समुदाय से बात भी की।

*ये यात्रा ऐसे वक्त पर, जब दोनों देश राजनयिक संबंधों की स्थापना के 40 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं*



#### भारतीय उच्चायोग में नए 'चांसरी' परिसर का उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ब्रुनेई में भारतीय उच्चायोग के नए 'चांसरी' परिसर का उद्घाटन किया। इसे दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों का संकेत बताया। भारत-ब्रुनेई संबंधों को मजबूत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंदर सेरी बेगवान में भारतीय उच्चायोग के चांसरी (उच्चायोग का एक हिस्सा) भवन का उद्घाटन किया और एक स्मारक पट्टिका का अनावरण किया।

#### पीएम ने भारतीयों से की बातचीत

मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत भी की। उन्होंने दोनों देशों के बीच जीवंत सेतु के रूप में उनकी भूमिका तथा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान की सराहना की। बयान के अनुसार, ब्रुनेई में भारतीयों के आगमन का पहला चरण 1920 के दशक में तेल की खोज के साथ शुरू हुआ था। वर्तमान में, लगभग 14,000 भारतीय ब्रुनेई में रह रहे हैं।

#### आज सिंगापुर भी जाएंगे मोदी

ब्रुनेई से पीएम मोदी बुधवार को सिंगापुर जाएंगे, जहां वह राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम, प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग, वरिष्ठ मंत्री ली सीन लूंग, गोह चोक टोंग से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री सिंगापुर के कारोबारी समुदाय के नेताओं से भी मिलेंगे। मोदी ने कहा कि दोनों देश हमारी 'एक्ट ईस्ट' नीति और हिंद-प्रशांत के लिए दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण भागीदार हैं। मुझे विश्वास है कि मेरी यात्राओं से ब्रुनेई, सिंगापुर और वृहद आसियान क्षेत्र के साथ हमारी साझेदारी और मजबूत होगी।

## हैप्पीनेस इंडेक्स में भी दुनिया के टॉप देशों में शुमार

## प्रधानमंत्री मोदी के दौरे से चर्चा में आया यह देश

# नागरिकों से कोई टैक्स नहीं, गरीबों को मुफ्त जमीन-मकान

## छोटा सा मुल्क ब्रुनेई कई मामलों में है नजीर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रुनेई का दौरा किया है। वह ब्रुनेई जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। वहां के सुल्तान हाजी हसनल बोल्कैया ने खुद पीएम मोदी को आमंत्रित किया था। ब्रूनेई, बोर्नियो आईलैंड पर बसा एक छोटा सा मुल्क है। यह इतना छोटा है कि भारत के सिक्किम जैसे कई राज्य भी इससे बड़े हैं। छोटा सा मुल्क होने के बावजूद ब्रुनेई दुनिया का 13वां सबसे अमीर देश है। ब्रुनेई की प्रति व्यक्ति आय भारत के मुकाबले 3 गुना ज्यादा है। भारत की प्रति व्यक्ति आय 10,123 अमेरिकी डॉलर है। ब्रुनेई की आमदनी का मुख्य जरिया तेल और प्राकृतिक गैस भंडार है, जो तमाम देशों को निर्यात करता है। हैप्पीनेस इंडेक्स में भी ब्रुनेई दुनिया के टॉप देशों में शुमार है।



### गिनीज बुक में दर्ज है सुल्तान का महल

ब्रुनेई के सुल्तान हसनल बोल्कैया की गिनती दुनिया के सबसे अमीर लोगों में होती है। फोर्ब्स के मुताबिक सुल्तान के पास 1.4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति है। ब्रुनेई के सुल्तान दुनिया के सबसे बड़े पैलेस में रहते हैं, जो 20 लाख वर्ग फीट में फैला है। सुल्तान का घर इस्ताना नूरूल ईमान पैलेस को साल 1984 में देश की आजादी (ब्रिटिश हुकूमत से) की याद में बनाया गया था। दुनिया के सबसे बड़े महल होने के चलते इसका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। उनके पास 7000 लग्जरी गाड़ियां और कई प्राइवेट जेट हैं।



**बंदर सेरी बेगवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में मंगलवार को ब्रुनेई पहुंचे। मोदी द्विपक्षीय यात्रा पर ब्रुनेई आने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। मोदी जब होटल पहुंचे, जहां वह अपनी यात्रा के दौरान ठहरेंगे, तो भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया।

### कट्टर इस्लामिक कानून

ब्रुनेई कट्टर इस्लामिक देश है। साल 2014 से यह कड़े शरिया कानून का पालन करता है। साल 2019 में ब्रुनेई सरकार एक कानून ले आई जिसमें गे सेक्स और एडल्ट्री (व्यभिचार) के मामले में दोषी व्यक्ति को पत्थर से मार कर जान लेने का प्रावधान किया गया। यहां चोरी जैसे छोटे-मोटे अपराध में भी हाथ पैर काटने तक की सजा है।

### ब्रुनेई पर नहीं कोई विदेशी कर्ज

ब्रुनेई एक साउथईस्ट एशियाई देश है जो 1984 तक ब्रिटिश सत्ता के अधीन रहा। ब्रुनेई पर ना तो कोई घरेलू और ना ही कोई विदेशी कर्ज है और ना ही इस देश ने किसी से आर्थिक सहायता ली है। ब्रुनेई का एक डॉलर एक सिंगापुर डॉलर के बराबर है। इस देश में पढ़ी-लिखी और अधिकतर अंग्रेजी भाषा बोलने वाली आबादी है। ब्रुनेई की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से ऑयल व गैस की सेल पर ही आधारित है। ब्रुनेई के कुल एक्सपोर्ट्स में 80 फीसदी और जीडीपी में 53.5 फीसदी हिस्सा तेल व गैस का है। इसके अलावा, सरकार द्वारा विदेशों में किए जाने वाले निवेश के जरिए घरेलू हाइड्रोकार्बन उत्पादन से भी रेवेन्यू जेनरेट होता है।

### फ्री एजुकेशन, फ्री मेडिकल केयर

ब्रुनेई की जनता को सुविधाजनक और क्वॉलिटी लाइफ मिलती है। खास बात है कि ब्रुनेई में नागरिकों से सरकार किसी तरह का कोई टैक्स नहीं वसूलती है। और यूनिवर्सिटी स्तर पर भी फ्री एजुकेशन, मुफ्त मेडिकल केयर और सस्ते घर जैसी सुविधाएं सरकार मुहैया कराती है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस कर रही लोगों को परेशान : महबूबा

**श्रीनगर।** महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को आरोप लगाया कि



जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों के दौरान पुलिस अधिकारी ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) के बहाने लोगों को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, "एक बार फिर पुलिस विभाग के कई लोग सक्रिय हो गए हैं और ओवरग्राउंड वर्कर्स के नाम पर लोगों को परेशान कर रहे हैं और उन्हें गिरफ्तार कर रहे हैं।

### फिलीपीन में तूफान 14 लोगों की मौत

**मनीला।** उत्तरी फिलीपीन में मंगलवार को जबरदस्त तूफान के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रतिक्रिया अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौसम ब्यूरो के अनुसार, उष्णकटिबंधीय तूफान 'यागी' इलोकोस नोर्टे प्रांत के पाओय शहर से होते हुए दक्षिण चीन सागर में 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से टकराया और इसकी रफ्तार 125 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई।

### कांगो : जेल तोड़कर भाग रहे 129 कैदियों की मौत

**किंशासा (कांगो)।** कांगो की राजधानी में एक मुख्य बंदीगृह को तोड़कर भागने की कोशिश के दौरान 129 कैदियों की मौत हो गई। इनमें से ज्यादातर की जान भगदड़ में गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कांगो के गृह मंत्री जैकमिन शबानी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि शुरुआती अनुमान के अनुसार, सोमवार की सुबह किंशासा में क्षमता से अधिक कैदियों वाली मकाला जेल से भागने की कोशिश कर रहे कैदियों को ''चेतावनी'' देने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा चलाई गई गोली से 24 कैदियों की मौत हुई।

## आप को पांच तथा सपा और सीपीएम को एक एक सीट देने का ऑफर

**हरियाणा विधानसभा चुनाव**

# कांग्रेस ने फिर आप के साथ गठबंधन बनाने को लेकर शुरू की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर लड़ने पर विचार कर रही है। राहुल गांधी की पहल के बाद कांग्रेस ने हरियाणा में वोटों के बिखराव को रोकने तथा भाजपा को घेरने के लिए आप, सपा और सीपीएम के साथ गठबंधन करने की रणनीति पर मंथन शुरू किया है। हालांकि लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ने के बाद कांग्रेस और आप ने विधानसभा चुनाव अलग-अलग लड़ने का ऐलान किया था। कांग्रेस ने आप और इंडिया गठबंधन के अन्य दलों सपा और सीपीएम के साथ गठबंधन पर बातचीत करने के लिए एक कमेटी बनाई है। इसमें अजय माकन, भूपेंद्र हुड्डा, दीपक बाबरिया को शामिल किया गया है। केसी वेणुगोपाल गठबंधन को लेकर की जाने वाली बातचीत पर निगरानी रखेंगे।



**खास बातें**

- लोकसभा चुनाव के दौरान हरियाणा में कांग्रेस और आप का था गठबंधन
- बातचीत के लिए बनाई कमेटी, माकन, हुड्डा और बाबरिया शामिल

### ऐसी चल रही कवायद

चर्चा है कि कांग्रेस आप को गठबंधन के तहत पांच तथा सपा और सीपीएम को एक एक सीट ऑफर कर सकती है। हालांकि आप की तरफ से अभी सीटों को कोई डिमांड सामने नहीं आई है पर सूत्रों का कहना है कि 10 से 15 सीट पर ही बात बन पायेगी। उधर, कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि आप को 5 सीटों पर राजी कर लिया जाएगा। गठबंधन को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और राहुल गांधी तालमेल बना रहे हैं। आप की तरफ से संजय सिंह, संदीप पाठक और सुशील गुप्ता बात करेंगे।

### चल रही है बातचीत : बाबरिया

हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया ने मंगलवार को कहा कि हरियाणा में कांग्रेस और आप का गठबंधन हो सकता है। इसको लेकर आम आदमी पार्टी और इंडिया गठबंधन के दलों से बातचीत चल रही है। ऐसा करने से वोटों के ध्रुवीकरण और भाजपा को रोकना है।

### लोकसभा में थे दोनों दल साथ

बता दें कि साल 2019 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में आप ने 47 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार आप के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हरियाणा के बेटे का हवाला देते हुए आप चुनाव प्रचार में जुटी हुई है। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान प्रदेश में सक्रिय हो रहे हैं। वहीं इस साल हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और आप ने हरियाणा और दिल्ली में साथ मिलकर चुनाव लड़ा था, जिसमें कांग्रेस-आप गठबंधन को हरियाणा में पांच सीट हासिल हुई थी तो दिल्ली में सभी सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था।

### राहुल के कथन का स्वागत : आप

हरियाणा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच गठबंधन की अटकलों पर संजय सिंह ने कहा कि उनके (राहुल गांधी) कथन का मैं स्वागत करता हूं। निश्चित रूप से बीजेपी को हराना हम सबकी प्राथमिकता है।

### एक ही थाली के चट्टे-बट्टे : भाजपा

आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच गठबंधन को लेकर जारी अटकलों के बीच सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि भ्रष्टाचारी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं।

## हैरान सुप्रीम कोर्ट ने मांग ली रिपोर्ट

# हाईकोर्ट जज ने रिटायरमेंट के बाद सुनाए 9 फैसले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



मद्रास हाई कोर्ट के एक जज ने रिटायर होने के बाद फैसले दे दिए, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने रिपोर्ट तलब कर ली है। हाई कोर्ट के जस्टिस टी. माथीवनन के विस्तृत फैसले उनके रिटायरमेंट के बाद हाई कोर्ट की वेबसाइट पर जारी हुए हैं। इसे लेकर शीर्ष अदालत ने सवाल उठाया है और रिपोर्ट मांग ली है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार से पूरी जानकारी तलब की है। अदालत ने पूछा है कि आखिर संबंधित फैसले का एक लाइन का जजमेंट कब आया था। इसके बाद डिटेल ऑर्डर कब अपलोड किया गया। बार ऐंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार डीए केस खारिज करने के खिलाफ दायर सीबीआई की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दिया।

- **सीबीआई की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिया यह आदेश**

### 2017 में हुए थे रिटायर

*यह पहला मामला नहीं है, जब जस्टिस माथीवनन के व्यवहार को लेकर सवाल उठे हैं। वह मई 2017 में रिटायर हुए थे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस माथीवनन के एक फैसले को ही खारिज कर दिया था। इसकी वजह यह थी कि माथीवनन के सुनाए फैसले की विस्तृत कॉपी वेबसाइट पर उनके रिटायरमेंट के 5 महीने बाद अपलोड की गई थी। आज अदालत को यह जानकारी दी गई कि मौजूदा केस के अलावा जस्टिस माथीवनन के करीब 9 ऐसे फैसले रहे हैं, जो उनके रिटायरमेंट के बाद अपलोड किए गए।*

**यूक्रेन पर रूस ने बरपाया कहर**

# एक ही शहर पर दो बैलिस्टिक मिसाइल अटैक, 41 की मौत

एजेंसी ▶▶| कीव

रूस-यूक्रेन जंग लगातार भीषण रूप लेता जा रहा है। इसे बीच रूसी सेना ने यूक्रेन के पोल्तवा शहर पर दो-दो बैलिस्टिक मिसाइल से हमला बोलकर कोहराम मचा दिया है। इस हमले में 41 लोगों की मौत हो गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडोमीर जेलेंस्की ने कहा कि देश के मध्य भाग में किए गए एक रूसी हमले में कम से कम 41 लोग मारे गए और 180 घायल हो गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मलबे में कई लोग दबे हो सकते हैं,



इसलिए खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है और कई लोगों को बचाया भी गया है। सोशल मीडिया वेबसाइट एक्स पर लिखते हुए राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने कहा, "मुझे पोल्तावा में रूसी हमले की प्रारंभिक जानकारी मिली है।

### अस्पताल को बनाया निशाना

यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रूस ने दो बैलिस्टिक मिसाइलों से एक अस्पताल और एक शैक्षणिक संस्थान को निशाना बनाया है इससे संस्थान की एक इमारत आंशिक रूप से नष्ट हो गई है। इसके साथ ही बयान में कहा गया है कि अलार्म और घातक मिसाइलों के हमले के बीच का वक्त इतना कम था कि लोग बम शेल्टर के बाहर ही इसकी चपेट में आ गए। इस वजह से हताहतों की संख्या ज्यादा है।

# नेटफ्लिक्स ने सुधारी गलती, अब हाइजैकर्स के असली नाम

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स ने विवादित सीरीज 'आईसी-814: द कंधार हाईजैक' में मंगलवार बदलाव कर दिए। अब सीरीज के ओपनिंग डिस्क्लेमर में ही हाईजैकर्स के रियल और कोड नाम दिखेंगे। 'आईसी-814: द कंधार हाईजैक' में आतंकियों के हिंदू नामों पर विवाद था और इसे बैन करने की मांग की गई थी। इस पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने नेटफ्लिक्स को नोटिस भेजकर सफाई मांगी। इसके बाद मंगलवार को नेटफ्लिक्स की इंडिया कंटेंट हेड मोनिका शेरगिल मंत्रालय पहुंचीं।



'कंटेन्ट एट नेटफ्लिक्स इंडिया' की उपाध्यक्ष (कंटेंट) मोनिका शेरगिल ने कहा, 1999 में इंडियन एयरलाइंस की उड़ान 814 के अपहरण से अनजान दर्शकों के लिए, शुरुआती डिस्कलेमर को अपडेट किया गया है ताकि अपहरणकर्ताओं के वास्तविक और कोड नाम शामिल किए जा सकें।

### ये थी आपत्ति

- दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका में कहा गया, फिल्म मेकर पर तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप
- सीरीज में आतंकवादियों के हिंदू नाम दिखाए गए हैं, जिनमें भगवान शिव के अन्य नाम 'भोला' और 'शंकर' शामिल हैं
- भाजपा बोली-डायरेक्टर अनुभव सिन्हा ने गलत काम को छिपाने के लिए वामपंथियों के एजेंडे का सहारा लिया

डॉ.वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट)®
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

## साथी एस्ट्रोनॉट ने नासा को किया अलर्ट

# विलियम्स के स्पेसक्राफ्ट स्टार लाइनर से आ रहीं अजीब आवाजें



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

जिस बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल में बैठ सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में गई थीं, वह 'अजीब आवाज' कर रहा है। उनके साथी एस्ट्रोनॉट बैरी 'बुच' विल्मोर ने नासा के मिशन कंट्रोल को मेसेज भेजा है। विल्मोर ने कहा, 'मुझे स्टारलाइनर के बारे में एक सवाल पूछना है। स्पीकर से एक अजीब सी आवाज आ रही है। मुझे नहीं पता कि यह आवाज किस वजह से आ रही है।

31 अगस्त को 'बुच' विल्मोर ने स्पेसक्राफ्ट से आती अजीब आवाज सुनी। इसके बाद, विल्मोर ने स्पीकर के पास एक डिवाइस लगाया, जिससे मिशन कंट्रोल को नियमित अंतराल पर होने वाली आवाज सुनाई देती है। मिशन कंट्रोल ने इस आवाज की तुलना 'स्पंदनशील शोर से की है, जो लगभग सोनार पिंग जैसा है। विल्मोर और कंट्रोल सेंटर के बीच हुई बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर शेयर की गई है। मिशन कंट्रोल ने विल्मोर को बताया कि रिकॉर्डिंग टीम को दे दी जाएगी और वे बताएंगे कि उन्हें क्या मिला है।

### जून में गए थे स्पेस स्टेशन

सुनीता और बैरी, दोनों जून की शुरुआत में स्टारलाइनर में सवार होकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) गए थे। बोइंग का स्टारलाइनर कैप्सूल अब भी आईएसएस से डॉक्ड है। स्टारलाइनर को 05 जून, 2024 को लॉन्च किया गया था। मिशन को 10 दिन के भीतर पूरा हो जाना था लेकिन स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी गड़बड़ियां आती गईं. नासा ने घोषणा की कि दोनों अंतरिक्ष यात्री फरवरी 2025 में स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल में सवार होकर पृथ्वी पर लौटेंगे। इस बीच, बोइंग कैप्सूल बिना चालक दल के पृथ्वी पर वापस आएगा।

हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर
9644099925
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंकोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

रायपुर
बुधवार, 4 सितंबर 2024
भद्रपद शुक्ल पक्ष द्वितीया
वर्ष : 23, अंक : 48
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 33.3
न्यून. 25.6

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

03 'कॉल मी बे' का दूसरा गाना 'चुराइयां' रिलीज



विचार पेज
02 संघ बैठक का संदेश : राष्ट्र प्रथम

# रहस्यमय गुमशुदगी... कहां चली गई लाखों की पुस्तकें? पहेलीनुमा रिपोर्ट, खामोश प्रबंधन और वारिस लाचार

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राजधानी के सबसे प्रतिष्ठित महाविद्यालय साइंस कॉलेज में रहस्यमयी ढंग से लाखों की किताबें गायब हो गई हैं। रसायन शास्त्र विभाग की ये किताबें बीते कई महीने से गुम हो चुकी हैं, लेकिन अब तक यह ही पता नहीं चल पाया है कि ये किताबें आखिर कहां गई हैं। रिपोर्ट में उस प्राध्यापक पर दोष मढ़ दिया गया है, जिनके पास कभी लाइब्रेरी का प्रभार रहा ही नहीं। महीनों की मशक्कत के बाद भी अब तक यह पता ▶▶|शेष पेज 4 पर

### ऐसे सामने आया मामला

रसायनशास्त्र के प्राध्यापक रह चुके डॉ.जीएल मूंधड़ा ने साइंस कॉलेज के साथ ही रविवि अध्ययनशाला में भी अपनी सेवाएं दी थीं। कुछ वर्ष पूर्व उनकी मृत्यु हो गई। उनकी बरसी पर उनके पुत्र मनीष मूंधड़ा ने पिता द्वारा दान की गई किताबों के लिए अलमारी दान करने का निर्णय किया। इसके लिए जब महाविद्यालय प्रबंधन से संपर्क किया गया तो किताबें उपलब्ध ना होने की बात सामने आई। इसके बाद ▶▶|शेष पेज 4 पर

### साइंस कॉलेज के रसायन शास्त्र विभाग को दान की गई थीं लाखों की किताबें

- पूर्व प्राचार्य ने बैठायी थी जांच कमेटी, रिपोर्ट में वो प्राध्यापक दोषी जिनको कभी प्रभार ही नहीं मिला



### फाइल मंगवाई है

पूर्व प्राचार्य द्वारा जांच कमेटी बैठाई गई थी। मैंने फाइल मंगवाई है। नियमानुसार जो भी कार्रवाई संभव होगी, करेंगे।
- डॉ. एके मिश्रा, प्राचार्य साइंस कॉलेज

### यह है रिपोर्ट में

कुछ माह पूर्व यह मामला सामने आया था। तत्कालीन प्राचार्य ने कमेटी बैठायी थी। रसायनशास्त्र विभाग की एक महिला प्राध्यापक को आरोपी मानते हुए कमेटी ने कहा है कि रसायन शास्त्र विभाग की किताबों का प्रभार उक्त महिला प्राध्यापक के पास था, जबकि अधिकारिक तौर पर इसका आदेश जारी ही नहीं हुआ था। इसके बावजूद कमेटी ने कहा है कि उनके द्वारा ही किताबें छात्रों को उपलब्ध कराई जाती रही हैं। गौरतलब है कि महाविद्यालय में सामूहिक लाइब्रेरी के अलावा विभाग की भी लाइब्रेरी होती है। यहां से भी छात्रों को किताबें ईश्यू कराई जाती हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

# प. बंगाल में 'अपराजिता बिल' पास, रेप पीड़िता की मौत पर दोषी को मृत्युदंड!

*कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों और सीबीआई जांच को लेकर प. बंगाल की ममता सरकार चौतरफा घिरी हुई है। इस बीच, ममता सरकार 'अपराजिता बिल' लेकर आई। इसे मंगलवार को भारी हंगामे के बीच विधानसभा में पारित कर दिया गया। इस बिल में कठोर सजा का प्रावधान है। रेप पीड़िता की मौत या कोमा में जाने की स्थिति में दोषी को मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा द्वारा शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों का इस्तीफा मांगा, जो महिलाओं की रक्षा के लिए प्रभावी कानून लागू नहीं कर पाए हैं। 'अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) 2024' पेश किए जाने के बाद ममता ने विधानसभा में कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य त्वरित जांच, त्वरित न्याय प्रदान करना और दोषी की सजा बढ़ाना है। सदन में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायकों ने आरजी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 1 दुष्कर्म की सजा

**बीएनएस :** धारा 64 में दुष्कर्म की सजा का प्रावधान है। इसमें कम से कम 10 साल की सजा का प्रावधान है, जिसे उम्रकैद तक बढ़ाया जा सकता है।

**बंगाल का बिल :** ऐसे मामलों में कोर्ट दोषी को जिंदगीभर तक की जेल की सजा भी सुना सकती हैं। फांसी की सजा और जुर्माने का प्रावधान भी है।

### 2 रेप के बाद मर्डर की सजा

**बीएनएस :** धारा 66 के तहत, अगर रेप के बाद पीड़िता की मौत हो जाती है या वो कोमा जैसी स्थिति में पहुंच जाती है तो कम से कम 20 साल सजा या उम्रकैद या मृत्युदंड।

**बंगाल का बिल :** ऐसे मामलों में दोषी को मौत की सजा सुनाई जाएगी। जुर्माना भी लगाया जाएगा।

### कोलकाता की घटना के विरोध में प्रदर्शन



### 3 गैंगरेप पर सजा

**बीएनएस :** धारा 70(1) कहती है कि अगर किसी महिला के साथ गैंगरेप होता है तो सभी दोषियों को कम से कम 20 साल की सजा होगी।

**बंगाल का बिल :** गैंगरेप के मामलों में सभी दोषियों को कम से कम उम्रकैद की सजा होगी। दोषी जिंदा रहते जेल से बाहर नहीं आ सकेंगे।

### भाजपा बोली- ध्यान भटकाने

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म व हत्या मामले में जनता के गुस्से और विरोध से ध्यान भटकाने के लिए नया दुष्कर्म रोधी विधेयक पेश किया है। विधेयक पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हम नये विधेयक का पूरा समर्थन करेंगे और इसे पारित कराये जाने के लिए वोटिंग की मांग नहीं करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि, राज्य सरकार महिलाओं से दुष्कर्म और यौन शोषण की घटनाओं को रोकने में विफल रही है।



### संदीप घोष पर हमला, शख्स ने जड़ा थप्पड़

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के प्रिंसिपल रहे संदीप घोष पर उग्र भीड़ ने हमला बोल दिया। कोर्ट से बाहर निकलते समय एक व्यक्ति ने उनके सिर पर जोरदार थप्पड़ मार दिया। वो सीआरपीएफ और कोलकाता पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच मौजूद थे। उनको देखते ही लोग गंदी-गंदी गालियां देने लगे. चोर-चोर के नारे लगाने लगे।

# अब हैदराबाद जाना होगा मुश्किल, 11 ट्रेनें रद्द

## आखिरी हफ्ते तक प्रभावित रहेगा परिचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सितंबर शुरू होते ही रेलवे ने महीनेभर में रद्द होने वाली ट्रेनों का आदेश जारी कर दिया है। मंगलवार को दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल के अंतर्गत विजयवाड़ा के मध्य नई लाइन कमीशनिंग के लिए प्री-एनआई व एनआई का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण 11 ट्रेनें रद्द रहेंगी। चार दिन के भीतर रेलवे ने सितंबर के लिए 37 ट्रेनों को रद्द कर दिया है, जिसमें 11 स्पेशल ट्रेन भी शामिल हैं। 11 ट्रेन के रद्द होने से सितंबर अंतिम में हैदराबाद, ▶▶|शेष पेज 4 पर

- चार दिन में 37 ट्रेनें रद्द, इनमें 11 स्पेशल भी शामिल

### यह ट्रेन रहेगी रद्द

- 27 सितंबर व 1, 4 अक्टूबर को 12251 यशवंतपुर–कोरबा वेनगंगा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 29 सितंबर व 03 व 6 अक्टूबर को 12252 कोरबा-यशवंतपुर वेनगंगा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

▶▶|शेष पेज 4 पर

### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियां

- 01 अक्टूबर 17008 दरभंगा – सिकंदराबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया पेद्दपल्ली - निजामाबाद के रास्ते सिकंदराबाद पहुंचेगी।
- 24 सितंबर 07052 रक्सौल – सिकंदराबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया पेद्दपल्ली- निजामाबाद के रास्ते सिकंदराबाद पहुंचेगी।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।



जगदीशपुर थाना क्षेत्र में बड़ागांव रेलवे क्रॉसिंग के पास सोमवार देर रात बहादुर गिरि (35) नामक युवक रेल की पटरी पार कर रहा था। तभी एक तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

### खेत में मिला लापता कांवड़िए का कंकाल

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में जुलाई से लापता एक कांवड़िए का कंकाल छपार में गन्ने के एक खेत में मिला। 30 जुलाई से लापता सतीश त्यागी (60) का कंकाल सोमवार शाम छपार थाना क्षेत्र स्थित गन्ने के खेत में पाया गया। पास ही में उसका बैग और मोबाइल फोन भी मिला।



### डेढ़ करोड़ की लूट के तीन आरोपी धरे गए

**सुलतानपुर।** यूपी में सुलतानपुर जिले में सर्राफा व्यवसायी की दुकान से करीब डेढ़ करोड़ रुपए के जेवरात की लूट के आरोपी तीन बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में तीनों लुटेरों के साथ-साथ एक सिपाही भी गोली लगने से घायल हो गया।



### स्कूल में पानी पीने से छात्रा मृत, नौ छात्राएं बीमार

**नालंदा।** बिहार में नालंदा जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कथित तौर पर दूषित पानी पीने से एक लड़की की मौत हो गई। कम से कम नौ छात्राएं बीमार पड़ गईं। जिस लड़की की मौत हुई है, वह स्कूल की छात्रा नहीं थी। वह स्कूल में अपनी सहेलियों से मिलने आई थी।



# अपनी जमीन बचाने 80 किमी पैदल चलकर आए आदिवासी






- 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 76 गांव के हजारों ग्रामीण पहुंचे ब्लॉक मुख्यालय, सौंपा ज्ञापन, 90 के दशक में भी हुआ था विरोध

## जान देंगे पर जमीन नहीं, आदिवासियों को विकास के नाम पर विस्थापित नहीं होने देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

खास खबर

सेंड्रा इलाके के 76 गांव के हजारों ग्रामीण 5 सूत्रीय मांगों को लेकर आज ब्लॉक मुख्यालय पहुंच एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सेंड्रा इलाके के केरपे, सप्पीमरका, कानलापर्ती, बड़ेकाकलेड, छोटेकाकलेट, पीलूर, एडापल्ली, दुड़ेपल्ली, पुसगुंडी, चेरपल्ली सहित 76 गांव के हजारों ग्रामीण मंगलवार को 80 किमी पैदल चलकर ब्लॉक मुख्यालय में प्रदर्शन करने पहुंचे। ▶▶|शेष पेज 4 पर



### 90 के दशक में एक माह तक हुआ था विरोध

विस्थापन के विरोध में 1995-96 में भी सेंड्रा इलाके के हजारों ग्रामीणों नें ब्लॉक मुख्यालय में आकर 1 महीने तक विरोध प्रदर्शन किया था। तब विस्थापन की प्रक्रिया थम गई थी, फिर दुबारा पूर्णवास की खबर के बाद ग्रामीण सचेत हो गए है।

### कार्पोरेट को जमीन देना मंजूर नहीं

इन्द्रावती टाइगर रिजर्व कोर क्षेत्र के 76 गांव का विस्थापन, पुनर्वास नहीं किया जाए। पांचवीं छठवीं अनूसूची पेशा कानून का पूर्णतः पालन करते हुए कार्पोरेट को जमीन देना बंद किया जाए, जान देंगे पर जमीन नहीं। आदिवासियों को विकास के नाम पर विस्थापन करना बंद करो, जल जंगल जमीन परंपरा पर निर्भर रह कर निवासरत पुरखों ने पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए बचेली से गढ़चिरौली रेल मार्ग प्रस्ताव रद्द किया जाए।

## सीवीसी रिपोर्ट : सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ करीब 74,203 शिकायतें

# भ्रष्टाचार की शिकायतों में रेलवे अव्वल !

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भ्रष्टाचार रोधी निगरानी संस्था केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल भ्रष्टाचार की सबसे अधिक शिकायतें रेलवे कर्मचारियों के खिलाफ की गईं। इसके बाद दिल्ली के स्थानीय निकायों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के खिलाफ शिकायतें मिलीं। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में सभी श्रेणी के अधिकारियों/ ▶▶|शेष पेज 4 पर

### इन विभागों की इतनी शिकायतें

| | | |
|---|---|---|
| रक्षा मंत्रालय | - | 1861 |
| केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड | - | 1828 |
| दूरसंचार | - | 1457 |
| केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड | - | 1,205 |
| बीमा कंपनी | - | 960 |
| ऊर्जा मंत्रालय | - | 930 |
| खाद्य विभाग | - | 929 |
| पेंशन मंत्रालय | - | 889 |




**बैंकों का ऐसा हाल :** पिछले साल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की 7,004 शिकायतें मिलीं। इनमें से 6,667 का निस्तारण कर दिया गया और 337 लंबित हैं। दिल्ली सरकार के कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की 6,638 शिकायतों में से 6,246 का निपटारा हो गया।

### रेलवे कर्मचारियों की 10,447 शिकायतें

रिपोर्ट में कहा गया है कि रेलवे कर्मचारियों के खिलाफ मिली कुल शिकायतों में से 9,881 का निपटारा कर दिया गया और 566 लंबित हैं। दिल्ली में स्थानीय निकायों के खिलाफ शिकायतों की जानकारियां देते हुए इसमें कहा गया है कि कुल शिकायतों में से 7,278 का निपटारा कर दिया गया और 387 शिकायतें लंबित हैं।



FOR MORE DETAILS CONTACT
8896796788, 88897 22225
MAIN CAMPUS : KNOWLEDGE VILLAGE NARDAHA, NEAR VIDHAN SABHA, RAIPUR
CITY CAMPUS: DAGA BUILDING, NEAR RAJ BHAVAN, CIVIL LINE, RAIPUR
SCAN QR CODE FOR MORE INFORMATION

## चिंतन

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस जरूरी

देश में भ्रष्टाचार की जड़ें अभी भी गहरी हैं। आजादी के बाद से ही नौकरशाही व राजनीतिक सत्ता में भ्रष्टाचार पल्लवित-पोषित होता है। वर्ष 2014 में केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार भ्रष्टाचार खत्म करने के संकल्प के साथ सत्ता में आई, 76वें स्वतंत्रा दिवस (2022) पर भी लाल किले की प्राचीर से पीएम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ त्वरित एक्शन का आह्वान किया। इस आह्वान से साफ था कि उनके आठ वर्ष के कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर अपेक्षा के अनुरूप लगाम नहीं लग सकी। वर्ष 2023 में आई ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक, भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत 180 देशों मंन से 93वें स्थान पर था। अब वर्ष 2024 के सितंबर में भ्रष्टाचार रोधी निगरानी संस्था केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल भ्रष्टाचार की सबसे अधिक शिकायतें रेलवे कर्मचारियों के खिलाफ की गईं और इसके बाद दिल्ली के स्थानीय निकायों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के खिलाफ शिकायतें मिलीं। 2023 में सभी श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की कुल 74,203 शिकायतें मिलीं, ये वो हैं, जो रिपोर्टेड हैं, करप्शन के अनेक मामले प्रकाश में ही नहीं आते। इन आंकड़ों से साफ है कि सरकारी सख्ती व कानूनी सख्ती के बावजूद भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग सका है। यह सरकार की नीतियों व शासन-प्रशासन की सफलता पर प्रश्नचिन्ह है। कोयला मंत्रालय में भ्रष्टाचार की 4,420, श्रम मंत्रालय में 3,217, पेट्रोलियम मंत्रालय में 2,749 तथा गृह मंत्रालय (दिल्ली पुलिस को छोड़कर) में 2,309 शिकायतें मिलीं। रक्षा मंत्रालय में 1,861 शिकायतें, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड में 1,828 शिकायतें, दूरसंचार में 1,457 शिकायतें और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के कर्मचारियों के खिलाफ 1,205 शिकायतें प्राप्त हुईं। सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों में 960, ऊर्जा मंत्रालय में 930, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण में 929 और कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में 889 शिकायतें थीं। आंकड़े बता रहे हैं कि लगभग सभी मंत्रालयों में भ्रष्टाचार के मामले हैं। देश में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन हुए, कठोर कानून बने, गवर्नेंस के लिए डिजिटल सिस्टम अपनाए गए, पर भ्रष्टाचार खत्म नहीं हो पा रहे हैं। देश के सरकारी सिस्टम में संस्थागत (नीतिगत) और व्यक्तिगत दोनों स्तर पर कदाचार हैं। निजी स्तर पर भी कंपनियों, उत्पादों से लेकर विनिर्माण तक हर स्तर पर भ्रष्टाचार है। इस भ्रष्टाचार के लिए राजनीति व नौकरशाही की मिलीभगत, सरकार में नीतिगत व सिस्टमैटिक पारदर्शिता की कमी, लालफीताशाही के चलते प्रशासनिक देरी, और अप्रभावी कानूनी ढांचे, राजनीतिक हस्तक्षेप, वेतन विसंगतियां, पदासीन लोगों में जिम्मेदारी का अभाव, राष्ट्र प्रथम की भावना व सार्वजनिक नैतिकता का अभाव जिम्मेदार हैं। भ्रष्टाचार का असर नागरिक के जीवन में सार्वजनिक सेवाओं, अर्थवयवस्था से लेकर न्याय पाने और व्यक्तिगत आर्थिकता तक हर स्तर पर पड़ता है। देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तथा लोकपाल व लोकायुक्त अधिनियम, केंद्रीय सतर्कता आयोग जैसे नियामकीय ढांचे हैं। लेकिन भ्रष्टाचार खत्म नहीं हो सका है, तो सरकार को और जवाबदेह व पारदर्शी गवर्नेंस मॉडल पर विचार करना चाहिए। राजनीतिक, प्रशासनिक, पुलिस व न्यायिक सुधार के साथ सरकार व सार्वजनिक जीवन में नैतिक, लीगल व सिस्टमैटिक मानक तय किए जाने चाहिए। भ्रष्टाचार पर जोरी टॉलरेंस जरूरी है।



विमर्श
अवधेश कुमार

# संघ बैठक का संदेश : राष्ट्र प्रथम

आप संघ के समर्थक हों या विरोधी, स्वीकार करना पड़ेगा कि यह कार्य व्यापक स्तर पर कोई कर रहा है तो संघ और उसके विचार प्रेरित संगठन ही। महिलाओं और बच्चियों के विरुद्ध यौन दुराचार पर सभी प्रतिनिधियों द्वारा त्वरित और समयबद्ध न्याय की आवश्यकता पर आम सहमति थी और कहा गया कि कानूनी तंत्र और सरकार को प्रोएक्टिव, सजग और सक्रिय रहने के साथ आवश्यकता होने पर कानूनी ढांचे को मजबूत करना चाहिए। उम्मीद करनी चाहिए कि समन्वय बैठक से इस दिशा में निश्चित कार्यक्रम एवं सरकारों के लिए सुझाव आए होंगे जिन पर अमल होगा। प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि हमारे काम का एक ही मूल सिद्धांत है, राष्ट्र प्रथम।

केरल के पलक्कड़ में 31 अगस्त से 2 सितंबर तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक से निकले संदेश कई अर्थों में महत्वपूर्ण हैं। संघ की अखिल भारतीय बैठकों पर देश और भारत में रुचि रखने वाले विदेश की भी दृष्टि रहती है। इस समय भारत के अंदर और पड़ोस में कुछ ऐसी गतिविधियां हो रही हैं जिनके संदर्भ में बहुत बड़ी संख्या में सक्रिय और आम लोग भी जानने को उत्सुक हैं कि इन पर संघ का मंतव्य क्या है और वह क्या कर रहा है। चूंकि यह संघ से जुड़े मोटा-मोटी सभी संगठनों की वार्षिक बैठक थी तो यहां के स्वर और निर्णय का महत्व है। विरोधियों और राजनीतिक दृष्टि से सोचने वालों को छोड़ दीजिए तो संघ पर निष्पक्ष अध्ययन करने वाले मानते हैं कि जो भी निर्णय या भविष्य के कार्यक्रमों की रूपरेखा बनती है वह सभी संबंधित संगठनों के लिए होता है और सभी उसी तरह काम करते हैं जैसे परिवार के सदस्य। पिछले कुछ महीने में भाजपा और संघ के संबंधों पर कई ऐसे संकेत और वक्तव्य आए जिनसे लगता था कि परस्पर संवाद, सहयोग या समन्वय की कमी है। इनमें भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का वह बयान अभी तक चर्चा में है कि भाजपा उस दौर से काफी आगे बढ़ चुकी है जब उसे संघ की आवश्यकता थी और अब वह अपना कार्य स्वयं संभालने में सक्षम है।

लोकसभा चुनाव परिणाम भाजपा और उनके समर्थकों के उम्मीद के अनुरूप नहीं रहने के कारण भी अनेक अटकलें और टिप्पणियां सामने आ रही थी। राजनीति और सत्ता की ताकत सबसे बड़ी दिखती है इसलिए सामान्य मानस प्रत्येक विषय को इसी के इर्द-गिर्द देखता है। हालांकि सच यही है कि संघ से जुड़े या उसकी प्रेरणा से काम करने वाले अन्य संगठनों की तरह राजनीति में भाजपा भी एक है। सत्ता के पास सर्वाधिक निर्णयकारी शक्तियां है इसलिए उसके महत्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। आप देखेंगे कि वहां भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन मंत्री बीएल संतोष की उपस्थिति मीडिया में सबसे ज्यादा चर्चा का विषय रहा। बैठक में जानकारी देने वाले प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर के वक्तव्यों में अपनी ओर से भाजपा पर कुछ न कहना बताता है कि भाजपा पर विशेष फोकस नहीं था। प्रश्न है कि समन्वय बैठक में हुए विमर्शों , भाषणों या वक्तव्यों तथा निर्णयों को किस रूप में देखा जाए? सुनील आंबेकर ने बताया कि हमारे काम का एक ही मूल सिद्धांत है, राष्ट्र प्रथम। संघ अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष 2026 की ओर बढ़ रहा है और इस दृष्टि से कुछ कार्यक्रम तय किए इनमें पांच संकल्प प्रमुख हैं, जिनके आधार पर संघ राष्ट्रव्यापी सामाजिक परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ने की घोषणा कर चुका है। केरल में बैठक है तो वायनाड भूस्खलन और त्रासदी का विवरण एवं स्वयंसेवकों का समाज के साथ मिलकर किए गए राहत व पुनर्वास कार्यों का चित्र और आगे की योजनाएं भी सामने रखी गई। इसी तरह महिलाओं और बच्चियों के साथ दुराचार, बांग्लादेश में हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा, वक्फ विधेयक,समान नागरिक संहिता आदि।

पूरे देश को हिलाने वाला पश्चिम बंगाल का घटनाक्रम गहन चर्चा में न आये, ऐसा हो नहीं सकता।




संघ अनेक वर्षों से सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे लाने, उन्हें स्वावलंबी बनाने तथा उनकी भागीदारी बढ़ाते हुए सामाजिक एकता और परिवर्तन पर काम कर रहा है। परिवार को सशक्त करते हुए भारत के सामाजिक आधार को मजबूत करना है तो महिलाओं के अंदर चेतना, आत्मविश्वास तथा उन्हें अधिकाधिक आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना होगा। इस दृष्टि से संघ सामाजिक परिवर्तन लक्ष्य को आगे बढ़ा रहा है। अहिल्याबाई की त्रिशताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की चर्चा और जनजाति महारानी रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती को व्यापक रूप से मनाने का निर्णय हुआ जिसकी पहल वनवासी कल्याण आश्रम करेगा। जरा सोचिए, दिन-रात दलितों, आदिवासियों की बात करने वाले संगठनों, राजनीतिक दलों और नेताओं ने कभी अहिल्याबाई या रानी दुर्गावती के बारे में चर्चा भी की?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और भाजपा की राज्य सरकारों ने पिछले वर्षों में जनजातियों के बीच के राजाओं, महापुरुषों, महारानियों तथा वीरांगनाओं या समाज में योगदान देने वाली महिलाओं-पुरुषों को जिस तरह महिमामंडित कर उनको आगे लाया है, वह पहले नहीं देखा गया। गहराई से देखेंगे तो यह लंबे समय संघ की विचारधारा से मिली प्रेरणा और काम करने वाले संगठनों के समन्वय की ही परिणति है। जिस तरह इस समय भारत को जाति और समुदाय के नाम पर खंडित करने का राष्ट्रीय - अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र चल रहा है उनमें केवल उनका प्रतिवाद करने की जगह समाज में सकारात्मक काम करने की आवश्यकता है।

आप संघ के समर्थक हों या विरोधी, स्वीकार करना पड़ेगा कि यह कार्य व्यापक स्तर पर कोई कर रहा है तो संघ और उसके विचार प्रेरित संगठन ही। महिलाओं और बच्चियों के विरुद्ध यौन दुराचार पर सभी प्रतिनिधियों द्वारा त्वरित और समयबद्ध न्याय की आवश्यकता पर आम सहमति थी और कहा गया कि कानूनी तंत्र और सरकार को प्रोएक्टिव, सजग और सक्रिय रहने के साथ आवश्यकता होने पर कानूनी ढांचे को मजबूत करना चाहिए। उम्मीद करनी चाहिए कि समन्वय बैठक से इस दिशा में निश्चित कार्यक्रम एवं सरकारों के लिए सुझाव आए होंगे जिन पर अमल होगा। बंगाल में राष्ट्रपति शासन पर संघ का मत अलग है। संघ के अनुसार विषय सरकार का है पर यह बहुत लोकतांत्रिक तरीका नहीं है। हालांकि यह भी कहा गया कि किसी भी लोकतांत्रिक सरकार को कानून के अनुसार शासन करने और जनता की शिकायतों का समाधान करने के लिए जनता के प्रति जवाब दिए होना चाहिए। पश्चिम बंगाल सरकार क्या इस तरह का व्यवहार करने वाली है?

जाति जनगणना के मुद्दे को राजनीतिक दलों ने जिस उग्रता से सामने रखा है उससे समाज में भ्रम और तनाव दोनों बढ़ा है। प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर के वक्तव्य का मुख्य स्वर यही था कि संघ समाज के पिछड़ों, वंचितों आदि को मुख्यधारा में लाने के लिए आरक्षण सहित हर प्रकार के उपायों का समर्थन करता है। अर्थ हुआ कि संघ को जनगणना के साथ जाति गणना में कोई समस्या नहीं है। हां,सचेत होकर गणना कराने के साथ पूरी सतर्कता से इसका उपयोग करना होगा। संघ के अनेक समर्थकों और जानकारों के बीच इस पर स्पष्ट दो राय हैं। अधिकतर प्रतिक्रिया यही है कि जाति गणना के खतरों, पूर्व गणना के आंकड़ों की विसंगतियों ,भारत की जातीय जटिलता और समाज की एकता का ध्यान रखते हुए इसके प्रति देश को सचेत करना चाहिए था। अब संघ ने फिर अपना मत स्पष्ट कर दिया है तो ज्यादातर लोग उसके अनुसार आगे प्रभावों व नकारात्मक उपयोग और दुरुपयोग का पूर्व आकलन करते इससे समाज के रक्षा करने के पूर्व उपाय पर काम करेंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## दो टूक
कृष्णमोहन झा



# जातिगत जनगणना के मुद्दे पर संघ का संतुलित दृष्टिकोण

कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दल पिछले कुछ महीनों से जातिगत जनगणना का मुद्दा उछाल कर देशभर में अपने पक्ष में हवा बनाने की जी-तोड़ कोशिश कर रहे हैं। इस मुद्दे पर सत्तारूढ़ राजग की मुखिया भाजपा ने अभी तक अपना कोई स्पष्ट दृष्टिकोण व्यक्त नहीं किया है परन्तु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गत दिनों केरल के पलक्कड़ शहर में संपन्न अपनी अखिल भारतीय समन्वय बैठक में जो महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं उनका निश्चित रूप से स्वागत किया जाना चाहिए। संघ का मानना है कि हिंदू समाज में जाति एक संवेदनशील मुद्दा है। राष्ट्रीय एकता और अखंडता की दृष्टि के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए इसे बहुत गंभीरता से लिया जाना चाहिए। यदि आवश्यक हो तो सरकार जातिगत जनगणना करा सकती है लेकिन इस मुद्दे का चुनावी इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। जातिगत जनगणना का उद्देश्य केवल पिछड़े समाज का कल्याण होना चाहिए।

बैठक में संघ का स्पष्ट मत था कि जातीय विभाजन को रोकने का एक मात्र उपाय हिंदुत्व है। गौरतलब है कि देश के विभिन्न स्थानों पर संघ की समय-समय पर होने वाली बैठकों में अखिल भारतीय समन्वय बैठक को विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। केरल के पलक्कड़ में संपन्न हुई यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही थी क्योंकि कुछ समय पूर्व वायनाड में भूस्खलन से जान-माल का भारी नुक़सान हुआ था। बैठक के प्रारंभ में वायनाड हादसे में असमय ही मौत की शिकार हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। बैठक में संघ के स्वयंसेवकों ने वायनाड में चल रहे राहत कार्यों में अपनी सहभागिता की जानकारी साझा की। संघ की इस महत्वपूर्ण बैठक के पहले दिन सरसंघचालक मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले मौजूद थे। इनके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष और महामंत्री, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री सहित संघ के 32 सहयोगी संगठनों के 320 प्रतिनिधियों ने भी बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

लोकसभा चुनावों के बाद तीन महीने बाद संपन्न संघ की इस तीन दिवसीय बैठक में राष्ट्रीय महत्व के जिन विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ, उनकी सारगर्भित जानकारी बैठक की समाप्ति के पश्चात संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रभारी सुनील आंबेकर ने एक पत्रकार वार्ता में प्रदान की। सुनील आंबेकर ने बताया कि बैठक में कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ रेप और उसके बाद उसकी हत्या की घटना की निंदा करते हुए उसकी जांच और न्याय प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सरकारी मशीनरी, तंत्र की सक्रियता पर बल दिया गया। संघ की बैठक में कोलकाता कांड जैसी घटनाओं को रोकने के पांच तरह के उपाय किए जाने पर बल दिया गया। इनमें फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर त्वरित न्याय, सामाजिक जागरूकता, बचपन से बच्चों में उत्तम संस्कार, शिक्षा व्यवस्था और आत्म रक्षा का प्रशिक्षण शामिल है।

बैठक में इस विषय से जुड़े विचार-विमर्श में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर परोसी जाने वाली सामग्री की कड़ी निगरानी की जानी चाहिए ताकि वे अश्लीलता न परोस सकें। इसमें दो राय नहीं हो सकती कि कोलकाता कांड जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को रोकने में संघ द्वारा सुझाए गए उपाय महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। संघ की समन्वय बैठक में बांग्ला देश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार से बांग्ला देश सरकार के साथ बातचीत करने का आग्रह किया गया। बैठक में बांग्ला देश की ताज़ा स्थिति के बारे में विस्तृत रिपोर्ट भी पेश की गई। संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रभारी ने बताया कि बैठक में पंच परिवर्तन संकल्प के रूप में नागरिक कर्तव्य, कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय स्वत्व देशव्यापी परिवर्तन अभियान चलाने का संकल्प लिया गया। संघ की प्रति वर्ष होने वाली बैठकों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जाने वाली समन्वय समिति की यह बैठक इस बार चूंकि लोकसभा चुनावों के बाद आयोजित की गई थी इसलिए जब पत्रकारों ने सुनील आंबेकर से संघ और भाजपा के बीच विगत दिनों उभरे कथित मतभेद के बारे में प्रश्न किया तो उन्होंने इसे पारिवारिक मामला बताते हुए कहा कि हम इसे परिवार के अंदर ही सुलझा लेंगे। बैठक में संघ के शताब्दी आयोजनों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

(लेखक राजनैतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित
दर्शन

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता। हमारा चिंतन गुणों की ओर केंद्रित रहना चाहिए।

## जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित
प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहां गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घंटे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहां से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अब तक तो वे चले गए होंगे फिर भी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुंचे। घर पहुंचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हथकरघा को और बढ़ावा मिले

वर्ष 1905 में जब अंग्रेजी शासक लार्ड कर्जन ने बंगाल विभाजन की कोशिश की, तो उसी समय कोलकाता के टाउनहॉल में हमारे देश के लोगों ने स्वदेशी आंदोलन का श्रीगणेश किया था। हथकरघा हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति की एक पहचान भी है। इनमें हमारे देश के इतिहास की झलक देखने को मिलती है। केंद्र सरकार देश में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 अगस्त 2015 को इस दिवस को मनाने का ऐलान किया था, ताकि देश में हथकरघा उत्पादों और इसके जरिए रोजी-रोटी चलाने वाले लोगों को प्रोत्साहित किया जाए। देश में हथकरघा को और बढ़ावा देने की जरूरत है।

*– मयंक जोशी, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### प्रतिष्ठित पुलिस अधिकारी



हमारे देश के सबसे प्रतिष्ठित पुलिस अधिकारियों में से एक, श्री प्रकाश सिंह जी से मिलना वास्तव में अद्भुत था। भारत के सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के प्रति उनका जुनून उल्लेखनीय है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### देश में भय का राज



नफरत को राजनीतिक हथियार बनाकर सत्ता की सीढ़ी चढ़ने वाले देशभर में भय का राज स्थापित कर रहे हैं। भीड़ की शक्ल में छिपे हुए नफरती तत्व कानून को चुनौती देते हुए खुलेआम हिंसा फैला रहे हैं। भाजपा सरकार से इनको खुली छूट मिली है, इसीलिए उनमें इतना साहस पैदा हुआ है।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### विजेताओं को बधाई



कल पेरिस पैरालिंपिक में हमारा दिन कितना ऐतिहासिक था। उन सभी विजेताओं को बधाई जिन्होंने भारतीय ध्वज को ऊंचा फहराया, जिससे यह पैरालिंपिक में भारत के लिए अब तक का सबसे यादगार दिन बन गया। -सचिन, पूर्व क्रिकेटर

### पसंदीदा दोस्त चाहिए



मेरी त्वचा की देखभाल ने मुझे इतना कुछ सिखाया है कि अब मैं ऐसे दोस्त चाहती हूं जो विषैले न हों और मुझे अंदर से ठीक कर सकें... बिल्कुल मेरे पसंदीदा स्किनकेयर उत्पादों की तरह।
-सेलिना जेटली, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# श्रीलंका में दाह संस्कार के अधिकार की गारंटी मिली

श्रीलंका में एक ऐसे विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी गयी है जो हर व्यक्ति को यह फैसला करने का अधिकार प्रदान करेगा कि उसके शव को दफनाया जाए या जलाया जाए। मंगलवार को मंत्रिमंडल के एक नोट से यह जानकारी सामने आयी। वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान जबरन दाह संस्कार से देश के नौ प्रतिशत मुस्लिम अल्पसंख्यकों में काफी नाराजगी फैल गयी थी। 'दफन एवं दाह संस्कार अधिकार विधेयक' के माध्यम से अल्पसंख्यकों की नाराजगी दूर करने की चेष्टा की गयी है। नोट में कहा गया है, 'यह निर्णय लेने का अधिकार मृत व्यक्ति के निकटतम रिश्तेदार को होगा कि उसके शव को दफनाया जाए या उसका दाह संस्कार किया जाए।' सोमवार को इस विधेयक को मंजूरी दी गयी थी। उसके बाद न्याय मंत्री एम यू एम अली सबरी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मंत्रिपरिषद ने 'दफ़न और दाह संस्कार अधिकार विधेयक' को पारित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को मंजूरी दे दी, यह एक ऐसा प्रस्ताव है, जिसका मैंने दृढ़ता से समर्थन किया था।' कोविड-19 महामारी के दौरान, 2020 और 2021 में, तत्कालीन सरकार द्वारा नियुक्त की गयी एक विशेषज्ञ समिति ने फैसला किया था कि अगर वायरस से मरने वाले मरीजों के शवों को दफनाने की अनुमति दी जाती है।



## ऑफ बीट

# सोने के बड़े टुकड़े कैसे तैयार होते हैं?



सोने के प्रति मानव जाति का आकर्षण हजारों साल पुराना है। प्राचीन यूनानी और रोमन दस्तावेज में सोने के खनन का जिक्र किया गया है। सोना पाने की चाह ने आधुनिक दुनिया को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, खासतौर पर 19वीं शताब्दी में। यह ठोस, पीली धातु ज्यादातर चट्टानी खनिज क्वाट्र्ज की 'शिराओं' में पाई जाती है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि तापमान, दबाव और रसायन विज्ञान में परिवर्तन के कारण दोनों (सोना और क्वाट्र्ज) भूमिगत गर्म तरल पदार्थों से एक साथ संघनित हो जाते हैं। भूविज्ञानी इस प्रक्रिया को अच्छी तरह से समझते हैं, लेकिन सोने के बड़े टुकड़े कैसे तैयार होते हैं, यह अब भी रहस्य का सबब बना हुआ है। सोना प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले तरल पदार्थों में प्रति दस लाख में केवल एक भाग की दर से घुलता है, तो यह दसियों या यहां तक कि सैकड़ों किलोग्राम वजन वाले टुकड़ों में कैसे समा जाता है 'नेचर जियोसाइंस' पत्रिका में मंगलवार को प्रकाशित हमारे अनुसंधान के मुताबिक, उक्त सवाल का जवाब संभवत: क्वाट्र्ज के असमान्य विद्युत गुणों में, और भूकंप के दौरान उस पर पड़ने वाले दबाव में छिपा हुआ है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
बी एस सी नर्सिंग [60 Seats]
डिप्लोमा इन फार्मेसी [60 Seats]
महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड, जिला -दुर्ग
9131880895, 8319870997
6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर
83700 77700, 7024125200

# अक्षय की फिल्म 'स्काई फोर्स' हुई पोस्टपोन...

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार के करियर का इस समय डाउनफॉल आया हुआ है। उनकी जो भी फिल्म रिलीज हो रही है वो बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं दिखा पा रही है। हर फिल्म बुरी तरह से फ्लॉप हो रही है। अक्षय की आखिरी हिट फिल्म ओएमजी 2 है। इसके बाद से उनकी जो भी फिल्म आई है वो फ्लॉप ही साबित हुई है। बैक टू बैक फ्लॉप फिल्में देने की वजह से अक्षय की इस फिल्म की रिलीजिंग को पोस्टपोन कर दिया गया है। उनकी फिल्म स्काई फोर्स अगले साल रिलीज होगी।

## लाइफ Style

# अनन्या

## 'कॉल मी बे' का दूसरा गाना 'चुराइयां' रिलीज

वीडियो की शुरुआत अनन्या पांडे की भावुकता से होती है, जब उनका किरदार बेला विहान समत के के किरदार अगस्त्य को अपनी शादी की अंगूठी लौटाती है। जब वह अपने ब्रेकअप का शोक मनाती है तो वह अपने प्यार भरे पलों को याद करती है, जिसमें उनकी पहली मुलाकात, रोमांटिक डांस, प्रपोजल और साथ ही उनके झगड़े भी शामिल हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनन्या पांडे अभिनीत बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज कॉल मी बे की रिलीज में बस तीन दिन बचे हैं। पहले गाने के रिलीज होने के बाद एल्बम से एक और ट्रैक 'चुराइयां' रिलीज कर दिया गया है। गाने में अनन्या विहान समत के साथ अपने ब्रेकअप पर दुखी नजर आ रही हैं और वीडियो में रियल लाइफ कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी के वायरल वेडिंग पोज को भी रिक्रिएट किए गया है। यह शो 6 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर आने वाला है। 3 सितंबर मंगलवार को सीरीज कॉल मी बे के दूसरे गाने का म्यूजिक वीडियो मेकर्स द्वारा लॉन्च किया गया। इस गाने का नाम चुराइयां है, जिसे अभिजीत श्रीवास्तव ने कम्पोज किया है। गाने के बोल शायरा अपूर्वा और मुदित चतुर्वेदी ने लिखे हैं। गाने को सुवर्णा तिवारी और मुदित चतुर्वेदी ने अपनी मधुर आवाज दी है। वीडियो की शुरुआत अनन्या पांडे की भावुकता से होती है, जब उनका किरदार बेला विहान समत के के किरदार अगस्त्य को अपनी शादी की अंगूठी लौटाती है। जब वह अपने ब्रेकअप का शोक मनाती है तो वह अपने प्यार भरे पलों को याद करती है, जिसमें उनकी पहली मुलाकात, रोमांटिक डांस, प्रपोजल और साथ ही उनके झगड़े भी शामिल हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# आठ मिनट तक बजती रहीं तालियां

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेत्री एंजेलिना जोली अपनी फिल्म 'मारिया' को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में आठ मिनट तक खड़े होकर तालियां बजाने पर काफी भावुक हो गईं। यह फिल्म ग्रीक ओपेरा गायिका मारिया कैलास की जीवनी पर आधारित है। इसे जल्द ही ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा। फिलहाल एंजेलिना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर वायरल हुए वीडियो में एंजेलिना जोली को इमोशनल होकर अपने आंसू पोंछते हुए देखा जा सकता है, जिसके बाद 'मारिया' को-स्टार पियर फ्रांसेस्को फेविनो ने उन्हें संभाला।



# रेड हल्क की पहली झलक देख हो जाएंगे दीवाने...

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल कॉमिक्स, मार्वल स्टूडियो और एमसीयू (मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स) के दीवानों के लिए करीब तीन मिनट का यह वीडियो बेहद इमोशनल और एक्साइटमेंट से भरा हुआ है। मार्वल ने अपने शानदार 85 साल पूरे होने पर यह वीडियो शेयर किया है। कॉमिक बुक से लेकर बड़े पर्दे पर सुपरहीरोज के फैंस के लिए यह वीडियो पुरानी यादों को ताजा करने वाला है, लेकिन इसके साथ ही इसमें हमें मार्वल की आने वाली फिल्मो की झलक भी देखने को मिलती है। इस वीडियो में रेड हल्क, थंडरबोल्ट्स, डेयरडेविल और आयरनहार्ट की झलक रोमांच बढ़ाने वाली है। साल 1960 के दशक में मार्वल के दिग्गज स्टैन ली और जैक किर्बी ने कॉमिक किताबों की शुरुआत की थी। सुपरहीरोज की दुनिया का एक नया इतिहास शुरू हुआ था।



# करीना ने कहा- मुझे डिटेक्टिव बनना था

**मुंबई।** करीना कपूर की अगली फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' है। इस फिल्म के जरिए वे बतौर प्रोड्यूसर भी शुरुआत कर रही हैं। मंगलवार को इस फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हो चुका है। एक भव्य इवेंट में ट्रेलर जारी किया गया। इस दौरान करीना से लेकर हंसल मेहता और एकता कपूर तक, फिल्म से जुड़ी तमाम हस्तियां मौजूद रहीं। करीना ने बताया कि उन्होंने इस फिल्म यह फिल्म क्यों साइन की? करीना ने फिल्म में काम करने को लेकर कहा, 'मुझे डिटेक्टिव बनना था, इसलिए मैंने इस फिल्म में काम किया'। इसके अलावा करीना ने कहा कि 'कैमरा के सामने आना मेरा पैशन है और यह जारी रहेगा'। 'द बकिंघम मर्डर्स' 13 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'द बकिंघम मर्डर्स' को बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल 2023 और 2023 मुंबई फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया।



# कियारा को दिया ड्रामा क्वीन का टैग

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी अक्सर अपनी तस्वीरों, एयरपोर्ट लुक और अपनी रोजमर्रा की जिंदगी के मजेदार पलों के लिए सुर्खियों में रहते हैं। अब सोशल मीडिया पर सिद्धार्थ का एक पुराना वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अभिनेता ने अपनी पार्टनर कियारा को 'ड्रामा क्वीन' कहा था। मिर्ची प्लस के साथ एक मजेदार रैपिड फायर में अभिनेता से कुछ गानों के बोल संबंधित फिल्म कलाकारों को समर्पित करने के लिए कहा गया, जिनके साथ उनकी सबसे अच्छी दोस्ती है। जब होस्ट ने उनसे 'ये छोरी बड़ी ड्रामा क्वीन है' डेडिकेट करने के लिए कहा तो सिद्धार्थ ने चुटकी लेते हुए कहा, 'कियारा आडवाणी'। इस वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'सिड-कियारा सबसे प्यारे कपल्स में से एक हैं।'

## टीवी मसाला



# अब नहीं आएगा 'आपका अपना जाकिर', चैनल ने भी खींच लिए हाथ

**नई दिल्ली।** जाकिर खान और उनके फैंस को बड़ा झटका लगा है। दरअसल 'आपका अपना जाकिर' शो बंद किया जा रहा है। 10 अगस्त को शुरू हुए इस शो की टीआरपी बहुत खराब रही है, जिसके कारण मेकर्स और चैनल ने भी अब इस शो से अपने हाथ खींच लिए हैं। जब एक महीने पहले जाकिर खान के नए शो 'आपका अपना जाकिर' का ऐलान किया गया था, तो फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं था। इसे टीवी पर 'द कपिल शर्मा शो' का रिप्लेसमेंट माना जा रहा था। पर अब यह शो बंद किया जा रहा है। इसकी वजह है गिरती टीआरपी और रेटिंग। इससे न सिर्फ जाकिर खान, बल्कि उनके फैंस को भी तगड़ा झटका लगा है। हो सकता है कि जो फैंस 'आपका अपना जाकिर' के नए एपिसोड का इंतजार कर रहे थे, शायद वह उन्हें देखने को नहीं मिलेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, शो में बड़े स्टार्स तो काफी आ रहे थे, पर उसमें कुछ भी दिलचस्प या क्रिएटिव लेवल पर खास नहीं था, यही वजह रही कि शो की रेटिंग तेजी से गिर गई और अब इसे संभाल पाना भी मुश्किल हो रहा है।

# ... क्या 'अनुपमा' के सेट पर है नेगेटिविटी? सुधांशु ने खोले राज



**नई दिल्ली।** सुधांशु पांडे अनुपमा सीरियल में वनराज का किरदार निभाकर फेमस हुए हैं। उन्होंने इस शो में नेगेटिव रोल निभाया था। जिसके बाद से लोग उन्हें उनके असली नाम की जगह वनराज के नाम से ही जानते हैं। सुधांशु ने कई सालों तक अनुपमा में काम करने के बाद इस शो को छोड़ दिया है। जैसे ही उन्होंने शो छोड़ने के बारे में बताया है तब से फैंस चौंक गए हैं। शो छोड़ने के बाद सुधांशु ने शो से जुड़े कई राज खोले हैं। उन्होंने कहा- मैं एक ही चीज कहूंगा, मेरी सिनियोरिटी और बाकी चीजों की वजह से मेरे आस-पास ये सब चीज कभी फटकी नहीं। क्योंकि, लोगों की इतनी हिम्मत होती नहीं है कि वो टॉक्सिसिटी मेरे पास लेकर आए। वो जानते हैं एक सीनियर एक्टर हैं तो उन्हें मेरे साथ एक डेकोरम मेंटेन करके रहना पड़ेगा। बता दें अनुपमा टॉप रेटिड टीवी शो है। इस शो में रुपाली गांगुली, गौरव खन्ना, निधि शाह, निशि सक्सेना समेत कई कलाकार लीड रोल में नजर आते हैं।

# कार्तिक-विद्या का लुक देख क्रेजी हुए फैंस....

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन और विद्या बालन का फिल्म 'भूल भुलैया 3' से पहला अनऑफिशियल लुक सामने आ गया है। साल 2007 में आई अक्षय कुमार स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म का यह दूसरा सीक्वल होगा जो इसी साल नवंबर में रिलीज होने जा रहा है। फिल्म का पहला पार्ट ब्लॉकबस्टर हिट रहा था और दूसरे पार्ट में कार्तिक आर्यन कियारा आडवाणी के साथ नजर आए थे। फिल्म में तब्बू ने डबल रोल किया था जिसे काफी पसंद किया गया और अब फिल्म का तीसरा पार्ट रिलीज होने में बस 2 महीने का वक्त बचा है। इसी बीच फिल्म के बीटीएस मोमेंट सामने आने शुरू हो चुके हैं, जिन्होंने एक्साइटमेंट और भी बढ़ा दिया है। भूल भुलैया की भूत मंजूलिका का खुमार फैंस पर ऐसा चढ़ा कि पार्ट-2 में कई लोगों ने विद्या बालन को याद किया। अब पार्ट-3 में खबर है कि मेकर्स पुरानी मंजूलिका को फिर वापस लाने जा रहे हैं। इस बात का सबूत है सोशल मीडिया पर सामने आई ये ताजा तस्वीरें जिनमें कार्तिक आर्यन और विद्या बालन एक साथ नजर आ रही हैं। दोनों ने ही ब्लैक आउटफिट लिया हुआ है। जहां कार्तिक आर्यन रूह बाबा के लुक में हैं वहीं विद्या बालन ने भी ब्लैक साड़ी पहनी हुई है।




# इस एक्टर ने शाहरुख, सलमान, अमिताभ से ज्यादा दी हैं हिट फिल्में, फिर भी नहीं मिला कभी सुपरस्टार का ताज

*नई दिल्ली। एक्टर्स को उनकी सिनेमाघरों और ऑडियन्स के बीच पावर के दम पर स्टार या सुपरस्टार कहा जाता है। जितना बड़ा एक्टर का और होता है उतना ही बड़ा उसका स्टारडम होता है। जो एक्टर सबसे ज्यादा हिट फिल्में देता है उसे अपने आप लोग सुपरस्टार कहने लगते हैं। लेकिन, एक ऐसे एक्टर हैं जिन्होंने अपने फिल्मी करियर में 74 हिट फिल्में दी हैं, लेकिन फिर भी उन्हें कभी किसी ने सुपरस्टार नहीं कहा है। हिट फिल्मों की लिस्ट में इस एक्टर ने कई बड़े बॉलीवुड एक्टर्स को भी पीछे छोड़ दिया है। बॉलीवुड में जिस एक्टर ने सबसे ज्यादा हिट फिल्में दी हैं वो कोई और नहीं, बल्कि धर्मेंद्र हैं। धर्मेंद्र ने अपने करियर में 239 फिल्में की हैं, जिसमें से 74 हिट और 20 सेमी हिट देने का रिकॉर्ड है।*

### इन फिल्मों ने रचा इतिहास

धर्मेंद्र ने अपने करियर की शुरुआत छोटी फिल्मों से की थी। छोटी फिल्मों से ही धर्मेंद्र ऊपर बढ़ते चले गए थे। उनकी कुछ फिल्मों ने बॉलीवुड में इतिहास रच दिया था। जिसमें शोले और सीता और गीता शामिल हैं। शोले में धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन की जोड़ी को बहुत पसंद किया गया था। साथ ही धर्मेंद्र और हेमा मालिनी का रोमांस भी फैंस को काफी पसंद आता है।



### अमिताभ बच्चन को छोड़ दिया पीछे

हिट फिल्मों की लिस्ट में धर्मेंद्र ने कई बड़े एक्टर्स को पीछे छोड़ दिया है। जिसमें अमिताभ बच्चन (56), राजेश खन्ना (42), अक्षय कुमार (40) सलमान खान (37) और शाहरुख खान (34) शामिल हैं। धर्मेंद्र ने इन सभी एक्टर्स से ज्यादा हिट फिल्में दी हैं। धर्मेंद्र बॉलीवुड के सबसे ज्यादा हिट फिल्में देने वाले एक्टर्स में से एक रहे हैं। उनकी 7 फिल्में ब्लॉकबस्टर रही हैं।

***नहीं मिला सुपरस्टार का ताज :*** *धर्मेंद्र हमेशा राजेश खन्ना और अमिताभ बच्चन जैसे कई सुपरस्टार्स की छाया में रहे, जिन्होंने बड़ी हिट फ़िल्में दीं, जबकि उनकी हिट फ़िल्में ज़्यादातर मल्टी-स्टारर थीं। 80 के दशक से, उन्होंने छोटे बजट की एक्शन फ़िल्मों की ओर रुख किया, यही वजह है कि उन्हें कभी भी टॉप स्टार के टैग की दौड़ में नहीं माना गया। वर्कफ्रंट की बात करें तो धर्मेंद्र आखिरी बार शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ फिल्म तेरी बातों में ऐसा उल्झा जिया में नजर आए थे। अभी भी उनके पास कई प्रोजेक्ट्स लाइन में लगे हुए हैं।*

**महंगा पड़ेगा अब 'आशिकी' टाइटल का इस्तेमाल : नई दिल्ली।** 'आशिकी', 'तू ही आशिकी' और 'तू ही आशिकी है'....इस किस्म के टाइटल का इस्तेमाल करना अब किसी को भी महंगा पड़ सकता है। ऐसा हम नहीं, बल्कि दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला है। इस आदेश में फिलहाल तो टी-सीरीज को इन टाइटल के इस्तेमाल से रोका गया है। दरअसल, मामला यह है कि इन टाइटल को लेकर निर्माता मुकेश भट्ट ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। अब दिल्ली उच्च न्यायालय ने निर्माता के पक्ष में फैसला सुनाया है। कोर्ट का यह फैसला 'आशिकी' ब्रांड के इस्तेमाल को लेकर बौद्धिक संपदा अधिकारों पर विवाद के बीच आया है।



## जैकेट के शेष

### सीएम साय ने...

प्रदेश में आज से भाजपा संगठन का महापर्व सदस्यता अभियान का प्रारंभ हो गया है। संगठन को 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है। मुझे भरोसा है हमारे कार्यकर्ता 50 लाख के लक्ष्य को पार करके देश में एक बार फिर से छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे। हर घर तक जाकर जहां सदस्य बनाने का काम करना है, वहीं केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में भी जनता को बताना है। श्री साय ने कहा, 1984 में भाजपा के दो ही सांसद थे, तब कांग्रेस के लोग अटल बिहारी वाजपेयी जी को चिढ़ाने का काम करते थे और कहते थे, हम दो हमारे दो.. अटल जी तब कहते थे एक दिन हमारा आएगा। वे कहते थे, अंधेरा छंटेगा, कमल खिलेगा.. आज कमल खिल गया है। भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। श्री साय ने कहा, भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी है। उन्होंने कहा, हमारे कार्यकर्ताओं को एक-एक घर तक जाना है। हमारे लिए यह अच्छा अवसर है। डेढ़ माह तक सदस्यता अभियान चलेगा। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, विधायक राजेश मूणत, अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब, पुरंदर मिश्रा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विक्रम उसेंडी, भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, रामजी भारती, भरत वर्मा, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव सहित भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

### 8 माह में 153 .....

अभियान के दौरान अब तक 153 नक्सलियों के शव बरामद किया जा चुका है। वहीं 669 नक्सलियों की गिरफ्तारी व 656 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है।

### 13 नक्सली हुए गिरफ्तार ....

जंगल से लुकते छिपते भागने की कोशिश करते हुए सात संदिग्ध को पकड़ा गया। जिनसे पूछताछ व तस्दीक करने पर अपना नाम सावनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य सुक्कू पदम उर्फ गोर्रा पिता पाण्डु पदम उम्र 58 निवासी पटेलपारा सावनार, सावनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य लड्डु माड़वी उर्फ पेद्दा पिता सोमलू माड़वी उम्र 30 निवासी पटेलपारा सावनार, सावनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य रघु कुरसम पिता सुक्कू कुरसम उम्र 33 निवासी पटेलपारा सावनार, सावनार आरपीसी जनताना सरकार सदस्य नारायण कुरसम उर्फ नरैया उर्फ मोदी पिता डोग्गा कुरसम उम्र 52 निवासी पटेल पारा सावनार, सावनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य पायकु कोरसा पिता मंगू कोरसा उम्र 33 निवासी पटेलपारा सावनार, सावनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य गड्डू पुनेम पिता मंगू पुनेम उम्र 28 निवासी पटेलपारा सावनार व बुरजी भूमकाल मिलिशिया सदस्य मंगू पुनेम पिता आयतु पुनेम उम्र 43 निवासी गायतापारा बुरजी थाना गंगालुर बताया। पकड़े गए नक्सलियों के पास रखे थैला व बैग की तलाशी में इनके कब्जे से प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री बरामद किया गया है। वहीं तर्रेम थाना व एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में विस्फोटक के साथ छह नक्सलियों को पकड़ा गया है। जिनमें सीएनएम सदस्य मिडकम सोना पिता बुधरू उम्र 27 निवासी डोटडीपारा गोटपल्ली, मिलिशिया सदस्य उइका छोटू पिता पोदिया उम्र 20 निवासी डोड्डीपारा गोटपल्ली, मिलिशिया प्लाटून सदस्य डोडी अर्जुन पिता धुर्वा डोडी उम्र 25 निवासी डोडीपारा गोटपल्ली, मिलिशिया सदस्य डोडी जोगा पिता दुला डोडी उम्र 22 निवासी डोडीपारा गोटपल्ली, संघम सदस्य ओयाम हड़मा पिता पाण्डु ओयाम उम्र 25 निवासी डोडीपारा गोटपल्ली व संघम सदस्य आयतु ओयाम उर्फ बड्डे पिता मंगलू ओयाम उम्र 20 निवासी स्कूलपारा गोटपल्ली थाना गंगालुर शामिल है। पकड़े गए इनके कब्जे से तीर धनुष कॉर्डेक्स वायर, बैटरी, स्पाइक, इलेक्ट्रिक वायर व डेटोनेटर आदि बरामद किया गया है। पकड़े गए नक्सलियों के विरुद्ध थाना तर्रेम व गंगालुर में वैधानिक कार्यवाही के बाद न्यायिक रिमांड पर मुख्य न्यायालय दंतेवाड़ा में पेश किया गया है।

### आरोपी का होगा ...

सुलझाने के लिए नार्को, ब्रेन मैपिंग और पॉलीग्राफ टेस्ट का सहारा लेगी। पुलिस ने आरोपी संजीव मंडल उर्फ भानू का नार्को टेस्ट, ब्रेन मैपिंग व पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के लिए न्यायालय में आवेदन किया था जिसके बाद न्यायालय से इसकी स्वीकृति मिल गई है। सरगुजा पुलिस अब आरोपी को नार्को टेस्ट के लिए गुजरात के गांधीनगर लेकर जाएगी। इसके साथ ही पुलिस द्वारा मृतक के मोबाइल फोन को भी जांच के लिए रायपुर फोरेंसिक विभाग में भेजा जाएगा। बता दें कि पटपरिया निवासी अम्बिका स्टील के संचालक अक्षत केडिया के पुत्र अक्षत केडिया का शव 21 अगस्त को चठिरमा के जंगल में उसकी कार क्रमांक सीजी 10 बीएस 4184 से बरामद किया गया था। इस मामले में पुलिस ने भगवानपुर निवासी 29 वर्षीय संजीव मंडल उर्फ भानु को गिरफ्तार किया था। पुलिस को दिए गए बयान में आरोपी ने जो कुछ बताया उससे इस हत्या की गुत्थी सुलझने के बदले और भी उलझ गई है। आरोपी ने पुलिस को बयान दिया था कि मृतक अक्षत केडिया ने खुद अपनी हत्या की सुपारी उसे दी थी और 50 हजार रुपए, सोने का चेन, अंगूठी, ब्रेसलेट लेकर उसने अक्षत केडिया को तीन गोलियां मार दी। आरोपी के बयान पर परिजन के साथ ही पुलिस को भी यकीन नहीं है। यही वजह है कि आरोपी के खिलाफ गंभीरता से जांच की मांग लगातार परिवार के सदस्यों की ओर से उठाए जा रहे थे।

**अनसुलझे है कई सवाल** : अक्षत केडिया की हत्या के मामले में कई सवाल अभी भी अनसुलझे है। सबसे बड़ी बात यह है कि हर अपराध की एक वजह होती है लेकिन अक्षत की हत्या के मामले में अब तक कारण सामने नहीं आया है। कोई व्यक्ति खुद की हत्या की सुपारी कैसे दे सकता है यह सबसे बड़ा सवाल है।

### टेस्ट के लिए ...

असली वजह जानने के लिए पुलिस ने आरोपी का नार्को टेस्ट, ब्रेन मैपिंग तथा पोलीग्राफ टेस्ट कराने का निर्णय लिया है। इस संबंध में थाना गांधीनगर पुलिस द्वारा न्यायालय के समक्ष प्रतिवेदन पेश कर अनुमति मांगी गई थी जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा गिरफ्तार आरोपी संजीव मण्डल उर्फ़ भानू का नार्को टेस्ट, ब्रेन मैपिंग तथा पोलीग्राफ टेस्ट करने की अनुमति प्रदान कर दी है। आरोपी का ब्रेन मैपिंग, पॉलीग्राफ व नार्को टेस्ट करने के लिए गुजरात के गांधीनगर जाएगी। फिलहाल पुलिस गुजरात से टेस्ट के लिए समय मिलने का इंतजार कर रही है।

### छत्तीसगढ़ में 8 ....

चौहान का भी धन्यवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत यह स्वीकृति छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस योजना के तहत लाखों परिवारों को अपने घर का सपना साकार होगा, जिससे उनके जीवन में स्थिरता और सुरक्षा का भाव उत्पन्न होगा।


### छात्राओं ने पानी ....

हो गया था। बोर खराब होने से बच्चों को पीने के पानी की समस्या थी जिसके बाद बच्चे 31 अगस्त को पानी की व्यवस्था के लिए सरपंच के पास गए। इसके साथ ही ग्रामीणों ने भी प्रधान पाठक रामकृष्ण त्रिपाठी से मामले की शिकायत की थी लेकिन शिकायत के दौरान प्रधान पाठक ने बच्चों व ग्रामीणों से दुर्व्यवहार किया। इसी दिन स्कूल में बच्चियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जा रही थी। दवाई खाने के लिए छात्राओं ने प्रधान पाठक से पानी की व्यवस्था करने की मांग की थी। आरोप है कि पानी मांगने पर पहले कहा गया कि जाकर नाली का पानी पी लो और जब छात्राओं ने इसका विरोध किया तो कहा गया जाकर अपना यूरिन पी लो। बच्चों को शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षक के मुंह से इस तरह की अमर्यादित शब्दों को सुनकर बच्चे भी हैरान पड़ गए। उन्होंने इस मामले की जानकारी अपने परिजन को दी जिसके बाद ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। **सरपंच की मौजूदगी में पंचनामा** : घटना की जानकारी मिलने पर सरपंच द्वारा मामले की शिकायत बीईओ से की गई। शिकायत मिलने पर बीईओ मनीष कुमार स्कूल पहुंचे थे जहां ग्रामीणों की मौजूदगी में बच्चियों के बयान दर्ज किए गए। बीईओ ने बताया कि स्कूल के बोर को तत्काल ठीक कराया गया इसके साथ ही प्रधान पाठक के खिलाफ शिकायत की पुष्टि होने के बाद कार्रवाई के लिए प्रस्ताव बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजा गया। कलेक्टर के निर्देश पर जांच उपरान्त प्रधान पाठक रामकृष्ण त्रिपाठी को निलंबित कर दिया गया है।

## डीएसी ने दी 1.45 लाख करोड़ रुपए के 10 रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ चार साल से अधिक समय से जारी एलएसी विवाद के बीच मंगलवार को रक्षा मंत्रालय में रक्षा अधिग्रहण परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।



इसमें सशस्त्र सेनाओं की युद्धक क्षमता को मजबूत बनाने और उनके तीव्र गति से आधुनिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए पूंजीगत खरीद से जुड़े हुए कुल 1 लाख 44 हजार 716 करोड़ रुपए के 10 प्रस्तावों को आवश्यकता की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें भारतीय सेना के लिए आधुनिक टैंक और हवाई रक्षा रडार की खरीद की जाएगी। जबकि तटरक्षकबल की समुद्री निगरानी को मजबूत बनाने के लिए डॉर्नियर-228 विमान और अगली पीढ़ी के तीव्र गश्ती जहाज खरीदे जाएंगे।

## केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने किया एग्रीश्योर फंड और कृषि निवेश पोर्टल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को पूसा, नई दिल्ली में एग्रीश्योर फंड और कृषि निवेश पोर्टल का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बैंकों



और राज्यों को उनके प्रयासों की सराहना करते हुए एआईएफ उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किये। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी और राम नाथ ठाकुर भी मौजूद थे।

# आंध्र-तेलंगाना में तबाही का बारिश 35 की मौत, 21 राज्यों में अलर्ट



**नई दिल्ली।** मूसलाधार बारिश ने देशभर में तबाही मची दी। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में तीन दिन से आसमान से आफत बरस रही है। बाढ़ से अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है। मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश सहित 21 राज्यों में बारिश का अलर्ट है। गुजरात में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने इन राज्यों में लोगों को सावधान रहने की सलाह दी है। पांच से ज्यादा राज्यों में भारी बारिश से जनजीवन पर गहरा असर पड़ा है। सड़कें बाधित हो गई हैं। स्कूल और कॉलेजों में पानी घुस गया है। जानें देश में कहां कैसा है हाल।

### गुजरात में रेड अलर्ट, भारी बारिश की चेतावनी

गुजरात के सूरत और भरूच जिलों में आज के लिए भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने अगले तीन दिनों में राज्य में भारी बारिश की चेतावनी दी है। राज्य में 10 नदियां और 132 जलाशय खतरे के निशान से ऊपर बह रहे हैं। नवसारी जिले में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए हाई अलर्ट जारी किया गया है। पिछले कुछ दिनों में वडोदरा से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से 20,000 लोगों को निकाला गया है।


## कार्यालय कलेक्टर जिला - बीजापुर (छ.ग.)

**जिला स्तरीय कार्यान्वयन समिति**
**( इन्द्रावती टायगर रिजर्व, बीजापुर कोर क्षेत्र विस्थापन एवं पुनर्वास हेतु)**

इन्द्रावती टायगर रिजर्व, बीजापुर के कोर क्षेत्र के अन्तर्गत 76 ग्राम आते है जिसमें से प्रथम चरण में विस्थापन हेतु 21 ग्रामों की चयन किया गया है। जो निम्नानुसार हैः-

| | | |
|---|---|---|
| 1. उसकामेटा | 8. पालदेवी | 15. कुपरेल |
| 2. मोदकवाया | 9. चुचकोन्टा | 16. बडेआलवाड़ा |
| 3. पुम्बाली | 10. बडेगुण्डम | 17. गुट्टामारका |
| 4 मुचलेर | 11. डोडीमरका | 18. गोरगुण्डा |
| 5. मर्रादगपाल | 12. ओरसनपल्ली | 19. रामगुट्टा |
| 6. पावम | 13. गुमनेर | 20. सुन्सगुट्टा |
| 7. बीवरी | 14. बोरमेटा | 21. पेनगुण्डा |

उक्त 21 ग्रामों में रहने वाले भूमि स्वामी एवं भूमि हीन निवासियों को सर्वे करने हेतु, ग्रामवासियों का राजस्व पट्टा सत्यापन हेतु बीजापुर जिले के तहसील कार्यालय भोपालपटलनम, भैरमगढ़ एवं क्षेत्र के वन परिक्षेत्र कार्यालय पासेवाड़ा, पिल्लूर, सेण्ड्रा, कुटरू, फरसेगढ़ में जाकर खातेदारों (राजस्व पट्टा की छायाप्रति) का नाम / पिता/ पति का नाम, खसरा नं., कुल रकबा, सह खातेदारों का नाम, कुल सदस्यों की संख्या एवं वर्तमान पता, दिनांक 31 दिसम्बर 2024 तक दर्ज करा लेवे, जिससे प्राथमिक आंकलन कर पुनर्वास योजना तैयार किया जा सके।

सूचित किया जाता है कि बाघ परियोजना / एन.टी.सी.ए. से पुनर्वास एवं विस्थापन हेतु जारी समस्त दिशा निर्देशों एवं F. No. 3-1 / 2003 PT (पुनर्वास) के अन्तर्गत (राष्ट्रीय पुनर्वास और पुनर्स्थापन नीति 2007 के अनुसार दिनांक 19.03.2008 की सलाहकार) में प्रदाय की गई परिवार की परिभाषा का पालन करेगी। वयस्क विस्थापितों। की गणना हेतु अंतिम तिथि (कट ऑफ डेट) 01.01.2025 निर्धारित की गई है।

संदीप बलगा, भा.व.से.
उप निदेशक
जिला स्तरीय कार्यान्वयन समिति बीजापुर
जिला - बीजापुर

अनुराग पाण्डेय
कलेक्टर
जिला स्तरीय कार्यान्वयन समिति बीजापुर
जिला - बीजापुर

G-242502155/2


## पेज एक के शेष

### रहस्यमय गुमशुदगी...

नहीं चल सका है कि आखिर ये किताबें किसके पास हैं? साइंस कॉलेज में प्राध्यापक रह चुके रसायन शास्त्र के विशेषज्ञ स्व. मूंधड़ा ने साइंस कॉलेज के रसायन शास्त्र विभाग को बहुमूल्य किताबें दान में दी थीं। अब ये सारी किताबें रहस्यमयी तरीके से महाविद्यालय से गायब हो चुकी हैं। 33 किताबें उनके द्वारा दशक पूर्व दान में दी गई। सूत्रों के अनुसार, इनमें से कई किताबों की कीमतें 5 से 8 हजार रुपए तक हैं। सभी किताबों का अनुमानित मूल्य दो लाख के करीब है। इनमें से कई किताबें विदेशी लेखकों की भी थीं, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचलित हैं।

### ऐसे सामने आया...

डॉ.मूंधड़ा के बेटे ने प्रबंधन से गुहार लगाई और पूर्व प्राचार्य डॉ.चौबे द्वारा कमेटी बैठायी गई। जब बेटे ने अपने पिता द्वारा दान की गई किताबों के बारे में जानकारी मांगी तो उससे ही पूछ लिया गया कि दान की कोई पावती उनके पास मौजूद है अथवा नहीं? इससे आहत बेटे ने प्रबंधन से न्याय की मांग की है। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, मामला उच्च शिक्षा विभाग तक चला गया है। साइंस कॉलेज प्रबंधन को तलब करने की तैयारी है।

### प. बंगाल में...

कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक चिकित्सक के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म और उसकी हत्या की घटना को लेकर मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाए। इतना ही नहीं, इस दौरान बनर्जी ने विधेयक पारित करने की कार्यवाही में बाधा डालने के लिए नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के इस्तीफे की भी मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा, हम चाहते थे कि केंद्र मौजूदा कानूनों में संशोधन करे और अपराधियों को कड़ी सजा और पीड़ितों को त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए कठोर धाराएं शामिल करे। केंद्र इसके लिए कोई सकारात्मक रुख नहीं दिखाया। इसलिए हमने पहले कदम उठाया। एक बार अगर यह लागू हो जाता है तो यह विधेयक देश के बाकी हिस्सों के लिए एक मॉडल के रूप में काम कर सकता है। बनर्जी ने इस संबंध में हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी को लिखे गए दो पत्रों को भी पेश किया, जिनमें से एक केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा उनके पहले पत्र पर दिए गए जवाब का प्रतिक्रिया थी। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और उन सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के इस्तीफे की मांग करती हूं जो देशभर में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले प्रभावी कानूनों को लागू करने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा, बलात्कार मानवता के खिलाफ अभिशाप है और ऐसे अपराधों को रोकने के लिए सामाजिक सुधारों की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विधेयक के पारित होने के बाद हम यह सुनिश्चित करने के लिए पुलिस में विशेष अपराजिता कार्य बल गठित करेंगे कि बलात्कार के मामलों में जांच समयबद्ध तरीके से पूरी हो। ममता ने इस विधेयक को ऐतिहासिक तथा अन्य राज्यों के लिए आदर्श बताते हुए कहा कि इस प्रस्तावित विधेयक के जरिए उनकी सरकार ने पीड़िता तथा उनके परिजन को त्वरित एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराने के लिहाज से केंद्रीय कानून में मौजूद कमियों को दूर करने का प्रयास किया है।

### अब हैदराबाद जाना...

रक्सौल, कोचुवेली जाने वाली प्रमुख ट्रेन प्रभावित रहेंगी। रेलवे ने दरभंगा एक्सप्रेस और रक्सौल का भी मार्ग परिवर्तन किया। नियमित ट्रेनों के साथ लगातार स्पेशल ट्रेनों को भी रद्द किया जाएगा।

### यह ट्रेन रहेगी...

- 25 व 28 सितंबर व 02 व 05 अक्टूबर 22647 कोरबा-कोचुवेली एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 23, 26 व 30 सितंबर व 03 अक्टूबर 22648 कोचुवेली-कोरबा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 23 व 30 सितंबर को 07005 सिकंदराबाद- रक्सौल एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 26 सितंबर व 03 अक्टूबर 07006 रक्सौल-सिकंदराबाद एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 28 सितंबर एवं 05 अक्टूबर 07051 हैदराबाद – रक्सौल एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 01 एवं 08 अक्टूबर को 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 23, 25 व 30 सितंबर एवं 02 अक्टूबर 03253 पटना - सिकंदराबाद एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 25 सितंबर एवं 02 अक्टूबर 07255 हैदराबाद-पटना एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 27 सितंबर एवं 04 अक्टूबर 07256 सिकंदराबाद-पटना एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### अपनी जमीन बचाने...

प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, वनमंत्री, सांसद तथा विधायक के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि इंद्रावती टाइगर रिजर्व कोर क्षेत्र में पुरखों से निवासरत आदिवासियों को वहां से उजाड़ कर विस्थापन पुनर्वास करने उप निदेशक इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर द्वारा सूचना प्रकाशित किया गया है। उनका कहना है कि यहां के मूल निवासी के रूप में जल जंगल जमीन परंपरा बोली भाषा संस्कृति की रक्षा करते हुए पॅन टोटेम व्यवस्था के अंतर्गत खेत खलिहान, महुआ, टोरा, तेन्दूपत्ता, संग्रहण कर जीवनयापन करते है। सेंड्रा इलाके के ग्रामीणों नें विस्थापन पुनर्वास नीति का विरोध किया है। हम जान देंगे पर जमीन नहीं छोड़ेंगे की बात ग्रामीणों ने कही है। इस प्रदर्शन में सरपंच मिच्चा समैया, जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी, मिच्चा मुतैया, अशोक मड़े, आदिवासी नेता जग्गू तेलम, अशोक तलाण्डी, अफजल खान, कान्तैया, कामेश्वर राव गौतम व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भ्रष्टाचार की शिकायतों...

कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की कुल 74,203 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 66,373 का निपटारा कर दिया गया और 7,830 शिकायतें लंबित हैं। हाल में सार्वजनिक की गयी सीवीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि सबसे अधिक 10,447 शिकायतें रेलवे कर्मचारियों के खिलाफ की गयीं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद अहिवारा

क्र. 472 / लो.क.वि./न.पा.प./2024 अहिवारा दिनांक 03/09/2024

**मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | निविदा दर / प्रपत्र निकाय को प्राप्त होने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | अधोसंरचना मद एवं 15 वें वित्त आयोग, अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य। (कुल 03 कार्य) | 33.77 | 27.09.2024 |

**टीप :-** उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद अहिवारा**



## गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 के अंतर्गत स्थापित विश्वविद्यालय कोनी, बिलासपुर - 495009 (छ.ग.) दूरभाष : 07752-260017, 260368,260376
फैक्स : 07752-260154, वेबसाइट : www.new.ggu.ac.in

GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (C.G.)
A Central University established by the Central Universities Act, 2009 Koni, Bilaspur - 495009 (C.G.)
Phone 07752-260017,260368,260376,
FAX: 07752-260154, Website: www.new.ggu.ac.in

क्र. 202 / भर्ती / प्रशा. / 2024 **विज्ञापन** बिलासपुर, दिनॉक 03 .09 .2024

विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक विभागों हेतु आचार्य, सह आचार्य एवं सहायक आचार्य के पदों हेतु ऑन-लाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है 01 निर्धारित प्रारुप में विधिवत भरे हुये आवेदन केवल आनलाईन माध्यम से दिनांक 04.10.2024 तक भरे जाने है। 02 .रिक्त पदों की संख्या, न्यूनतम अर्हता, सामान्य अनुदेश, समवर्गी विषय, पूर्व विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत कर चुके अभ्यर्थियों हेतु निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.new.ggu.ac.in पर प्रदर्शित है। 03 .इच्छुक आवेदकों को आवेदन करते समय निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, ग्रेड वेतन के साथ कार्यानुभव तथा संबंधित वर्षो का फार्म-16/ आयकर रिटर्न शोध प्रकाशन इत्यादि के स्पष्ट सुसंगत अभिलेख अपलोड करना अनिवार्य है, अन्यथा प्रस्तुत आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। 04 .निर्धारित अप्रतिदेय आवेदन शुल्क रु. 2500/- ( अजा/अजजा / दिव्यांग एवं महिला अभ्यर्थियों के लिये रु 1,000/- ) 05 . अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ दिव्यांग / आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को भारत सरकार/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों के अनुसार आरक्षण एवं छूट प्रदान की जायेगी। 06 .विज्ञापन में अलग-अलग श्रेणियों के अंतर्गत विभिन्न पदों में मानव संसाधन विकास मंत्रालय / विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार (यदि कोई हो तो), रिक्त पदों (रोस्टर) में परिवर्तन किया जा सकेगा। 07 .इस विज्ञापन से संबंधित सूचनायें, परिवर्तन अथवा संशोधन की जानकारी केवल विश्वविद्यालय के वेबपटल पर प्रदर्शित की जायेगी। अतः इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि अधिक जानकारी के लिये विश्वविद्यालय की वेबपटल का नियमित अवलोकन करें एवं अपने आपको अद्यतन रखें।

कुलसचिव



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा संख्या – 14/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 31.08.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डंडई | RWD/GARHWA /32/2024-25 | जरही सीवाना से बैलाझखड़ा चारमुहान तक पथ निर्माण कार्य। (6.000 कि0मी0) | 624.447 | छः करोड़ चौबीस लाख चौवालीस हजार सात सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 2 | विशुनपुरा | RWD/GARHWA /33/2024-25 | मुख्य पथ से दर्जिया तक पथ निर्माण कार्य। (2.100 कि0मी0) | 280.749 | दो करोड़ अस्सी लाख चौहत्तर हजार नौ सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |
| 3 | भवनाथपुर | RWD/GARHWA /34/2024-25 | अरसली मुख्य पथ से बैगाडीह होते हुए देवीधाम तक पथ निर्माण कार्य। (4.050 कि0मी0) | 567.394 | पाँच करोड़ सड़सठ लाख उन्चालीस हजार चार सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.09.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 334401 Rural Work Department (24-25)_D


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी रहेगी। परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**वृष** — क्रोध से बचें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। किसी नये कारोबार की योजना बन सकती है। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। धार्मिक कार्यों में रुचि रहेगी।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें।

**सिंह** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग भी बन रहे हैं। सेहत का ध्यान रखें। सुखद समाचार मिलेगा।

**तुला** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। परन्तु जीवन साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** — मन प्रसन्न रहेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां भी आ सकती है। सेहत का ध्यान रखें।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।

**मकर** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सम्पत्ति से आय बढ़ सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। अपनी भावनाओं को वश में रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। भाइयों से मनमुटाव हो सकता है।

**मीन** — किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भी कठिनाइयां आ सकती है। भागदौड़ भी अधिक रहेगी।


## कार्यालय नगर पंचायत अर्जुन्दा, जिला - बालोद (छ.ग.)

email ID – nparjunda@gmail.com

क्रमांक / 1261 / न.पं./2024 **मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना** अर्जुन्दा, दिनांक 03/09/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "अ" में प्रचलित पीडब्ल्यूडी रोड/भवन एस.ओ.आर. 2015 एवं इलेक्ट्रीकल एस.ओ.आर. 2020 में कम / अधिक प्रतिशत या समान दर पर नगर पंचायत अर्जुन्दा में निम्नांकित निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से तीन लिफाफा पद्धति में सील बंद निविदाएं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है :-


1. निविदा हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 19/09/2024 शाम 04.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय किये जाने की अंतिम तिथि - 20/09/2024 शाम 04.00 बजे तक
3. निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि - 27/09/2024 शाम 03.00 बजे तक
4. प्राप्त निविदा खोलने की अंतिम तिथि - 30/09/2024 शाम 04.00 बजे के बाद

| स. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( लाख रु.) | धरोहर राशि (रु.) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रु.) | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | **14 वें एवं 15 वें वित्त आयोग** | | | | |
| 1 | वार्ड क्र. 11 में नेतू सिन्हा घर से यशवंत देवांगन घर तक आर.सी.सी. नाली एवं कव्हर ड्रेन निर्माण कार्य | 1.18 | 2000.00 | 300.00 | 2 माह |
| 2 | वार्ड क्र. 14 नया बस स्टैण्ड के पास सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 4.55 | 4600.00 | 750.00 | 3 माह |
| 3 | वार्ड क्र. 15 चन्द्रशेखर साहू घर से अखिलेश निषाद घर तक नाली एवं ड्रेन कव्हर निर्माण कार्य | 1.66 | 2000.00 | 300.00 | 2 माह |
| 4 | वार्ड क्र. 14 नया बस स्टैण्ड के पास ट्यूबलर पोल कार्य | 3.17 | 3200.00 | 750.00 | 2 माह |
| | **स्वच्छ भारत मिशन** | | | | |
| 5 | एस.एल.आर.एम. सेंटर में विभिन्न निर्माण कार्य | 10.31 | 7700.00 | 750.00 | 3 माह |

**टीप :-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की विस्तृत, सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के संबंधित विभाग से व विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत अर्जुन्दा**


## शब्द पहेली - 5622



**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट,शर्ट-3
6. लाख,गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान,रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा,उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष,बरस-2
18. लय,स्वर-2
19. गदर,बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर,घमंड-4
24. राजा,सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ,फिजूल-3
28. चतुर्थ,चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत,जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर,थाती-4
15. तरंग,हिलोर-3
16. निरंकुश,मुंहजोर-4
17. किनारा,तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया,जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर,भगवान-2
28. प्रेम,लगन-2

### शब्द पहेली -5621 का हल



## सूडोकू नवताल- 5633

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकू नवताल- 5632 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

परंपरा

बद्री प्रसाद पारकर

# धान फसल के बाद ओंहारी




पहिली के बेरा में धान बोवाय खेत में ओंहारी सिचय। जब धान हा माथ अरो डरे तब खेत में पानी कम हो जातिस ता ओमे लाखड़ी, ऊ ला छीत देतीन। कोई कोई मन मसूर के ओंहारी ला घलाव खेत में सीचत रिहिन हे। जादातर किसान के खेत में पानी भरे रहे , तब खेत के मेढ़ ल फोर के पानी ला निकाले के संगे संग मछरी धरय। मछरी खातिर  खेत के मुंही में चोरिया टेका के वोला धरय। बिना बोए एक ठन दार वाले पेड़ खेत में जामे तेला जिललो कहे जाथे। ये जिललो के बीजा ला दार रांध के खाए जाथे। ये ओंहारी हा धान लूए के दिन ले जाम के बड़े बड़े हो जाए, तब इही लाखड़ी के भाजी ला टोर के साग रांधे। वईसे ओल्हा खेत में घलाव ओंहारी में गहूं, चना, लाख, मसूर जईसे फसल किसान अपन खेत में बोवत रिहिन। आजो किसान मन ओंहारी बोथे। जेकर ले होय पैदावारी ले घर के चलाए मे सुभित्ता हो जाथे। पहली के मन ए फसल ले अच्छा आमदनी लेके घर ला बने चला डारत रिहिन, काबर कि खरचा कमती रीहिस।

लोक साहित्य

डा. मंजू शर्मा

# छत्तीसगढ़ी साहित्य में प्रबंध काव्य



छत्तीसगढ़ी मुक्तक काव्य के समानांतर प्रबंध काव्यों की परंपरा मिलती है। छत्तीसगढ़ी मुक्तक काव्य की तुलना में प्रबंध काव्य लेखन कम ही हुआ है। छत्तीसगढ़ी कविता बीसवीं शताब्दी के प्रारंभिक दशक में जब अठखेलियां खेल कर रही थी, तब प.सुंदरलाल शर्मा ने छत्तीसगढ़ी प्रबंध काव्य की रचना करके भाषा को नवोन्मेष प्रदान किया। छत्तीसगढ़ी के प्रथम उन्मेष की विच्छिन्न कड़ियों को संजोकर और मुक्तक काव्य, गीति काव्य, नई कविता और प्रबंध काव्य परंपरा के क्रम में प. सुंदरलाल शर्मा का युगांतरकारी व्यक्तित्व का प्रभाव दृष्टव्य है। छत्तीसगढ़ी को प्रारंभिक दौर में मुक्तक काव्य से नहीं अपितु प्रबंध काव्यों में प्रणयन से अधिक लोकप्रियता मिली।

पुस्तक समीक्षा

# खंतिहा बर खरी अऊ बइठांगुर बर बरी




कृति के नाव: खंतिहा बर खरी अऊ बइठांगुर बर बरी

कृतिकार: बंधुराजेश्वर खरे

प्रकाशक: पहचान प्रकाशन

पुस्तक समीक्षा: डॉ.डा. परदेसी राम

मूल्य: एक सौ पचास रूपये

खंतिहा बर खरी अऊ बइठांगुर बर बरी, यह बंधुराजेश्वर खरे का काव्य संग्रह है। उपरोक्त छत्तीसगढ़ी कथन का अर्थ है काम करने वाले को साधारण भोजन और बैठकर खाने वाले निकम्मे के लिए अच्छा भोजन व्यंजन। यह है कि योग्य के साथ अक्सर गलत व्यवहार किया जाता है। इस छत्तीसगढ़ी काव्य संग्रह में कुल पचास कविताऐं हैं। खरे जी ने इसे छत्तीसगढ भुइयाँ महतारी को समर्पित किया है। साथ ही माँ बाप और उन गुरूओं को भी जिन्होंने अक्षर ज्ञान कराया।वे पशु चिकित्सक के पद से सेवानिवृत्त होकर अब महासमुंद में निवास करते हुए साहित्य साधना करते हैं। यह संग्रह बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें मुहावरों से भरी श्रेष्ठ कविताऐं हैं।

गणेश चतुर्थी को पूरे देश में गणेश जी प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है। गणेश जी ही ऐसे देवता हैं,जिनकी घरों में और सार्वजनिक रूप से प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है। चतुर्थी से लेकर अनंत चौदस तक उत्सव जैसा माहौल होता है। सभी स्थानों में आर्कस्ट्रा, नाच-गाना, गम्मत आदि अनेक कार्यक्रम कराए जाते हैं। छत्तीसगढ़ भी इससे अछूता नहीं होता। पहले रायपुर में गणेश पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम बृहद स्तर पर होता था। लोग यहां के आयोजन को महाराष्ट्र के गणेश पूजन से तुलना करते थे और दूर दूर से यहां गणेश पूजन देखने आते थे। लेकिन अब छत्तीसगढ़ के प्रायः सभी स्थानों में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होने लगा है।



# छत्तीसगढ़ अंचल में गणेश उत्सव की परंपरा






परब विशेष : प्रो.अश्विनी केशरवानी

यहां के राजे-रजवाड़ों में सार्वजनिक गणेश पूजन और आयोजन से उत्सव जैसा माहौल हुआ करता था। रायगढ़ का गणेश पूजन पूरे छत्तीसगढ़ में ही नहीं बल्कि पूरे देश में विख्यात था। रायगढ़ में ''गणेश मेले'' की शुरूआत कब हुई,  इसका कोई लिखित साक्ष्य नहीं मिलता। रायगढ़ में इस परम्परा का निर्वाह राजा भूपदेवसिंह भी करते रहे। पंडित मेदिनी प्रसाद पांडेय ने अपने 'गणपति उत्सव दर्पण' 20 पेज की इस प्रकाशित पुस्तिका में पांडेय जी ने गणेश उत्सव के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों को छंदों में समेटने का प्रयास किया है। गणेश चतुर्थी की तिथि तब स्थायी हो गई,जब कुंवर चक्रधरसिंह का जन्म गणेश चतुर्थी को हुआ। बालक चक्रधरसिंह के जन्म को चिरस्थाई बनाने के लिए 'चक्रधर पुस्तक माला' के प्रकाशन की शुरूआत की थी। इस पुस्तक माला के अंतर्गत पंडित पुरूषोत्तम प्रसाद पांडेय के कुशल संपादन में पंडित अनंतराम पांडेय की रचनाओं का संग्रह 'अनंत लेखावली' के रूप में नटवर प्रेस रायगढ़ से प्रकाशित किया गया था। कहते हैं रायगढ़ रियासत के राजा जुझारसिंह ने अपने शौर्य और पराक्रम से राज्य को सुदृढ़ किया, राजा भूपदेवसिंह ने उसे श्री सम्पन्न किया और राजा चक्रधरसिंह ने उसे संगीत, कला, नृत्य और साहित्य की त्रिवेणी के रूप में ख्याति दिलायी।


इसी प्रकार चांपा में भी गणेश उत्सव मनाये जाने का उल्लेख मिलता है, जिसका बिखरा रूप आज भी यहां अनंत चौदस को देखा जा सकता है। चाम्पा में गणेश उत्सव की शुरूआत जमींदार नारायण सिंह के शासन काल में शुरू हुआ। वे संगीतानुरागी, धर्मप्रिय और प्रजावत्सल थे। उन्होंने ही यहां जगन्नाथ मंदिर का निर्माण आरंभ कराया, जिसे उनके पुत्र प्रेमसिंह ने पूरा कराया। इनके शासनकाल में ही यहां रायगढ़ के गणेश मेला के बाद सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ का दूसरा बड़ा गणेश उत्सव होता था। नारायण सिंह के बाद प्रायः सभी जमींदारों ने इस उत्सव को जारी रखा। उस काल के गणेश उत्सव का बखान लोग आज भी करते नहीं अघाते। महल परिसर में गणेश जी की भव्य प्रतिमा की प्रतिष्ठा की जाती थी। आसपास के गांवों की गम्मत पार्टी, नृत्य मंडली, रामलीला और रासलीला की मंडली यहां आती थी। अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम होते थे। लगभग 15 दिन तक उत्सव का माहौल होता था। उस समय यहां दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर, कमरीद, बलौदा, अकलतरा, नरियरा, कोसा, कराईनारा, रायखेड़ा, गौद, पिसौद और शिवरीनारायण आदि अनेक स्थानों से सांस्कृतिक मंडलियां यहां आती थी। कमरीद के बिजली बेलन गम्मत मंडली के प्रमुख धरमलाल गीतकार ही नहीं, बल्कि एक अच्छे कलाकार भी थे। दादू सिंह का रासलीला और गम्मत यहां बहुत सराहे जाते थे।

नरियरा के ठाकुर विशेश्वरसिंह, रायगढ़ के भीखमसिंह, पंडित कार्तिकराम और बर्मनलाल जैसे चोटी के कलाकार, कत्थक नर्तक, तबला वादक और संगीतकार यहां शिरकत करने आते थे। चाम्पा के जमींदार श्री रामशरणसिंह के शासनकाल में यहां का गणेश उत्सव चरम सीमा पर था। इस आयोजन में इतना खर्च हुआ कि सन 1926 में चाम्पा जमींदारी को ''कोर्ट ऑफ वाड्‌र्स'' घोषित कर दिया गया। उन्होंने ही यहां 'रहस बेड़ा' का निर्माण कराया था। अनंत चतुर्दशी को विसर्जन पूजा के बाद नगर की सभी गणेश प्रतिमाएं महल में लायी जाती थी और एक साथ बाजे-गाजे और करमा नृत्य मंडली के नृत्य के साथ पूरे नगर का भ्रमण करती हुई डोंगाघाट पहुंचकर हसदो नदी में विसर्जित कर दी जाती थी। आज भी यहां बहुत संख्या में नृत्य मंडली, गम्मत पार्टी, आर्केस्ट्रा और छत्तीसगढ़ी नाचा आदि का आयोजन होता है।

सारंगढ़ शहर से लगभग 25 किमी दूर है और प्रकृति प्रेमियों और वन्यजीव उत्साही लोगों के लिए एक आदर्श पर्यटन स्थल है। यहां पर बहुत से पठारी क्षेत्र है। यह अपनी खूबसूरती को समेटे जिले में पर्यटन की विश्व स्तरीय ढेरों संभावनाओं को बयान कर रहा है। साथ ही साथ यहां के दर्शनीय स्थलों की एक अलग पहचान बन चुकी है। यह स्थल अपनी खूबसूरती की वजह से प्रदेश के साथ साथ पड़ोसी प्रांत ओडिशा, झारखंड, बिहार के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।



# गोमर्डा अभ्यारण्य का सुरम्य जल प्रपात माड़ोसिल्ली



पर्यटनः लक्ष्मी नारायण लहरे ' साहिल '

सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिले से 25 किमी की दूरी पर पहाड़ों के बीच गोमर्डा अभ्यारण्य का सुरम्य स्थल माड़ो सिल्ली जल प्रपात स्थित है। यह पूरा अंचल चारों तरफ पहाड़ों और हरे भरे जंगल से घिरा है । बरसात और सावन में पहली फुहार का आनंद लेने पर्यटक यहां आते हैं। इस समय आसपास का वातावरण हरे भरे होने के कारण दृश्य मन को रोमांचित कर देता है। वर्ष भर पिकनिक मनाने लोग यहां पहुंचते रहते हैं । माड़ो सिल्ली चारों तरफ से जंगल से घिरा है इस कारण यहां जंगली जानवर भी नजर आते रहते हैं । पर्यटक वर्षा के मौसम में पहाड़ों पर बने प्राकृतिक झरना माड़ोसिल्ली में बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। दरअसल गोमर्डा अभयारण्य का माड़ोसिल्ली जलप्रपात की खूबसूरती देखते ही बनती है। यह करीब 60 से 80 फीट की ऊंचाई से गिरता है जो नीचे आकर अन्य कई छोटे झरने में तब्दील होता है। माड़ोसिल्ली मार्ग जंगलों के बीच से है। यह घनघोर जंगल की श्रेणी में है। सारंगढ़ क्षेत्र का यह सबसे खूबसूरत पिकनिक स्पाट है। यहां पहाड़ो से निकलने वाले झरने और जंगलों के बीच खूबसूरती देखते ही बनती है। हर साल यहां भारी तादाद में पर्यटकों की भीड़ रहती है।

कला जगत

डा. अर्चना पाठक

# कवर्धा रियासतकालीन सांगीतिक व्यवस्था




छत्तीसगढ़ के तत्कालीन रियासत कवर्धा में सितार एवं सारंगी बनाने की जानकारी, तत्कालीन लेखक धानू लाल श्रीवास्तव के ग्रंथ अष्टराज अंभोज से होती है। कवर्धा रियासत में तत्कालीन परिस्थितियां संगीत के प्रचार प्रसार के लिए अनुकूल थी। उस समय घर घर में सितार बजाया था। प्यारेलाल बढ़ई उत्तम सितार एवं सारंगी निर्माण में सिद्धहस्त थे। प्यारे लाल बढ़ई द्वारा निर्मित उत्तम सितार और अभी भी मौजूद हैं। यह व्यवसाय संगीत की उन्नत अवस्था की पुष्टि करता है। किसी भी वाद्य यंत्र का निर्माण, जानकार और कुशल कारीगरों द्वारा ही किया जाता था। क्योंकि संगीत के वाद्य यंत्रों में विशेष रूप से कार्यकुशलता एवं निपुणता की आवश्यकता होती है। उस समय जन सामान्य में संगीत का प्रचार प्रसार था। संगीत और वाद्य यंत्रों के प्रति लोगों में रुझान था। समाज के विशिष्ट व्यक्तियों एवं जन सामान्य में भी सितार वादन के प्रति रुचि होने के संकेत प्राप्त होते हैं।

पुरातात्विक


डा. राम कुमार बेहार

# मौर्यकालीन पुरातत्व अवशेष छत्तीसगढ़ में



छत्तीसगढ़ में भी मौर्य कालीन पुरातात्विक अवशेष प्राप्त हुए हैं। मौर्यों के समय के दो लेख सरगुजा जिले में लक्ष्मणपुर के निकट रामगढ़ पहाड़ी की दो गुफाओं में खुदे हुए हैं। वे किसी सुतनुका नामक देवदासी और उससे प्रेम करने वाले कलाकार से संबंधित है। जिन गुफाओं में लेख खुदे हैं उनमें कुछ एक चित्र भी चित्रित हैं जो प्रायः नष्ट हो चुके हैं। सरगुजा में रामगढ़ के पास अशोक का लाट प्राप्त हुआ है, जो छत्तीसगढ़ में मौर्य साम्राज्य होने का परिचायक है। इस काल के सिक्के अकलतरा नामक स्थान से चांदी के 259 आहत सिक्के प्राप्त हुए हैं। ठठारी में भी 253 चांदी के आहत सिक्के मिले हैं। तारापुर,रायगढ़ से चांदी के 15 आहत सिक्के मिले हैं।छत्तीसगढ़ के अनेक भागों से मौर्य कालीन चांदी के आहत सिक्कों का मिलना यह दर्शाता है कि उस काल में व्यापार और वाणिज्य खूब उन्नति कर चुकी थी। द्विवेदी युगीन कवि शुकलाल प्रसाद पांडेय ने लिखा है -

ऐ भारतीय नेपोलियन सिंधुगुप्त नृप अति बलि।
बहु वीर नृपतियों की रही, यही भूमि क्रीड़ास्थली।
चंद्रगुप्त से वीर धीर अति यशोधर्मा से।
पुलकेशी से यशी अलंकृत धम्म वम्म से।



# मरने के बाद भी मुसीबत का सफर, खाट पर अर्थी ले जाने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सक्ती

नवगठित जिला मुख्यालय सक्ती शहर में एक ऐसा वार्ड है, जहां के रहवासियों को जीते जी तो आने जाने में परेशानी होती ही है, मरने के बाद भी सुकून नहीं मिलता। यहां के राजापारा वार्ड क्रमांक 3 अंतर्गत ठाकुरदिया एक ऐसा मोहल्ला है, जहां अंतिम संस्कार के लिए अर्थी को खाट पर लेटा कर कीचड़ और फसलों के बीच खेत के रास्ते को पार करके मुक्तिधाम पहुंचना पड़ता है। विडंबना यह है कि सबसे पुराने तहसील एवं अनुविभाग के बाद जिला बनने के बाद भी यहां के रहवासियों को इस समस्या से निजात नहीं मिल पाई है। नगर पालिका परिषद सक्ती अंतर्गत वार्ड नंबर 3 राजापारा अंतर्गत ठाकुरदिया मोहल्ला में तकरीबन 25-30 आदिवासी परिवार निवासरत है। यहां इस मोहल्ले के रहवासियों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि यहां से होकर आने वाले रास्ते का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हुआ है। बताया जाता है कि मार्ग में कुछ लोगों की निजी जमीन है, जिसके कारण सड़क का काम नहीं हो सका है। ऐसे में बरसात के दिनों में इस मोहल्लेवासियों को आने जाने में नर्क से भी बदतर रास्ते को पार करना पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि यहां से मुक्तिधाम जाने वाले मार्ग की हालत भी बदहाल है। सोमवार 2 सितंबर को यहां के निवासी भीमराव की पत्नी रमशीला उरांव उम्र 45 वर्ष की मौत हो गई। ऐसे में उसके अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम जाने के लिए विकट स्थिति निर्मित हो गई।

### सक्ती जिला मुख्यालय के राजापारा वार्ड के रहवासियों की व्यथा



### हर साल बरसात के दिनों में इस तरह की विपरीत परिस्थितियों का सामना

कीचड़ और दलदल से सराबोर मार्ग से अर्थी ले जाने यहां के रहवासियों ने खाट का इंतजाम किया। महिला की अर्थी को खाट पर लिटाया गया और उस खाट को उठाकर परिजन इस दलदल भरे मार्ग को पार किए। उल्लेखनीय है कि सक्ती के राजापारा वार्ड के ठाकुरदिया मोहल्ले में रहने वाले आदिवासी परिवार की यह समस्या अभी की नहीं है, वे हर साल बरसात के दिनों में इस तरह की विपरीत परिस्थितियों का सामना करते है। बताया जाता है कि इस समस्या को देखते हुए जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मोहल्लेवासियों ने सड़क निर्माण की मांग की थी, लेकिन इस दिशा में आज तक ठोस पहल नहीं हो सकी। लिहाजा तहसील और अनुविभाग के बाद जिले का दर्जा मिल चुके सक्ती शहर के ठाकुरदिया मोहल्लेवासियों की तस्वीर और तकदीर नहीं बदली।

## खबर संक्षेप

### गैंगरेप के आरोपियों की जमकर की पिटाई फिर किया पुलिस के हवाले



**जांजगीर-डभरा।** मानसिक रूप से कमजोर युवती को सूने मकान में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म करने की जानकारी मिलते ही मोहल्लेवासी भड़क उठे। उन्होंने आरोपी युवकों की जमकर उनकी धुनाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। खास बात यह है कि भीड़ की मार से आहत तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद अस्पताल ले जाना पड़ा। हालांकि दवाईयां आदि देने के बाद उन्हें रात में जेल दाखिल किया गया। मामला सक्ती जिला अंतर्गत डभरा थाने के बसंतपुर गांव का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बसंतपुर निवासी डभरा थाना अंतर्गत बसंतपुर गांव में मानसिक रूप से कमजोर युवती के साथ गांव के ही तीन आरोपियों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए। बताया जाता है कि गांव के ही आरोपी बोटलाल, गनेशीलाल और मदन माली ने सोमवार 2 सितंबर को दोपहर के वक्त गांव के ही एक युवती को झांसे मे ले लिया। वे उसे गनेशी लाल के सूने मकान में ले गए। जहां उसके साथ तीनों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। मानसिक रूप से कमजोर युवती से दुष्कर्म करने की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो वे भडक उठे और उन्होने तीनों आरोपियों की जमकर धुनाई की।

## हाथी के हमले से मौत की आशंका, शव का हुआ पीएम

# छाल रेंज के कीदा में मिला हाथी के बच्चे का शव, पोस्टमार्टम के बाद होगी स्थिति स्पष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

धरमजयगढ़ वन मंडल के अतंर्गत छाल रेज के कीदा परिसर में एक नर हाथी के शावक का शव मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने देखा तो वन विभाग को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद वन अमला मौके पर पहुंच गया और सारी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद पोस्टमार्टम किया गया।

हालांकि शावक की मृत्यु के कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। ऐसे में अधिकारियों द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होने की बात कही जा रही है। वहीं दूसरी तरफ हमीरपुर के पास एक संदिग्ध शव बरामद किया गया है। आशंका है कि युवक की मौत हाथी के हमले से हुई है। वन विभाग दोनों मामलों की जांच कर रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कीदा परिसर के कक्ष क्रमांक 486 आरएफ में एक नर हाथी के शावक का शव मिलने की सूचना प्राप्त होने के बाद वन अमला मौके पर पहुंचा।



### धरमजयगढ़ में 66 हाथी मौजूद

जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग अलग क्षेत्रों में 23 नग, 27 मादा व 16 शावक विचरण कर रहे हैं। सबसे अधिक 12 हाथी कापू के अलोला में विचरण कर रहे हैं। यहां 3 नर, 5 मादा और 4 शावक मौजूद हैं। इसके अलावा छाल के हाटी में भी 11 हाथियों का दल विचरण कर रहा है, जिसमें 3 नर, 5 मादा और 3 शावक हैं।

**54 किसानों की फसल बर्बाद :** जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ वन मंडल में विचरण कर रहे गजराजों ने 54 किसानों की धान और मक्का की फसल को नुकसान पहुंचाया है। सूचना मिलने पर वन अमले ने मौके पर पहुंच कर फसल क्षति का आंकलन शुरू करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### हाथी के हमले से युवक की मौत की आशंका

हमीरपुर मार्ग पर बंगुरसियां के आगे सड़क किनारे एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली है। यह शव करीब 3 से 4 दिन पुरानी बताई जा रही है। जो पूरी तरह से डिस्पोज हो चुकी है। फिलहाल मामले की जानकारी पर वन अमला और चक्रधर नगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। व्यक्ति की मौत कैसे हुई है, यह फिलहाल स्पष्ट नही पाया है, लेकिन घटना स्थल पर हाथी के पैर के निशान पाए जाने से आशंका जताई जा रही है कि संभवतः हाथी ने ही व्यक्ति को कुचल कर मार डाला होगा।

# सब्जी बेचकर लौट रहे पतिपत्नी की सड़क दुर्घटना में मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बोधघाट थाना क्षेत्र के लामनी रेलवे क्रासिंग के करीब मंगलवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने दो बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में सब्जी बेचकर अपने घर लौट रहे बाइक सवार दम्पति की मौत हो गई। वहीं एक अन्य बाइक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।बोधघाट पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां उसका उपचार जारी है। घटना की जानकारी देते हुए बोधघाट टीआई लीलाधर राठौर ने बताया कि नवागांव नानगुर निवासी बुल्कू नाग 45 वर्ष अपनी पत्नी तिरोबाई नाग 40 वर्ष के साथ स्थानीय संजय बाजार में सब्जी बेचने के बाद घर लौट रहे थे। तभी रेलवे क्रासिंग से पूर्व मोड़ में सामने से जा रही ट्रक को ओवरटेक करते हुए आगे जाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक को देखकर वे हड़बड़ाहट में ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आ गए। हादसे में दोनों पति पत्नी की मौत हो गई। वहीं सामने से आ रहे बाइक सवार सरगीपाल निवासी सोमारू गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। हादसे के बाद



ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था, लेकिन कुछ देर बाद उसने बोधघाट थाना में समर्पण कर दिया।

**गांव में शोक, ग्रामीणों में रोष :** पति पत्नी की मौत की खबर लगते ही नानगुर के नवागांव व आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं तेज रफ्तार भारी वाहनों के चलते आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए ग्रामीणों में रोष देखा जा रहा है।

### दो बाइक में भिड़ंत, एक युवक की गई जान

बीजापुर जिले के नेशनल हाइवे तिमेड रोड गोल्लागुड़ा के पास दो बाइक कि भिड़त में मौके पर एक युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक निखिल नीलम बीजापुर का निवासी है। भिड़त इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही चालक ने दम तोड़ दिया। अन्य लोगों को भी गंभीर चोटें आईं हैं।

# शिक्षक के थप्पड़ से फटा छात्र के कान का पर्दा


**वाड्रफनगर।** विकासखंड में शिक्षकों की प्रतिदिन नई नई लापरवाही और मनमर्जी सामने आ रही है। अब शिक्षक द्वारा बच्चे की गाल पर थप्पड़ मारने का मामला सामने आया है।

थप्पड़ की वजह से बच्चे को कान में दर्द व सुनाई देने में समस्या हो रही है। इधर इस मामले में शिकायत के बाद शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। यह पूरा मामला विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंडरी का है। विद्यालय में चक्रधारी सिंह आयाम ग्रंथपाल के पद पर पदस्थ है। शिक्षक पर आरोप है कि कक्षा 9वीं का छात्र शर्ट की आस्तीन को ऊपर मोड़कर स्कूल पहुंचा था। आरोप है कि शर्ट की आस्तीन ऊपर करने से ही नाराज शिक्षक चक्रधारी सिंह ने उसे इतनी जोरदार का थप्पड़ जड़ा की बच्चे को सुनाई देने में समस्या शुरू हो गई। दर्द से परेशान बच्चे ने घटना की जानकारी अपने परिजन को दी तो परिजन उसे लेकर डॉक्टर के पास पहुंचे जहां डॉक्टरों ने कान का पर्दा फटने की पुष्टि की। इस घटना को लेकर अभिभावकों में आक्रोश का माहौल निर्मित हो गया। मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई जिसके बाद बीईओ मनीष कुमार सिंह द्वारा घटना की जांच की गई। बीईओ की जांच उपरान्त जांच प्रतिवेदन जेडी कार्यालय भेजा गया था। अब इस मामले में जेडी कार्यालय से शिक्षक चक्रधारी सिंह आयाम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय शंकरगढ़ बीईओ कार्यालय निर्धारित किया गया है।



■ जांच के बाद शिक्षक निलंबित उमावि पंडरी का मामला

# कोरियर सर्विस आफिस में चोरी बालाघाट से दो चोर गिरफ्तार



**भिलाई।** अमेजन कोरियर सर्विस आफिस का ताला तोड़कर आलमारी से नगदी चोरी करने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा धारा 331,305 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। जेवरा सिरसा प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि कर्मचारी नगर सिकोला भाठा निवासी अर्पित बरनवाल का करहीडीह जेवरा सिरसा में स्थित अमेजन कोरियर सर्विस पार्सल ऑफिस में मैनेजर पद पर कार्यरत है। 23अगस्त को मैनेजर ने शिकायत किया था कि अमेजन कोरियर सर्विस में कर्मी लव देवागंन फोन कर बताया कि शटर का ताला तोड़कर आलमारी में रखा गया नगदी रकम चोरी हो गया। पुलिस में शिकायत करने पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई।

मुखबिर व सीसी कैमरे को खंगालने के बाद एसीसीयू व जेवरा पुलिस ने आरोपी को पकड़ने प्लान तैयार किया। सीसीटीवी कैमरों का त्रिनयन एप्प के माध्यम से फूटेज निकाला गया। फूटेज में एक संदिग्ध काले रंग की हुंडई एसेंट कार में दिख रहा था। उसी आधार पर पुलिस ने कार की जानकारी जुटाई गई। उसके बाद कार का नंबर स्पष्ट होने पर वाहन मालिक तक पुलिस पहुच गई। पूछताछ करने पर पता चला कि उनका पहचान वाला बालाघाट एमपी निवासी सुनील कावडे कार का इस्तेमाल करने की जानकारी दी। टीम ने आरोपी के घर जागपुर थाना भरवेली जिला बालाघाट पहुची। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- पोल्ट्री मेडिसिन की मार्केटिंग हेतु लड़कों की आवश्यकता है। योग्यता- ग्रेजुएशन एंड्राइड मोबाइल एवं टू व्हीलर अनिवार्य सम्पर्क करें मोबाइल नंबर:- 8085585019.(RO-2964)

**एकाउंटेंट**

आवश्यकता है- ट्रांसपोर्ट लाजिस्टिक्स कार्य हेतु एम बी ए और एक एकाउंटेंट की आवश्यकता है वेतन अनुभव योग्यतानुसार अनुसार रहेगा Contact - 9685867700, 9303203177 एस एस लाजिस्टिक रावाभाटा ट्रांसपोर्ट नगर बीरगांव रायपुर छत्तीसगढ़ (RO-7401)

क्लासीफाईड

**टीचर**

आवश्यकता है- कॉमर्स एवं सामाजिक विज्ञान पढ़ने हेतु टीचर्स की संपर्क वर्धमान द स्कूल, नहर रोड, कृष्णा नगर, संतोषी नगर, रायपुर 9109329528. (RO-16)

**कुक/कैंटीन कार्य**

आवश्यकता है- देवादा हॉस्पिटल के कैंटीन में काम हेतु कर्मचारी टेबल सफाई, बर्तन सफाई, खाना बनाने हेतु कुक तुरन्त संपर्क करे:- मो.- 9303657790, 7970259986.(आरो नं - 6376)

**मार्केटिंग/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव और प्लांट सुपरवाइजर की आवश्यकता है। मिलें. कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, उरकुरा रेल्वे स्टेशन रोड, भनपुरी,रायपुर छ.ग. मो नं. 9575448836. (RO-1752)

**इंजीनियर/स्टोर कीपर**

आवश्यकता है- मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में सिविल एवं रेलवे निर्माण कार्य के एस्टीमेट, बिलिंग कार्य हेतु 5वर्ष अनुभवी सिविल इंजीनियर साईट सुपरवाईजर, स्टोर कीपर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। सम्पर्क करे- 9644691124, 9425183302. (RO-35274)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- अनुभवी और स्मार्ट सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है संपर्क करें:- KOOL BEB'S अग्रसेन चौक नेहरूनगर भिलाई । मो.- 9827490990.(आरो न.-569)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- "होटल" जेलरोड, तेलीबांधा रायपुर हेतु सुपरवाइजर 4, सुरक्षा गार्ड 30, लेडी गार्ड 4, मार्केटिंग अधिकारी 2, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास एक टाइम भोजन फ्री गार्ड हेतु गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 10000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019.(RO-2955)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम की दुकान में काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूल चौक जोरा पारा, काली माता मंदिर के पास रायपुर 98271-14645.(RO-2971)

क्लासीफाईड

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, रायपुर) में बंडल खोलने/ पैक करने के लिए लड़कों एवं सेल्स मेन की आवश्यकता है। मो. 7067048454 (RO-6472)

**डिजाइनर/मार्केटिंग**

शीघ्र आवश्यकता है- ग्राफिक डिजाइनर (12000-20000) मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (15000-20000) फ्लेक्स मशीन ऑपरेटर (10000-15000) टाटा एस ड्राइवर जो रायपुर से बाहर रह सके (12000 + भत्ता) ई- रिक्शा ड्राइवर (7000-9000) संपर्क- मां ऐड एजेंसी रायपुरा चौक मंजीत टावर- 7974351591.(RO-3729)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- हर्ष मीडिया को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में V- 30 Intra- LED वेन चलाने ड्राइवर की आवश्यकता है। अनुभवी ड्राइवर लाइसेंस, आधार कार्ड व अन्य विवरण सहित संपर्क करें- 8225022889, 9827806026. (आरो न.- 6375)

**अन्य**

आवश्यकता है- ( SAFE AND SECURE JOB ) Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 7003467406. (RO-441)

आवश्यकता है- (स्वयं का रोजगार) (अपना रोजगार) आयुवेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग कॉल/ WHATSAPP करें) NOC -2150/- +91 62673 24667. (RO-1330)

**Property प्रापर्टी**

**मकान/बंगला**

बेचना है - रायपुर में VIP चौक पर ऐश्वर्या रेसीडेंसी में 4BHK बंगला, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी रायपुरा में 3BHK डुप्लेक्स, VIP रोड मौलश्री विहार में 4BHK बंगला, न्यू धमतरी रोड पर मारुति हेरिटेज में 3BHK फ्लैट बेचना है सम्पर्क:- 8871343000, 7724953129, 9340033105. (RO-2970)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है- प्लॉट ही प्लॉट गैलेक्सी हाइट्स के आगे बोरसी दुर्ग में आवासीय प्लाट मात्र 850fit में बैंक फाइनेंस सुविधा उपलब्ध जल्द कीजिए सीमित प्लांट 9770047215, 6260058087 (आरो नं -280)

प्लॉट बेचना है- त्योहारी ऑफर प्लॉट ही प्लांट चंदखुरी से हनोदा मार्ग लगा हुआ आवासीय प्लांट 600fit में बैंक फाइनेंस सुविधा उपलब्ध रजिस्ट्री, डायवर्सन, प्रमाणीकरण फ्री - 9770047215, 6260058087.(आरो नं -280)

**Purchase खरीदना**

ज़मीन खरीदना है- लगभग 5 लाख रुपया एकड़ भाव की 2-4 एकड़ खेती योग्य, डामर रोड टच, गैर आदिवासी, दुर्ग नगर से 50-60 किलोमीटर तक खरीदना है। वाट्सएप:- 9039619131.(आरो नं - 6374)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 9350674841, 9350674841. (RO-2967)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह"
तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad.
62638l8152

Healthcare

गुप्त रोगो का सफल ईलाज पैसा ठीक होने के बाद



- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।

निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें 9174440077, 9009330088

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हेपाटाईटिस, एच.आई.वी. हर्पिस रोग एवं यौन समस्या

स्त्री-पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) में दाने छाले, फून्सी, लाल होना, फटना, जलन व दर्द योनि में खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना, मुँह में छाले, कमजोरी, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना, मैल जमना शरीर में खुजली होते हो तो तुरंत खून की जाँच कराये इसमे कई लोगों को हेपाटाईटिस, हर्पिस व कुछ लोगों को एच.आई.वी. पॉजिटिव होते हुए भी पाया गया है। आप चिंता मुक्त हो सकते है यदि खून का रिपोर्ट निगेटिव हो तो यदि पॉजिटिव हुआ तो आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं। यौन समस्याः इन्द्रिय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुन जन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, यूरेथा स्ट्रेक्चर अर्थात् (पेशाब मे रुकावट, बूंद बूंद या नही उतरना) जलन ऐसे होते हो तो ।
बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.) 9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल फार्मा साईंटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,। 9303948500,,9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## नाराज राव नरबीर को भाजपा ने मनाया, अमित शाह से हुई मुलाकात

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** कांग्रेस में जाने की तैयारी कर रहे हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता राव नरबीर को पार्टी ने मना लिया है। मंगलवार को नरबीर ने दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। माना जा रहा है कि बादशाहपुर विधानसभा से राव नरबीर की टिकट पक्की हो गई है। हरियाणा में 2014 की मनोहर सरकार में मंत्री रहे राव नरबीर को भाजपा ने 2019 के विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया था।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**कमिंशनिंग कार्य हेतु निविदा सूचना**

निविदा सूचना संख्याः 74-एसएनटी-परि.-टेंडर-2024 दिनांक :23.09.2024

कार्य : एस.ई.सी. रेलवे के बिलासपुर मंडल में अवस्थित एनटीपीसी लारा एमजीआर पैकेज के प्राइवेट साइडिंग से कनेक्टिविटी के लिए रायगढ कोतरलिया खंड के बीच चक्रधर नगर स्टेशन पर नई इलेक्ट्रानिक इंटरलॉकिंग की डिजाइन आपूर्ति स्थापना परीक्षण कमीशनिंग के साथ सभी इनडोर और आउटडोर एसएंडटी कार्यों के निष्पादन एवं रायगढ और कोतरलिया स्टेशनों पर मौजूदा इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग में बदलाव का प्रावधान। निविदा मूल्य : ₹ 18,00,99,153.10/– (रूपये अठारह करोड निन्यानबे हजार एक सौ तिरपन एवं दस पैसे मात्र)। अमानत राशि : ₹ 10,50,500.00/– (रूपये दस लाख पचास हजार पांच सौ मात्र), निविदा जमा करने की तिथि व समयः 23.09.2024 के 12:30 बजे तक। विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/परि.
CPR/10/212 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail


### राहुल गांधी ने उठाये सवाल

# रेल को पटरी पर सुरक्षित रखने वाले ट्रैकमैन इतने असुरक्षित क्यों?

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

रेल कुली, लोको पायलट की समस्या सुनने, समझने और सार्वजनिक रूप से उठाने के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी आज, मंगलवार को पहुंचे रेलवे ट्रैक पर। वो समझना चाहते थे कि दिन भर रेलवे की पटरियों को दुरुस्त करते हुए ट्रैकमैन की दिनचर्या क्या होती है? वे अपने काम से कितने खुश हैं? उन्होंने ट्रैकमैन के साथ पटरियों पर कदमताल करते हुए पाया कि रेलवे को गतिशील और सुरक्षित बनाए रखने वाले ट्रैकमैन भाइयों के लिए सिस्टम में 'न कोई प्रमोशन है, न ही इमोशन'। भारतीय रेल कर्मचारियों में ट्रैकमैन सबसे ज्यादा उपेक्षित हैं। राहुल गाँधी ने अपने अनुभव /"एक्स/" पर साझा करते हुए लिखा, उनसे मिल कर उनकी समस्याओं और चुनौतियों को समझने का मौका मिला। ट्रैकमैन 35 किलो औजार उठाकर रोज 8-10 कि.मी. पैदल चलते हैं। उनकी नौकरी ट्रैक पर ही शुरू होती है और वो ट्रैक से ही रिटायर हो जाते हैं।



**विपरीत परिस्थितियों में बिना बुनियादी सुविधाओं के दिन-रात कड़ी मेहनत करने वाले ट्रैकमैन भाइयों की इन प्रमुख मांगों को हर हाल में सुना जाना चाहिए**

1. काम के दौरान हर ट्रैकमैन को 'रक्षक यंत्र' मिले, जिससे ट्रैक पर ट्रेन आने की सूचना उन्हें समय से मिल सके।
2. ट्रैकमैन को विभागीय परीक्षा (LDCE)के जरिए तरक्की का अवसर मिले।

**लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा...**

ट्रैकमैन की तपस्या से ही करोड़ों देशवासियों की सुरक्षित रेल यात्रा पूरी होती है, हमें उनकी सुरक्षा और तरक्की दोनो सुनिश्चित करनी ही होगी।

**सचिवों, संयुक्त सचिवों को निर्देश राहुल गांधी के सामाजिक न्याय को घर घर पहुंचाओ**

अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में एक साथ 74 सचिवों और संयुक्त सचिवों की नियुक्ति कर अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सीधे बैठक लेकर साफ कर दिया कि संगठन के एक एक नेता, कार्यकर्ताओं को जीजान से जुट कर संगठन को मजबूत करने के लिए काम करना होगा। ये पहली बार होगा जब देशभर में जाति आधारित जनगणना, जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी के नारे के तर्ज पर एआईसीसी में सचिवों और संयुक्त सचिवों की नियुक्तियों में आरक्षण के इस फार्मूले को लागू करने की कोशिश की गई जिसमें 50 फीसदी ऐसे नेताओं को मौका दिया गया जो अन्य पिछडा वर्ग, अनुसूचित जाति और जनजाति समेत 16 फीसदी मुस्लिम और क्रिश्चियन बिरादरी के नेताओं को भी एडजस्ट किया गया है।


**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग**

**कोंडागांव वनमंडल के काष्ठागार के नीलाम का संक्षिप्त विवरण**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि दक्षिण कोंडागांव वनमंडल के अंतर्गत कोंडागांव काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ/जलाऊ काष्ठ का घोष विक्रय द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि घोष विक्रय में भाग लेवें। घोष विक्रय की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

| वन मंडल का नाम | काष्ठागार का नाम | नीलाम दिनांक व समय |
|---|---|---|
| कोण्डागांव | कोण्डागांव काष्ठागार | 09.09.2024, प्रातः 9.00 बजे से |

| प्रजाति | नया वनोपज | | | अविक्रित वनोजप | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ई. काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली/डेंगरी (नग में) | | ई. काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली/डेंगरी (नग में) | | ई. काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली/डेंगरी (नग में) | |
| सागौन | 0 | 0 | 0 | 3.151 | 2284 | 4 | 3.151 | 2284 | 4 |
| साल | 1160.170 | 762 | 176 | 2413.723 | 441 | 990 | 3573.893 | 1203 | 1166 |
| बीजा | 34.940 | 2 | 4 | 54.394 | 7 | 8 | 89.334 | 9 | 12 |
| साजा | 31.032 | 13 | 6 | 21.437 | 3 | 14 | 52.469 | 16 | 20 |
| हल्दू | 18.374 | 3 | 7 | 15.796 | 2 | 2 | 34.170 | 5 | 9 |
| अन्य | 34.162 | 17 | 11 | 48.666 | 7 | 3 | 82.828 | 24 | 14 |
| औद्यो. बांस | 0 | 0 | 0 | 15.187 N.T. | | | 15.187 N.T. | | |
| योग- | 1278.678 | 797 | 204 | 2557.167 | 2744 | 1021 | 3835.845 | 3541 | 1225 |
| औद्यो. बांस | 0 | 0 | 0 | 15.187 N.T. | | | 15.187 N.T. | | |

**दूरभाष क्रमांक-दक्षिण कोंडागांव वनमंडल (07786-242303)**

(1) प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लॉट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1,000/- रूपये इसमें जो भी अधिक हो, जमा करना अनिवार्य है।
(2) क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व वर्ष 2024 का पंजीयन प्रमाण पत्र, GST प्रमाण पत्र एवं आयकर पेनकार्ड की छायाप्रति ई.एम.डी. कक्ष में जमा करना अनिवार्य है।
(3) विनिर्माता/उपभोक्ता/व्यापारी लायसेंस, GST कर एवं आयकर पेननंबर की छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही वर्क आर्डर जारी किया जावेगा।
(4) नीलाम में क्रय किये गये लॉटों का विक्रय मूल्य सहित विवरण ई.एम.डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।
(5) GST की राशि का भुगतान पृथक से "कोण्डागांव वनमंडल कोण्डागांव" के नाम से बैंक ड्राफ्ट जो कोंडागांव में देय तो, तैयार कर प्रस्तुत करना होगा।

वनमंडलाधिकारी
कोंडागांव वनमंडल, कोंडागांव

G-242502193/2


## पोप फ्रांसिस की लंबी यात्रा का हुआ आगाज

**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस अपनी सबसे लंबी यात्रा की शुरुआत में मंगलवार को इंडोनेशिया पहुंचे और इस दौरान उनके कैथोलिक समुदाय को प्रोत्साहित करने तथा दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाले देश में अंतरधार्मिक सद्भाव की परंपरा को आगे बढ़ाने की उम्मीद है। पोप फ्रांसिस के रोम से रात भर की विमान यात्रा के कारण मंगलवार को जकार्ता में विश्राम करने की योजना है। वह पापुआ न्यू गिनी, ईस्ट टिमोर और सिंगापुर भी जाएंगे। बहरहाल, वेटिकन ने कहा कि 87 वर्षीय पोप मंगलवार को जकार्ता में वेटिकन आवास में शरणार्थियों, प्रवासियों और बीमार व्यक्तियों के एक समूह से मुलाकात करेंगे।

## बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया पांच मामलों में बरी

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को पांच अलग-अलग मामलों में बरी कर दिया गया है, जिनमें से एक मामला "फर्जी जन्मदिन" मनाने और दूसरा युद्ध अपराधियों का समर्थन करने के आरोप में दर्ज किया गया था। यह जानकारी मंगलवार को मीडिया की एक खबर से मिली। 'ढाका ट्रिब्यून' समाचारपत्र की खबर के अनुसार, ढाका के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट महबूबुल हक की अदालत ने चार मामलों में बरी करने का आदेश जारी किया, जबकि अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट तोफज्जल हुसैन की अदालत ने मंगलवार को एक मामले में उन्हें बरी कर दिया।

## चीन : बस ने छात्रों को मारी टक्कर 11 की मौत

**बीजिंग।** चीन के शांदोंग प्रांत में मंगलवार को एक स्कूल के गेट पर मौजूद छात्रों की भीड़ को एक बस ने टक्कर मार दी, जिसके कारण कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक छात्रों को ले जाने के लिए किराये पर ली गई एक बस ने नियंत्रण खो दिया और सुबह करीब 7.30 बजे ताइआन शहर में पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि 13 घायलों में से कम से कम एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि अन्य की हालत स्थिर है। सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार बस चालक को हिरासत में ले लिया गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि यह घटना दुर्घटना है या बच्चों पर जानबूझकर किया गया हमला है।


**State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh Shankar Nagar, Raipur**

**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर**

Telephone-0771-2443596 , 2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email:scertcg@gmail.com

पत्र क्र./शिक्षक-शिक्षा/ बी.एड./ 30-1 / प्रवेश / 2024-25 3556 रायपुर दिनांक 03/09/2024

**बी.एड./डी.एल.एड./बी.ए.बी.एड./बी.एस.सी.बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आबंटन कार्यक्रम 2024 की सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय एवं निजी शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित द्विवर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम 2024-25 में प्रवेश के लिए इच्छुक प्री.बी.एड. परीक्षा 2024 में शामिल व छ.ग. बी.एड. प्रवेश नियम 2006 अनुसार पात्र अभ्यर्थी तथा राज्य के शासकीय डाइट / बी. टी. आई. व निजी शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित डी.एल.एड. पाठ्यक्रम 2024-25 में प्रवेश के लिए इच्छुक प्री. डी.एल.एड. परीक्षा 2024 में शामिल व छ.ग. डी. एड. प्रवेश नियम 2007 अनुसार पात्र अभ्यर्थी तथा निजी महाविद्यालयों में संचालित चार वर्षीय बी. ए. बी.एड. / बी.एस.सी.बी.एड. में प्रवेश के लिए इच्छुक प्री टेस्ट 2024 में शामिल प्रवेश नियम 2018 अनुसार पात्र अभ्यर्थी चिप्स के Website https://slcm.cgstate.gov.in/SCERTOnline / में जाकर निर्धारित प्रक्रिया शुल्क का भुगतान कर विकल्प फार्म ऑनलाइन जमा किया जा सकता है।

विस्तृत सीट आबंटन कार्यक्रम, आवश्यक दिशा निर्देश, प्रवेश नियम व प्रक्रिया, महाविद्यालयों व संस्थानों की सूची व शुल्क की जानकारी SCERT रायपुर के वेबसाइट https://scert.cg.gov.in एवं CHIPS के वेबसाइट में उपलब्ध है। आबंटन प्रक्रिया व्यापम द्वारा जारी प्री. बी. एड. / प्री. डी.एल.एड. / प्री. बी.ए. बी.एड./ प्री.बी.एस.सी.बी.एड. परीक्षा 2024 के प्राप्तांक के आधार पर किया जायेगा। आबंटन कार्यक्रम निम्नानुसार है :-

**ऑनलाइन आबंटन कार्यक्रम (बी. एड. / डी.एल.एड. / बी.ए.बी.एड. / बी. एस. सी. बी. एड.)**

| क्र. | विवरण चरणवार | बी.एड. / डी.एल.एड. / बी.ए.बी.एड. / बी.एस.सी.बी.एड. | |
|---|---|---|---|
| | | दिनांक से | दिनांक तक |
| | **प्रथम चरण** | | |
| 1 | पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 05.09.2024 | 11.09.2024 |
| 2 | प्रथम चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 16.09.2024 | 18.09.2024 |
| 3 | प्रथम चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 19.09.2024 | |
| 4 | प्रथम चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 19.09.2024 | 24.09.2024 |
| 5 | रिक्त सीटों की जानकारी | 25.09.2024 | |
| 6 | प्रथम चरण की द्वितीय सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 26.09.2024 | 27.09.2024 |
| 7 | प्रथम चरण की द्वितीय सूची जारी करना। | 30.09.2024 | |
| 8 | प्रथम चरण की द्वितीय सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 30.09.2024 | 07.10.2024 |
| 9 | रिक्त सीटों की जानकारी | 08.10.2024 | |
| | **द्वितीय चरण** | | |
| 10 | पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 10.10.2024 | 14.10.2024 |
| 11 | द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 17.10.2024 | 18.10.2024 |
| 12 | द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 21.10.2024 | |
| 13 | द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 21.10.2024 | 25.10.2024 |
| 14 | रिक्त सीटों की जानकारी | 28.10.2024 | |
| 15 | द्वितीय चरण की द्वितीय सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 29.10.2024 | 30.10.2024 |
| 16 | द्वितीय चरण की द्वितीय सूची जारी करना। | 04.11.2024 | |
| 17 | द्वितीय चरण की द्वितीय सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 04.11.2024 | 11.11.2024 |
| 18 | रिक्त सीटों की जानकारी | 12.11.2024 | |

वर्तमान में दो ही चरण की आबंटन प्रक्रिया के कार्यक्रम जारी किये जो रहे है यदि सीटे रिक्त रहती है तो तीसरे चरण का आबंटन कार्यक्रम व दिशा निर्देश बाद में एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट में जारी किया जायेगा। तीसरे चरण का आबंटन प्रक्रिया प्रथम 2 चरण अनुसार ही होगा।

अभ्यर्थी पत्र व्यवहार तथा दावा आपत्ति E-mail suport.slcm@cgchips.in पर आवश्यक दस्तावेज / आवेदन पत्र भेजकर कर सकते है। पूछताछ के लिए कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चिप्स के हेल्प डेस्क 7470470609 पर सम्पर्क कर सकते है।

उपरोक्त समस्त प्रवेश प्रक्रिया, छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्र. / एफ 13-1/2023/आ.प्रा. / 1-3 नवा रायपुर दिनांक 07.08.2023 के अनुरूप आरक्षण संबंधी प्रावधान माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्र. 19668 / 2022 के अंतिम आदेश के अध्याधीन होगी।

( राजेन्द्र कुमार कटारा )
संचालक एस.सी.ई.आर.टी., छ.ग. रायपुर

S-41313/3



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक 325 /लो.क.वि./न.पा.नि./2024 रायगढ़ दिनाँक 02-09-2024

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सि.नि. क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 158225 | CONSTRUCTION OF MUKTIDHAM AT CHMO TIRAHA BHAGWANPUR W.N. 45 (2nd Call) | 26.19 | 19.09.2024 |
| 2 | 158226 | CONSTRACTION OF MUKTIDHAM AT PANJRI PLANT W.N.28 (2nd Call) | 20.00 | 19.09.2024 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता न.पा.नि., रायगढ़



**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**
मो.नं.- 09424160732 ई मेल पताः- ee-res.Dantewada@nic.in

**// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना प्रथम बार //**
**-: निविदा क्रमांक-04 :-**

क्रमांक / 891 / व.ले.लि./ग्रा.यां. सेवा/2024, दन्तेवाड़ा दिनांक- 30/08/2024

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 19/09/2024 तक आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | छात्रावास भवन की मरम्मत एवं रंगाई पोताई कार्य परचेली एवं छात्रावास भवन एवं खिड़की दरवाजा की मरम्मत कार्य परचेली व छात्रावास भवन में शौचालय मरम्मत एवं बोर खनन कार्य परचेली (विद्युतीकरण छोड़कर) विकासखंड-कटेकल्याण | 37.00 लाख |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://res.cg.gov.in में **दिनांक 05/09/2024 से 13/09/2024** तक निशुल्क डाऊनलोड की जा सकती हैं।

कार्यपालन अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

G-242502164/3



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग बालोद**

**टेन्ट/शमियाना दर आमंत्रण सूचना**

दर आमंत्रण विज्ञप्ति क्रमांक 4450 / टेन्ट / 2024-25 / बालोद दिनांक 30.08.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के दौरान समय-समय पर आवश्यक टेन्ट / शमियाना कार्य के लिये पंजीकृत संस्थान (शॉप एक्ट पंजीयन एवं जी.एस.टी. पंजीयन ) से निविदा प्रपत्र - बी (आयटम दर निविदा) में निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 16.09.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 24.09.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि : 25.09.2024अपरान्ह 11.30 बजे तक

| | |
|---|---|
| अमानत राशि | रू: 2,00,000/- ( अनुसूचित बैंक का एफ. डी. आर. ) |
| स्वीकृत दर | दिनांक 31.03.2025 तक के लिए मान्य होगा। |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | रू. 750/- |
| दर अनुसूची | अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग दुर्ग मंडल दुर्ग ज्ञाप क्र. 1916 / सा/ 2022 दुर्ग दिनांक 13.03.2023 द्वारा स्वीकृत दर (टेन्ट, शमियाना हेतु) अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग (वि / यां) रायपुर मंडल रायपुर ज्ञाप क्रमांक 2015 / सा / विविध - 09 / 2018-19 दिनांक 27.10.2021 द्वारा स्वीकृत दर (माईक, लाईट हेतु) (उपरोक्त दर जी. एस. टी सहित है) |

टीप :- शेष नियम एवं शर्ते कार्यालय से प्राप्त करें।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग बालोद

G-242502171/2



**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक, गरियाबंद देवभोग रोड, दर्रापारा जिला गरियाबंद (छ.ग.)**
फोन नंबर-07706-241303, Email:-gpolyg@rediffmail.com

क्रमांक 461 / शापॉग / SS/स्था./2024 गरियाबंद, दिनांक 29/08/2024

**// निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय-काल) //**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शासकीय पॉलीटेक्निक गरियाबंद (नवनिर्मित भवन दर्रापारा, ग्राम पंचायत-परागांव) भवन व प्रांगण तथा यहाँ रखे सामानों की सुरक्षा हेतु तीन पॉलियों में 03 सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता हेतु कार्यालयीन निविदा सूचना विज्ञप्ति क्रमांक 385 / शापॉग /ss/स्था./2024 गरियाबंद, दिनांक 05/08/2024 के द्वारा प्रकाशित की गई थी। पर्याप्त संख्या में निविदा प्राप्त न होने के कारण निविदा (द्वितीय-काल) आमंत्रित किया जाता है। जिसके लिये पंजीकृत एजेंसी से बंद लिफाफा में दिनांक 19/09/2024 को कार्यालयीन समय दोपहर 03.00 बजे तक निविदा आमंत्रित किया जाता है। जो दिनांक 19/09/2024 को 04.00 बजे संस्था के कार्यालय में खोला जावेगा। पूर्व में प्राप्त निविदा को भी नवीन निविदाओं के साथ सम्मिलित किया जा सकेगा। निविदा के नियम व शर्ते यथावत रहेगी। निविदा खोलते समय निविदाकार या उसका प्रतिनिधि कार्यालय में उपस्थित रह सकते है।

उक्त विज्ञापन संचालनालय वेबसाईट www.cgdteraipur.cgstate.gov.in, संस्था के वेबसाईट www.polygariaband.ac.in व जिला गरियाबंद की वेबसाईट www.gariaband.gov.in पर भी देखा जा सकता है व निविदा पत्र को डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र बिक्री आरंभ की तिथि | दिनांक 29.08.2024 |
| निविदा प्रपत्र बिक्री करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 19.09.2024 समय दोपहर 01.00 बजे तक। |
| निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 19.09.2024 समय दोपहर 3.00 बजे तक। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 19.09.2024 समय सायं 4.00 बजे। |
| स्थान | शासकीय पॉलीटेक्निक गरियाबंद (छ.ग.) |

प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक
गरियाबंद (छ.ग.)

G-242502151/2



**कार्यालय प्राचार्य**
**शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/3817/क्रय/जीडीसी/2024 रायपुर, दिनांक 29.08.2024

**// द्वितीय निविदा सूचना //**

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के ओरल सर्जरी, ओरल पैथालाजी एवं अन्य विभागों में लगने वाले आवश्यक डेन्टल मटेरियल, कंज्युमेबल, सर्जिकल एवं डिस्पोजेबल सामग्रियों के क्रय हेतु मोहरबंद निविदायें, निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं (Manufacturer, Dealers or sub-dealers) से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र रूपये 500/- का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाम से देय हो संलग्न कर महाविद्यालय की वेबसाईट www.govtdentalcollegeraipur.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा दिनांक 18/09/2024, सायं 5:30 बजे तक राशि रू.500/- नगद / बैंक ड्राफ्ट जमा कर महाविद्यालय से भी प्राप्त किये जा सकते है, जो वापसी योग्य नहीं होगी। विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्रमांक | सामग्रीयों का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 1 | डेन्टल मटेरियल, कंज्युमेबल, सर्जिकल एवं डिस्पोजेबल इत्यादि | 12 लाख | 12 हजार |

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि 18.09.2024 समय 5.30 बजे सायंकाल तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 19.09.2024 समय 5.30 बजे सायंकाल तक
निविदा खोलने की तिथि 20.09.2024 समय दोपहर 12.00 बजे
निविदा जमा करने का स्थान शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर
निविदा खोलने का स्थान शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर

प्राचार्य
शासकीय दंत चिकित्सा
महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

G-242502157/2



**OFFICE OF THE COLLECTOR DISTRICT DHAMTARI (C.G.)**
Phone No.07722-237592 Email.Id. dhamtari.gov.in

Sn/coll./dmt/jal jagar/2024 Dhamtari,Dated.30/08/2024

**REQUEST FOR PROPOSAL INVITATION**

Request for proposal is invited in sealed envelope from interested event mange- ment Firm for the JAL JAGAR UTSAV to be orgnised on 5th and 6th October, 2024 in district dhamtari (near GANGREL DAM). The detail of events, Terms and conditions may be observed on district web site https://www.dhamtari.gov.in

| RFP publication date | Pre bid meeting date | RFP submission last date | RFP open date |
|---|---|---|---|
| 30.08.2024 | 09.09.2024 | 13.09.2024 Upto 3.00pm | 13.09.2024 By 4.00pm |

For any details and query you may contect
1. Ashutosh Sarsahwat EE, WRD Mo.No.9685088587
2. Pradip Nadiya EE, WRD Mo.No.9827880723

Collector
District Dhamtari

G- 242502180/1



**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER MAHANADI GODAWARI BASIN RAIPUR (C.G.)**

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**CORRIGENDUM NO. - 2**

In System Tender 157899 /NIT No. : 02/SAC/2024-25, Raipur, Dated: 22.08.2024 Whose G-Number is 242502053 (CORRIGENDUM NO. 1) dated 29.08.2024 following amendments are made :-

| Particulars | Earlier | Amendments |
|---|---|---|
| Bid Download Last Date & Time | 02-09-2024 17:30 | 05-09-2024 17:30 |

Note:- All other terms and conditions will remain be unchanged.

Deputy Director
Hydrometeorology, Division No. 04
Raipur (C.G.) for, Chief Engineer, Mahanadi
Godawari Basin Water Resources
Department, Raipur (C.G.)

G-242502213/2



**छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड**
गांधी भवन, केयूर भूशण स्मृति परिसर, कंकाली पारा, रायपुर (छ.ग.)
0771-2422846, फैक्स 0771-2436707, 2442929, E-mail Id- hocgkvib@rediffmail.com

क्रमांक/K-3/खादी विपणन / 2024-25/871 रायपुर, दिनांक 30.08.2024

**// निविदा //**

छ.ग. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड रायपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका हेतु छ.ग. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा निविदा प्रारंभ होने की तिथि तक पंजीकृत इकाईयों से दर एवं सैंपल मंगाये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेबसाइट www.cgkvib.cgstate.gov.in पर नियम एवं शर्तों का अवलोकन किया जा सकता है।

**निविदा प्रारंभ होने की तिथि :- 30.08.2024**
**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 30.09.2024 दोपहर 2.00 बजे**
**निविदा खोले जाने की तिथि :- 30.09.2024 दोपहर 3.00 बजे**

प्रबंध संचालक
छ.ग. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड
रायपुर (छ.ग.)

S-41306/1



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर**
नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)
Pho. no. 0771-2535780,90 Fax. 077172227395, Email-dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 1471/भ.नि.अ.प्र./न.पा.नि./2024 रायपुर , दिनांक 29/08/2024

**//आम-सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवदेक मेसर्स रामा रियल इस्टेट प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री राजेश अग्रवाल पिता स्व. श्री रामचंद्र अग्रवाल, स्वर्णभूमि, रायपुर (छ. ग.) द्वारा ग्राम मोवा प.ह.नं. 45, तहसील व जिला रायपुर स्थित खसरा क्र. 15010 रकबा 17.044 हेक्टेयर व ग्राम शंकर नगर प.ह.नं. 45 स्थित भूमि खसरा क्र. 15021 कुल रकबा 1.256 हेक्टेयर, ग्राम - सड्डू प.ह.नं. 63 स्थित खसरा क्र. 546/6 रकबा 1.214 तीन ग्रामो का कुल रकबा 19.5140 हेक्टेयर भूमि पर आवासीय (भूखण्डीय / निगमित ) कालोनी में विकास कार्य प्रारम्भ करने हेतु कालोनी विकास अनुमति जारी की जा रही है। उक्त कालोनी में आंतरिक विकास कार्य पूर्ण करने के एवज में निम्नानुसार बंधक रखे गये भूखण्डों / फ्लैटों, समाज के निम्न आय वर्गो हेतु आरक्षित भूखण्डों / फ्लैटों एवं EWS के लिए आरक्षित भूखण्डों / फ्लैटों का विवरण आम लोगो की जानकारी हेतु दी जा रही है। जो निम्नानुसार है-

**बंधक भूखण्डों का विवरण :-**

| क्र. | भूखण्ड क्रमांक | संख्या | रकबा प्रति बंधक भूखंड |
|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र. R13 | 01 | 786.13 Sqm. |
| 2 | भूखण्ड क्र. R14 | 01 | 1304.45 Sqm. |
| 3 | भूखण्ड क्र. R22 | 01 | 1360.49 Sqm. |
| 4 | भूखण्ड क्र. C1 | 01 | 666.76 Sqm. |
| 5 | भूखण्ड क्र. C2 | 01 | 668.40 Sqm. |
| 6 | भूखण्ड क्र. C3 | 01 | 670.36 Sqm. |
| 7 | भूखण्ड क्र. C4 | 01 | 677.51 Sqm. |
| 8 | भूखण्ड क्र. C5 | 01 | 686.48 Sqm. |
| 9 | भूखण्ड क्र. C6 | 01 | 695.46 Sqm. |
| 10 | भूखण्ड क्र. R23 | 01 | 899.53 Sqm. |
| 11 | भूखण्ड क्र. S-09 | 01 | 301.76 Sqm. |
| 12 | भूखण्ड क्र. S-10 | 01 | 301.82 Sqm. |
| 13 | भूखण्ड क्र. S-11 | 01 | 301.88 Sqm. |
| 14 | भूखण्ड क्र. S-12 | 01 | 301.94 Sqm. |
| | योग | 14 | 9622.97 Sqm. |

**बंधक फ्लैटों का विवरण :-**

| क्र. | ब्लॉक | तल | फ्लैट क्र. | संख्या | रकबा प्रति बंधक फ्लैट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Block- L | छटवॉं तल | फ्लैट क्र. L-601 | 01 | 485.47 Sqm. |
| 2 | Block- L | सातवॉं तल | फ्लैट क्र. L-701 | 01 | 464.82 Sqm. |
| 3 | Block- M | प्रथम तल | फ्लैट क्र. M-101 | 01 | 445.44 Sqm. |
| 4 | Block- M | द्वितीय तल | फ्लैट क्र. M-201 | 01 | 445.44 Sqm. |
| 5 | Block- M | तृतीय तल | फ्लैट क्र. M-301 | 01 | 457.15 Sqm. |
| 6 | Block- M | चतुर्थ तल | फ्लैट क्र. M-401 | 01 | 460.80 Sqm. |
| 7 | Block- M | पंचम तल | फ्लैट क्र. M-501 | 01 | 481.88 Sqm. |
| 8 | Block- M | छटवॉं तल | फ्लैट क्र. M-601 | 01 | 485.47 Sqm. |
| 9 | Block- M | सातवॉं तल | फ्लैट क्र. M-701 | 01 | 464.82 Sqm. |
| | योग | | | 09 | 4191.29 Sqm. |

**निम्न आय वर्गो (एल.आई.जी.) के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण -**

| क्र. | भूखण्ड क्रमांक | संख्या | रकबा प्रति LIG भूखंड | रकबा कुल LIG भूखंड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र. L1 | 01 | 99.96 Sqm. | 99.96 Sqm. |
| 2 | भूखण्ड क्र. L2 | 01 | 70.88 Sqm. | 70.88 Sqm. |
| 3 | भूखण्ड क्र. L3 से L7 | 05 | 99.75 Sqm. | 498.75 Sqm. |
| | योग | 07 | | 669.59 Sqm. |

**निम्न आय वर्गो (एल.आई.जी.) के लिए आरक्षित फ्लैटों का विवरण -**

| क्र. | तल | फ्लैट क्र. | संख्या | रकबा प्रति LIG फ्लैट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम तल | फ्लैट क्र.101 | 01 | 50.00 Sqm. |
| 2 | | फ्लैट क्र.102 | 01 | 50.00 Sqm. |
| 3 | | फ्लैट क्र.103 | 01 | 50.00 Sqm. |
| 4 | | फ्लैट क्र.104 | 01 | 50.00 Sqm. |
| 5 | द्वितीय तल | फ्लैट क्र.201 | 01 | 50.00 Sqm. |
| 6 | | फ्लैट क्र.202 | 01 | 50.00 Sqm. |
| 7 | | फ्लैट क्र.203 | 01 | 50.00 Sqm. |
| 8 | | फ्लैट क्र.204 | 01 | 50.00 Sqm. |
| | योग | | 08 | 400.00 Sqm. |

**E.W.S. के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण -**

| क्र. | भूखण्ड क्रमांक | संख्या | रकबा कुल EWS भूखंड |
|---|---|---|---|
| 1 | भूखण्ड क्र. 1 | 01 | 35.89 Sqm. |
| 2 | भूखण्ड क्र. 2 | 01 | 42.04 Sqm. |
| 3 | भूखण्ड क्र. 3 | 01 | 35.10 Sqm. |
| 4 | भूखण्ड क्र. 4 | 01 | 36.13 Sqm. |
| 5 | भूखण्ड क्र. 5 | 01 | 36.14 Sqm. |
| 6 | भूखण्ड क्र. 6 | 01 | 36.07 Sqm. |
| 7 | भूखण्ड क्र. 7 | 01 | 25.91 Sqm. |
| 8 | भूखण्ड क्र. 8 | 01 | 35.67 Sqm. |
| 9 | भूखण्ड क्र. 9 | 01 | 36.19 Sqm. |
| 10 | भूखण्ड क्र. 10 | 01 | 35.70 Sqm. |
| 11 | भूखण्ड क्र. 11 | 01 | 35.91 Sqm. |
| 12 | भूखण्ड क्र. 12 | 01 | 35.48 Sqm. |
| | योग | 12 | 436.23 Sqm. |

**E.W.S. के लिए आरक्षित फ्लैटों का विवरण -**

| क्र. | तल | फ्लैट क्र. | संख्या | रकबा प्रति EWS फ्लैट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम तल | फ्लैट क्र.101 | 01 | 30.00 Sqm. |
| 2 | | फ्लैट क्र.102 | 01 | 30.00 Sqm. |
| 3 | | फ्लैट क्र.103 | 01 | 30.00 Sqm. |
| 4 | | फ्लैट क्र.104 | 01 | 30.00 Sqm. |
| 5 | | फ्लैट क्र. 105 | 01 | 30.00 Sqm. |
| 6 | द्वितीय तल | फ्लैट क्र.201 | 01 | 30.00 Sqm. |
| 7 | | फ्लैट क्र.202 | 01 | 30.00 Sqm. |
| 8 | | फ्लैट क्र.203 | 01 | 30.00 Sqm. |
| 9 | | फ्लैट क्र.204 | 01 | 30.00 Sqm. |
| 10 | | फ्लैट क्र.205 | 01 | 30.00 Sqm. |
| 11 | तृतीय तल | फ्लैट क्र.301 | 01 | 30.00 Sqm. |
| 12 | | फ्लैट क्र.302 | 01 | 30.00 Sqm. |
| 13 | | फ्लैट क्र.303 | 01 | 30.00 Sqm. |
| 14 | | फ्लैट क्र.304 | 01 | 30.00 Sqm. |
| 15 | | फ्लैट क्र.305 | 01 | 30.00 Sqm. |
| | योग | | 15 | 450.00 Sqm. |

उपरोक्तानुसार बंधक भूखण्डों /फ्लैटों, को क्रय करने के पूर्व नगर निगम रायपुर द्वारा बंधक मुक्त किया गया है अथवा नहीं, इसके संबंध में कालोनाईजर से बंधक मुक्त प्रमाण-पत्र प्राप्त करें तथा बंधक मुक्त नहीं होने की स्थिति में बंधक भूखण्डों/ फ्लैटों, को क्रय न किया जावें।

घरों से निकलने वाला गीला व सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

नगर निवेशक
नगर पालिक निगम,
रायपुर

## खबर संक्षेप



### जीई पावर इंडिया ने नवयुग कंपनी से किया समझौता

**नई दिल्ली।** जीई पावर इंडिया ने नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड (एनईसीएल) के साथ समझौता होने की मंगलवार को घोषणा की। जीई पावर इंडिया ने बीएसई को दी सूचना में बताया, पूर्ण व अंतिम निपटान के तहत एनईसीएल 31,45,26,287 रुपये की राशि का भुगतान करने पर सहमत हो गई है। इस समझौते के तहत किस्तें तिमाही आधार पर दी जाएगी। अंतिम किस्त 2026 में मिलेगी।

### श्री तिरुपति बालाजी का आईपीओ पांच को खुलेगा




**नई दिल्ली।** श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड ने लगभग 170 करोड़ रुपये के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 78-83 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया। कंपनी ने बयान में कहा कि आईपीओ पांच सितंबर को सार्वजनिक सदस्यता के लिए खुलेगा और नौ सितंबर को बंद होगा। आईपीओ में 1.47 करोड़ इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और और बिनोद कुमार अग्रवाल की तरफ से 56.90 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है।

### एसके फाइनेंस, बेलस्टार के आईपीओ को मंजूरी

SK FINANCE
Saath Aapke... Hamesha


**नई दिल्ली।** वाहन वित्त और व्यावसायिक ऋण प्रदाता एसके फाइनेंस, मुथूट फाइनेंस की सूक्ष्म-वित्त इकाई बेलस्टार माइक्रोफाइनेंस और ट्रांसरेल लाइटिंग को बाजार नियामक सेबी से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की तरफ से सोमवार को जारी एक अपडेट से यह जानकारी मिली। तीनों कंपनियों को 30 अगस्त को सेबी से आईपीओ लाने पर मंजूरी हासिल हुई।

### बजाज हाउसिंग का आईपीओ नौ सितंबर को खुलेगा




**नई दिल्ली।** बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने अपने बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 66-70 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी का 6,560 करोड़ रुपये मूल्य का आईपीओ नौ सितंबर को खुलेगा और 11 सितंबर को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक छह सितंबर को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। प्रस्तावित आईपीओ में 3,560 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और मूल कंपनी बजाज फाइनेंस के 3,000 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

### क्रॉस लिमिटेड का आईपीओ नौ सितंबर को खुलेगा



**नई दिल्ली।** वाहन कलपुर्जा बनाने वाली कंपनी क्रॉस लिमिटेड का 500 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) नौ सितंबर को खुलेगा। आईपीओ संबंधी दस्तावेजों के मसौदे के मुताबिक, क्रॉस लिमिटेड का सार्वजनिक निर्गम 11 सितंबर को बंद होगा जबकि प्रमुख (एंकर) निवेशक छह सितंबर को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे।

# दुनियाभर में कार बेचने वाली कंपनी की फैक्टरी पर ताले जड़ने की आई नौबत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी कार कंपनियों में से एक फॉक्सवैगन 87 साल के इतिहास में पहली बार जर्मनी में अपने कुछ कारखाने बंद करने पर विचार कर रही है। चाइनीज इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं से बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच लागत में कटौती कम करने के लिए कंपनी को यह कदम उठाना पड़ेगा। इसके साथ ही फॉक्सवैगन 1994 से श्रम संघों के साथ मौजूद रोजगार सुरक्षा समझौते को समाप्त करने का प्रयास भी कर रही है। फॉक्सवैगन ग्रुप के सीईओ ओलिवर ब्लूमे ने कहा है कि यूरोपीय ऑटोमोटिव उद्योग बहुत ही गंभीर स्थिति में है। आर्थिक माहौल और भी कठिन हो गया है और नए प्रतियोगी यूरोपीय बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। विनिर्माण स्थल के रूप में जर्मनी एक प्रतिस्पर्धात्मकता के मामले में पीछे चला गया है।

## चाइनीज कंपनी बीवाईडी से फॉक्सवैगन को मिल रही है जबरदस्त टक्कर

### कंपनी के लिए चीन सबसे बड़ा बाजार

*फॉक्सवैगन, जिसने पिछले साल के अंत में अपने खर्चों 10 बिलियन यूरो (11.1 बिलियन डॉलर) की कटौती की योजना शुरू की थी। कंपनी के लिए चीन सबसे बड़ा बाजार है, लेकिन अब वहां वह तेजी से बाजार हिस्सेदारी खो रही है। इस साल की पहली छमाही में, चीन में फॉक्सवैगन की डिलीवरी 2023 की समान अवधि की तुलना में 7 प्रतिशत गिर गई। समूह का ऑपरेटिंग लाभ 11.4 प्रतिशत गिरकर 10.1 बिलियन यूरो (11.2 बिलियन डॉलर) रह गया।*



चीन में स्थानीय ईवी ब्रांडों की वजह से फॉक्सवैगन की बिक्री गिरी है

### चीनी कंपनी बीवाईडी छीन रही बाजार

*चीन में फॉक्सवैगन का प्रदर्शन तब कमजोर हुआ है जब कंपनी स्थानीय ईवी ब्रांडों, विशेष रूप से बीवाईडी, से प्रतिस्पर्धा करने में पिछड़ रही है। बीवाईडी यूरोप में भी फॉक्सवैगन के व्यवसाय के लिए एक तेजी से खतरा बनती जा रही है। पिछले महीने विश्लेषकों से बात करते हुए ब्लूमे ने कहा था, 'हमारा मुख्य ध्यान लागत में कटौती पर है। हमने सभी संगठात्मक कदम उठाए हैं। और अब यह सिर्फ लागत, लागत और लागत की बात है।' उन्होंने कहा कि कारखानों, आपूर्ति श्रृंखलाओं और श्रम खर्चों में नियोजित कटौती पर हमारा फोकस है।*

### श्रम यूनियन कर रही कटौती का विरोध

*फॉक्सवैगन की लागत-कटौती योजनाओं का कंपनी की पर्यवेक्षी बोर्ड, जो कार्यकारी प्रबंधकों की नियुक्ति करता है, में लगभग आधे सीटों पर काबिज श्रम प्रतिनिधियों से भारी विरोध का सामना करना पड़ेगा। जर्मनी के सबसे शक्तिशाली यूनियनों में से एक, आईजी मेटल, ने कंपनी की खराब स्थिति के लिए कुप्रबंधन को दोषी ठहराया और नौकरियों की रक्षा के लिए लड़ने का संकल्प लिया। आईजी मेटल के प्रमुख वार्ताकार थॉर्स्टन ग्रोगर ने कहा कि बोर्ड ने एक गैर-जिम्मेदाराना योजना प्रस्तुत की है जो फॉक्सवैगन की नींव को हिलाती है, नौकरियों और स्थानों के लिए बड़े पैमाने पर खतरा पैदा करती है।*

## पूर्व में वृद्धि दर अनुमान 6.6 फीसदी रहा

# विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7% किया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था के वृद्धि दर के अनुमान को 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। कृषि क्षेत्र में सुधार और ग्रामीण मांग में तेजी की वजह से विश्व बैंक ने वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया है। यह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अनुमानों के अनुरूप है। दोनों बहुपक्षीय वित्तपोषण एजेंसियों ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए अपने अनुमान को बढ़ाकर सात प्रतिशत किया है। आर्थिक समीक्षा के अनुसार, 2024-25 में देश का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.5 से सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगा।

### अनुमान 0.4 फीसदी बढ़ाया

हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष के लिए 7.2 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। विश्व बैंक ने इससे पहले जून में अनुमान लगाया था कि 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। उसने अब इसे 0.4 प्रतिशत बढ़ा दिया है।

**खास बातें**

- कृषि क्षेत्र में सुधार व ग्रामीण मांग में तेजी प्रमुख वजह
- अनुमान आईएमएफ व एडीबी के अनुमानों के अनुरूप




### परिधान निर्यात में भारत की हिस्सेदारी घटी

*वरिष्ठ अर्थशास्त्री एवं रिपोर्ट के सह-लेखक नोरा डिहेल तथा रैन ली ने कहा, " उत्पादन की बढ़ती लागत तथा उत्पादकता में गिरावट के साथ वैश्विक परिधान निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 2018 के चार प्रतिशत से घटकर 2022 में तीन प्रतिशत रह गई है।" उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में अधिक पकड़ के साथ एकीकृत हो सकता है।*

### ग्रामीण मांग बेहतर होगी

*कृषि में अपेक्षित सुधार से ग्रामीण मांग भी बेहतर होगी। इंडिया डेवलपमेंट अपडेट' (आईडीयू) ने इस बात पर जोर दिया कि 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर के अपने माल निर्यात लक्ष्य तक पहुंचने के लिए भारत को अपने निर्यात खंड में विविधता लाने और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का लाभ उठाने की जरूरत है।*

### मानसून में सुधार का पड़ेगा असर

*विश्व बैंक के वरिष्ठ अर्थशास्त्री रैन ली ने कहा कि मानसून में सुधार, निजी खपत और बढ़ते निर्यात के दम पर भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान को ऊपर की ओर संशोधित किया जा रहा है। विश्व बैंक ने मंगलवार को जारी 'इंडिया डेवलपमेंट अपडेट' (आईडीयू) रिपोर्ट में कहा, दक्षिण एशिया क्षेत्र का बड़ा हिस्सा.. भारत की वृद्धि दर 2024-25 में सात प्रतिशत रहने की उम्मीद है।*

### मध्यम अवधि में दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा

*रिपोर्ट में कहा गया, 'चुनौतीपूर्ण बाहरी परिस्थितियों के बीच विश्व बैंक को उम्मीद है कि भारत का मध्यम अवधि का दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर सात प्रतिशत तक पहुंचने और वित्त वर्ष 2025-26 तथा 2026-27 में मजबूत रहने का अनुमान है।'*

### मजबूत राजस्व वृद्धि बनी रहेगी

*इसमें कहा गया, मजबूत राजस्व वृद्धि और आगे राजकोषीय समेकन के साथ ऋण-जीडीपी अनुपात वित्त वर्ष 2023-24 में 83.9 प्रतिशत से घटकर 2026-27 तक 82 प्रतिशत पर आने का अनुमान है। चालू खाते का घाटा (कैड) वित्त वर्ष 2026-27 तक सकल घरेलू उत्पाद के 1-1.6 प्रतिशत के आसपास रहने की उम्मीद है।*

# जीएसटी नेटवर्क पर एक अक्टूबर से बिल प्रबंधन प्रणाली की शुरुआत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




जीएसटी नेटवर्क एक अक्टूबर से बिल प्रबंधन प्रणाली (आईएमएस) की शुरुआत करेगा। इसकी मदद से करदाता सही इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाने के लिए आपूर्तिकर्ताओं की तरफ से जारी रिकॉर्ड/ बिलों का मिलान कर पाएंगे। जीएसटी नेटवर्क ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) भुगतानकर्ताओं को जारी किए गए परामर्श में कहा कि करदाताओं को पोर्टल के माध्यम से अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ बिलों में सुधार/ संशोधनों के कुशल प्रबंधन के लिए आईएमएस नाम की नई संचार सुविधा शुरू की जा रही है। जीएसटी रिटर्न दाखिल करने और कर देनदारियों के भुगतान मंच के तौर पर जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) का इस्तेमाल किया जाता है। जीएसटीएन ने कहा, ''आईएमएस सुविधा से करदाताओं को सही आईटीसी का लाभ उठाने के लिए अपने आपूर्तिकर्ताओं द्वारा जारी किए गए रिकॉर्ड/ बिल का मिलान करने में भी सुविधा होगी।'' आईएमएस करदाताओं को चालान को स्वीकार या अस्वीकार करने या इसे प्रणाली में लंबित रखने की अनुमति देगा, जिसका लाभ बाद में उठाया जा सकता है। यह सुविधा करदाताओं को एक अक्टूबर से जीएसटी पोर्टल पर उपलब्ध होगी।

- करदाता आईटीसी का लाभ उठाने बिलों का मिलान कर पाएंगे

### मजबूत आधार तैयार होगा

*परामर्श फर्म मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि सभी चालान पर की गई सभी कार्रवाइयों का विस्तृत रिकॉर्ड रखने से आईएमएस जीएसटी ऑडिट के लिहाज से एक मजबूत आधार तैयार करता है। यह सुविधा कर अधिकारियों को आईटीसी दावों के प्रबंधन में प्राप्तकर्ता की उचित सावधानी का स्पष्ट सबूत देती है।*

## बिजनेस साइट

### एमडीपीएच को अगरबत्ती के क्षेत्र में निर्यात के लिए मेरिट सर्टिफिकेट

**इंदौर।** भारत के प्रमुख अगरबत्ती निर्माता, मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच), को एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (ईपीसीएच) द्वारा 24वें हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्ट अवार्ड्स में अगरबत्ती के क्षेत्र में उच्चतम निर्यात वृद्धि के लिए मेरिट सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, वस्त्र मंत्रालय की सचिव रचना शाह, कपड़ा मंत्रालय की विकास आयुक्त (हैंडीक्राफ्ट्स) अमृत राज और ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आरके वर्मा शामिल हुए। यह सम्मान एमडीपीएच के वैश्विक बाजारों में



भारतीय सुगंध की समृद्ध परंपरा को लाने में महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है। ईपीसीएच का टॉप एक्सपोर्ट अवार्ड हैंडीक्राफ्ट्स उद्योग में सबसे प्रतिष्ठित सम्मान है, जो कंपनियों को उनके उत्कृष्ट निर्यात प्रदर्शन और उत्पाद की गुणवत्ता के लिए मान्यता देता है। इस अवसर पर एमडीपीएच के निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा कि एमडीपीएच इस पुरस्कार को जीतने वाली मध्य भारत की पहली कंपनी है।

### संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल में पीआईपीएसी की शुरुआत

***रायपुर।** संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल ने हाल ही में एडवांस्ड स्टेज के कैंसर के इलाज के लिए पीआईपीएसी (प्रेसराइज्ड इंट्रापेरिटोनियल एरोसोल कीमोथेरेपी) प्रक्रिया की शुरुआत की है। सीनियर सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. दिवाकर पांडेय और उनकी टीम ने इस नई तकनीक को अपनाया है, जो उन मरीजों के लिए फायदेमंद हो सकता है जिनका कैंसर पारंपरिक उपचारों का जवाब नहीं दे रहा है। पिछले महीने, इस तकनीक के माध्यम से दो मामलों का सफलतापूर्वक इलाज किया गया, जिनमें अपरिवर्तनीय एसाइट्स और पेरिटोनियल डिजीज शामिल थे। इसके अलावा, टीम ने हाल ही में अपनी पहली हाइपरथर्मिक इंट्राथोरेसिक कीमोथेरेपी प्रक्रिया भी सफलतापूर्वक पूरी की है। डॉ. पांडेय और उनकी टीम पिछले चार वर्षों में 75 हाइपरथर्मिक इंट्रापेरिटोनियल कीमोथेरेपी प्रक्रियाएं पूरी कर चुके हैं।*

### सोने में 50 और चांदी में 250 रुपए की गिरावट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सराफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 74,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 74,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी 250 रुपये टूटकर 85,250 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसके अतिरिक्त, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 73,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना 2,531.40 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 3.80 डॉलर प्रति औंस अधिक है।

### महिंद्रा के क्लासिक लीजेंड्स ने उतारी जावा की नई मोटरसाइकिल




**मुंबई।** महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा है कि समूह की प्रीमियम मोटरसाइकिल कंपनी क्लासिक लीजेंड्स एक मैराथन दौड़ में शामिल है और वह जावा जैसे पुनर्जीवित ब्रांडों के पुनर्निर्माण में किसी भी चुनौती से निपटेगी। महिंद्रा ने यहां नई जावा 42 एफजे मोटरसाइकिल की पेशकश के मौके पर कहा कि ब्रांड का निर्माण कहानियों के संकलन से ही होता है। नवीनतम पेशकश की कीमत 1.99 लाख रुपये से शुरू होती है।

### सेंसेक्स और निफ्टी हुए स्थिर बंद

**मुंबई।** रिकॉर्ड तेजी के सिलसिले के बाद बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी मंगलवार को सुस्त कारोबार के बीच लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। निफ्टी में लगातार 14वें कारोबारी सत्र में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में 10 दिन से जारी तेजी पर विराम लगा और यह 4.40 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 82,555.44 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में लगातार 14वें दिन तेजी रही और यह 1.15 अंक की मामूली बढ़त के साथ 25,279.85 अंक की रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख और किसी ठोस संकेत के अभाव में... घरेलू बाजार स्थिर रहा।

### एशियाई बाजार नुकसान में हुए बंद

*एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार के दौरान गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार सोमवार को श्रम दिवस के मौके पर बंद रहे।*

## अनचाही कॉल पर बड़ी कार्रवाई 2.75 लाख टेलीफोन नंबर कटे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तीन सितंबर (भाषा) अनचाही कॉल और अपंजीकृत टेली-मार्केटिंग कंपनियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए 2.75 लाख टेलीफोन नंबर काट दिए गए हैं और 50 फर्मों की सेवाएं बंद कर दी गई हैं। यह कार्रवाई दूरसंचार नियामक ट्राई की तरफ से हाल ही में अपनाए गए



सख्त रुख के तहत की गई है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार कंपनियों से कहा था कि अपंजीकृत टेली मार्केटिंग फर्मों को काली सूची में डाला जाए और इनसे जुड़े नंबरों को बंद कर दिया जाए। ट्राई ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि उसने फर्जी कॉल में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। वर्ष 2024 की पहली छमाही में बिना पंजीकरण वाली टेली मार्केटिंग फर्मों के खिलाफ 7.9 लाख से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं।

## पोलैंड और भारत के बैंकों ने खरीदा सबसे ज्यादा सोना

# छह महीने में खरीद डाला रिकॉर्ड 483 टन सोना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनियाभर के देशों के केंद्रीय बैंक अपने खजाने में सोने की मात्रा बढ़ा रहे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इन बैंकों ने इस साल के पहले छह महीने में ही 483 टन सोना खरीद लिया है जो अब तक का रिकॉर्ड है। यह पिछले साल के मुकाबले 5 प्रतिशत अधिक है। पिछले साल इन बैंकों ने साल की पहली छमाही में 460 टन सोना खरीदा था। 2024 की दूसरी तिमाही में इन बैंकों ने 183 टन सोना खरीदा जो कि पिछले साल के मुकाबले छह फीसदी अधिक है। हालांकि यह इस साल की पहली तिमाही के मुकाबले 39 प्रतिशत कम है। जनवरी-मार्च तिमाही में केंद्रीय बैंकों ने 300 टन सोना खरीदा था।

- चीन के सेंट्रल बैंक ने गोल्ड खरीदने की रफ्तार धीमी की



### भारत ने खरीदा 19 टन सोना

*साल की दूसरी तिमाही में सबसे ज्यादा गोल्ड खरीदने के मामले में नेशनल बैंक ऑफ पोलैंड और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया संयुक्त रूप से पहले नंबर पर रहे। इन दोनों बैंकों ने 19-19 टन सोने की खरीदारी की। तुर्की 15 टन गोल्ड खरीदकर तीसरे नंबर पर रहा।*

### तुर्की ने खरीदा 45 टन सोना

तुर्की का सेंट्रल बैंक साल के पहले छह महीने में 45 टन सोना खरीद चुका है। जॉर्डन, कतर, रूस, उज्बेकिस्तान, किर्गीस्तान, इराक और चेक रिपब्लिक के केंद्रीय बैंकों ने भी दूसरी तिमाही में काफी सोना खरीदा। दूसरी ओर चीन के सेंट्रल बैंक ने सोने की खरीदारी कम कर दी है।

### सोने की कीमतों में आई तेजी

*कई कारणों से गोल्ड मार्केट प्रभावित हो रहा है। इनमें यूएस डॉलर का मूवमेंट, महंगाई, गोल्ड जूलरी की डिमांड शामिल हैं। सेंट्रल बैंकों द्वारा बड़े पैमाने से खरीद से भी सोने की कीमत में तेजी आई है। गोल्ड माइनिंग कंपनियों का उत्पादन प्रभावित होने से भी सोने की कीमत प्रभावित होती है।*

### चीन, अमेरिका और रूस सोने के उत्पादक देश


*सोने का उत्पादन करने वाले देशों में चीन, ऑस्ट्रेलिया, रूस, कनाडा और अमेरिका शामिल हैं। एमसीएक्स पर गोल्ड अभी 91 रुपए की गिरावट के साथ 71,520 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। पिछले सत्र में यह यह 71,611 रुपए पर बंद हुआ था और आज 71,582 रुपए पर खुला।*

# प्रीमियर एनर्जीज के शेयर ने एक दिन में दोगुना किया पैसा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सौर सेल व मॉड्यूल विनिर्माता कंपनी प्रीमियर एनर्जीज लिमिटेड का शेयर मंगलवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने निर्गम मूल्य 450 रुपये से करीब 87 प्रतिशत उछाल के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य से 120.22 प्रतिशत उछाल के साथ 991 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 120.76 प्रतिशत चढ़कर 993.45 रुपये पर पहुंच गया। अंत में यह 86.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 839.65 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर शेयर ने 120 प्रतिशत उछाल के साथ 990 रुपये पर शुरुआत की। कारोबार के अंत में यह 86.42 प्रतिशत बढ़कर 838.90 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 37,849.27 करोड़ रुपये रहा।

- सूचीबद्ध होते ही कारोबार में 87 प्रतिशत चढ़ा




### कंपनी को 29 वर्षों का अनुभव

प्रीमियर एनर्जीज एक एकीकृत सौर सेल तथा सौर मॉड्यूल विनिर्माता है। इसके पास 29 वर्षों का अनुभव है। इसकी सौर सेल के लिए वार्षिक स्थापित क्षमता दो गीगावाट और सौर मॉड्यूल के लिए 4.13 गीगावाट है।

# अवनि 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा के फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं

एजेंसी ▶▶| शेटराउ

भारत की अनुभवी पैरा निशानेबाज अवनि लेखरा पेरिस पैरालम्पिक में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस एसएच1 स्पर्धा के फाइनल में मंगलवार को यहां पांचवें स्थान पर रहीं। राजस्थान की 22 साल की यह निशानेबाज कार दुर्घटना में कमर के नीचे के हिस्से में लकवा मारने के कारण 11 साल की उम्र से व्हीलचेयर पर निर्भर हैं। उन्होंने आठ खिलाड़ियों के फाइनल में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग में 420.6 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहते हुए अपना अभियान खत्म किया। इस स्पर्धा



## एक निशाना साधने के बाद पिछड़ीं

व्हीलचेयर पर निर्भरता के कारण प्रोन निशानेबाजी उनका मजबूत पक्ष नहीं है। उन्होंने इसके बाद स्टैंडिंग चरण में वापसी की कोशिश की लेकिन 8.3 अंक वाला एक निशाना साधने के बाद वह पिछड़ गयी। एसएच1 में खिलाड़ी बिना किसी मुश्किल के बंदूक पकड़ सकते हैं तथा खड़े होकर या बैठकर निशाना लगा सकते हैं। इससे पहले क्वालीफाइंग चरण में अवनि ने नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग में 1159 स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था।

## भारतीय तीरंदाज पूजा क्वार्टर फाइनल में हारीं

विश्व पैरा चैम्पियनशिप की रजत पदक विजेता पूजा जटियां मंगलवार को यहां महिला रिकर्व ओपन क्वार्टर फाइनल में पहले दो सेट जीतकर 4-0 की बढ़त बनाने के बावजूद चीन की दिग्गज वू चुनयान के खिलाफ 4-6 की हार के साथ पेरिस पैरालंपिक से बाहर हो गईं। रियो 2016 में टीम स्वर्ण पदक सहित पैरालंपिक में चार पदक जीतने वाली चीन की 34 साल की दिग्गज चुनयान ने खराब शुरुआत के बाद जोरदार वापसी की। वह पहले सेट में दो बार सात अंक से 23 अंक ही जुटा पाईं थी।



पूजा ने पहला सेट में सिर्फ दो अंक गंवाए और इसे 28-23 से जीता। गुरुग्राम में जन्मीं 27 साल की पूजा ने दूसरे सेट में अपने अंतिम प्रयास में परफेक्ट 10 अंक के साथ 25-24 की जीत से 4-0 की बढ़त बनाई। पूजा तीसरा सेट जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाने के करीब थी लेकिन अपने अंतिम प्रयास में सात अंक ही जुटा सकीं।

चीन की तीरंदाज ने सेट 28-27 से जीतकर स्कोर 2-4 किया। पूजा इसके बाद दबाव में आ गईं और चौथे सेट में सिर्फ 24 अंक जुटाकर इसे भी गंवा दिया जिससे स्कोर 4-4 हो गया। चुनयान ने इसके बाद पांचवें और अंतिम सेट में अपने अंतिम प्रयास में 10 अंक के साथ 27-24 से सेट जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## स्वर्ण पदक नहीं जीत पाने का मलाल : सुहास

*भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास यथिराज लगातार दूसरे पैरालंपिक में रजत पदक जीत कर खुश भी हैं और निराश भी क्योंकि वह स्वर्ण पदक का लक्ष्य लेकर यहां आए थे। यह 41 वर्षीय खिलाड़ी विश्व में नंबर एक खिलाड़ी के रूप में प्रतियोगिता में उतरा था और उनसे पुरुष एकल एसएल4 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद थी। वह सोमवार को खेले गए फाइनल में फ्रांस के लुकास माजूर से सीधे गेम में हार गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अपने बाएं टखने में जन्मजात विकृति के साथ जन्मे आईएएस अधिकारी सुहास ने कहा मेरा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना था जो हर खिलाड़ी का सपना होता है।" इस 2007 बैच के आईएएस अधिकारी ने कहा, "रजत जीतना एक मिश्रित भावना है। स्वर्ण पदक चूकने का दुख और निराशा है। पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई करना और अपने देश का प्रतिनिधित्व करना बहुत बड़ी बात थी।*

## खबर संक्षेप



### भाग्यश्री महिला गोला फेंक में पांचवें स्थान पर

**पेरिस।** भारत की भाग्यश्री जाधव मंगलवार को यहां पैरालंपिक की महिला गोला फेंक (एफ34) स्पर्धा के फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं। पैरालंपिक में दूसरी बार हिस्सा ले रही भाग्यश्री ने गोले को 7.28 मीटर की दूरी तक फेंका चीन की लिजुआन झोउ ने 9.41 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि पोलैंड की लुसीना कोर्नोबीस ने 8.33 मीटर गोला फेंककर रजत पदक अपने नाम किया। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले की रहने वाली 39 साल की भाग्यश्री 2006 में दुर्घटना के बाद अपने पैरों का इस्तेमाल नहीं कर पाती। इस घटना के बाद वह अवसाद में चली गईं थी और परिवार तथा मित्रों के उत्साहवर्धन के बाद पैरा खेलों से जुड़ी।

### पाक पहलवान पर प्रतिबंध राष्ट्रमंडल पदक छीना गया



**कराची।** पाकिस्तान के पहलवान अली असद पर शक्ति वर्धक दवाओं के सेवन के लिए चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है और राष्ट्रमंडल खेलों में जीता गया उनका कांस्य पदक छीन लिया गया है। पाकिस्तान कुश्ती महासंघ ने पुष्टि की कि अली असद पर न केवल चार साल के लिए प्रतिबंध लगाया गया है, बल्कि उनका कांस्य पदक भी छीन लिया गया है, जो उन्होंने 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में जीता था। महासंघ के एक अधिकारी ने कहा आईटीए की जांच से पता चला है कि उन्होंने इस प्रतियोगिता के दौरान शक्ति वर्धक दवाइयां ली थी। आईटीए की जांच के बाद इस सप्ताह असद पर चार साल का प्रतिबंध लगाने और राष्ट्रमंडल खेलों का उनका पदक छीनने का फैसला किया गया।

### पुरानी दिल्ली 6 ने सेंट्रल दिल्ली किंग्स को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई

**नई दिल्ली।** ललित यादव की 29 गेंद पर 46 रन की नाबाद पारी और प्रिंस यादव की शानदार गेंदबाजी के दम पर पुरानी दिल्ली 6 ने अपने अंतिम लीग चरण मैच में सेंट्रल दिल्ली किंग्स को 33 रन से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह बनाई। पुरानी दिल्ली 6 ने खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 173 रन बनाए और फिर शानदार गेंदबाजी करते हुए सेंट्रल दिल्ली किंग्स को आठ विकेट पर 140 रन पर रोक दिया।
ऐसा रहा दोनों टीमों का प्रदर्शन
पुरानी दिल्ली 6 के लिए ललित यादव के अलावा युग गुप्ता ने 44 रन की उपयोगी पारी खेली। सेंट्रल दिल्ली किंग्स की तरफ से रजनीश दादर ने 29 रन दो विकेट लिए। सेंट्रल दिल्ली किंग्स की टीम जोंटी सिद्धू के 52 रन और लक्ष्य थरेजा के 34 रन के बावजूद लक्ष्य से काफी पीछे रह गई। प्रिंस यादव ने 15 रन देकर तीन विकेट लिए।

## क्रिकेट : पाकिस्तान को 2-0 से क्लीन स्वीप कर रचा इतिहास

# बांग्लादेश ने पाक को घर पर रौंदा पहली बार जीती टेस्ट सीरीज

एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

बांग्लादेश की टीम ने दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान को 6 विकेट से हराकर सीरीज को 2-0 से जीता है। रावलपिंडी में खेले गए दूसरे टेस्ट में जीत के लिए मिले 185 रन के लक्ष्य को बांग्लादेश ने मैच के पांचवें दिन के दौरान हासिल किया। क्रिकेट के इतिहास में पहली बार बांग्लादेशी टीम ने पाकिस्तान को सीरीज में शिकस्त दी है।

### इस तरह से जीती बांग्लादेशी टीम

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 274 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश ने लिटन दास के शतक (138) की मदद से 262 रन बनाए। पहली पारी के आधार पर 12 रन की बढ़त हासिल करने वाली मेजबान टीम दूसरी पारी में 172 रन पर ही ढेर हो गई। बांग्लादेश से हसन महमूद के 5 और नाहिद राणा ने 4 विकेट लिए। आखिर में बांग्लादेश ने जाकिर हसन (40) और नजमुल हसन शांतो (38) की मदद से लक्ष्य हासिल किया।

### लिटन दास ने जड़ा चौथा टेस्ट शतक

बांग्लादेश ने पहली पारी में जब 26 रन के स्कोर पर अपना पांचवां विकेट गंवाया तब लिटन क्रीज पर आ गए। उन्होंने मेहदी हसन मिराज के साथ मिलकर पारी को संभाला और टीम को पहले फॉलोऑन से बचाया। दोनों के बीच 165 रन की साझेदारी हुई। एक छोर से टिककर बल्लेबाजी कर रहे लिटन ने अपने टेस्ट करियर का चौथा शतक लगाया। वह 248 गेंदों पर 138 रन बनाकर नौवें विकेट के रूप में आउट हुए।

### लिटन दास प्लेयर ऑफ मैच और मेहदी हसन बने प्लेयर ऑफ द सीरीज




### मेहदी हसन ने पाक के खिलाफ बनाया अपना सर्वोच्च स्कोर

मेहदी हसन मिराज अपने टेस्ट करियर में दूसरे शतक से चूक गए। यह पाकिस्तान के विरुद्ध उनका सर्वोच्च स्कोर बन गया। उन्होंने 124 गेंदों पर 78 रन की पारी खेली, जिसमें 12 चौके और 1 छक्का शामिल था। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 4 पारियों में 43.60 की औसत के साथ 218 रन बनाए हैं। अपने अब तक के टेस्ट करियर में 61 पारियों में उन्होंने 1,625 रन बनाए हैं।

### मिराज ने 5 विकेट लेने के बाद में लगाया अर्धशतक

मिराज ने पाकिस्तान की पहली पारी के दौरान 61 रन देते हुए 5 विकेट लिए थे। यह उनके टेस्ट करियर का 10वां और पाकिस्तान के खिलाफ पहला 5 विकेट हॉल रहा। मिराज अब विदेशों में (विपक्षी टीम के घर पर) 5 विकेट हॉल लेने के साथ बल्लेबाजी में अर्धशतक लगाने वाला बांग्लादेश के सिर्फ दूसरे ऑलराउंडर बने हैं। बता दें कि विदेशों में उनसे पहले शाकिब अल हसन (2 बार) ऐसा कर चुके हैं।

### पाकिस्तान से पहली बार जीता सीरीज

बांग्लादेश ने टेस्ट सीरीज में पहली बार पाकिस्तान को हराया है। इससे पहले 2002 से 2021 के बीच 5 टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान ने जीत दर्ज की थी। बांग्लादेश ने सिर्फ दूसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान को हराया है।

### खुर्रम शहजाद ने लिए हाल 5 विकेट

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद ने बांग्लादेश की पहली पारी के दौरान शानदार गेंदबाजी की। अपना तीसरा टेस्ट खेल रहे शहजाद ने 6 विकेट हासिल किए। यह उनका टेस्ट प्रारूप में पहला 5 विकेट हॉल रहा। उन्होंने जाकिर हसन, शादमान इस्लाम, नजमुल हुसैन शांतो, शाकिब, मिराज और तस्कीन अहमद के विकेट लिए।

## टेनिस टूर्नामेंट

# स्वियातेक और सिनर अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ियों यानिक सिनर और इगा स्वियातेक ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर ने अमेरिका के 14वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल को 7-6(3) 7-6(5) 6-1 से हराया। उन्होंने धीमी शुरुआत की और पहले दोनों सेट टाई ब्रेकर में जीते लेकिन तीसरे सेट में उन्होंने पॉल को कोई मौका नहीं दिया। सिनर क्वार्टर फाइनल में रूस के पांचवीं वरीयता प्राप्त और यहां 2021 के चैंपियन दानिल मेदवेदेव से भिड़ेंगे जिन्होंने नूनो बोर्गेस को 6-0, 6-1, 6-3 से आसानी से हराया।

### स्वियातेक ने ल्यूडमिला को किया पराजित

पांच बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्वियातेक ने सोमवार की रात को खेले गए मैच में 16वीं वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 6-4, 6-1 से पराजित किया। यह दोनों खिलाड़ी पहले सेट में एक समय 4-4 से बराबरी पर थी लेकिन इसके बाद स्वियातेक में लगातार सात गेम जीत कर अपनी जीत सुनिश्चित की।

### स्वियातेक की भिड़ंत अब पेगुला से


स्वियातेक का अगला मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा। अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला ने डायना श्नाइडर पर 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। वह सातवीं बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं।

# सुआरेज़ ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लिया

एजेंसी ▶▶| मोंटेवीडियो (उरुग्वे)

उरुग्वे के अनुभवी स्ट्राइकर लुइस सुआरेज़ ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की है। लिवरपूल और बार्सिलोना की तरफ से खेल चुके इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने देश की तरफ से 142 मैच में 69 गोल किए जो उरुग्वे की तरफ से रिकॉर्ड है।

वह अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच शुक्रवार को पराग्वे के खिलाफ खेलेंगे। सुआरेज़ ने सेंटेनारियो स्टेडियम में संवाददाता सम्मेलन में कहा, "यह कहते हुए दुख हो रहा है,



लेकिन शुक्रवार को होने वाला मैच मेरा अपने देश की तरफ से आखिरी मैच होगा।" उरुग्वे उस दिन विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में पराग्वे की मेजबानी करेगा। सुआरेज़ ने 2007 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया था। उन्होंने उरुग्वे की तरफ से चार विश्व कप और पांच कोपा अमेरिका टूर्नामेंट में भाग लिया।

## स्कॉटलैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच आज पहला टी-20 मुकाबला

एजेंसी ▶▶| स्कॉटलैंड

स्कॉटलैंड क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच टी-20 सीरीज का पहला मैच आज 4 सितंबर को खेला जाएगा। यह दोनों देशों के बीच पहली बार कोई द्विपक्षीय सीरीज खेली जा रही है। मिचेल मार्श की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले मुकाबले को जीतकर सीरीज में बढ़त बनाना चाहेगी। दूसरी तरफ रिची बेरिंगटन के नेतृत्व में मेजबान टीम कड़ी चुनौती पेश करना चाहेगी। स्कॉटलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाला यह मैच 4 सितंबर को एडिनबर्ग में खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे से शुरू होगा।

**ऑस्ट्रेलिया ने इकलौती भिड़ंत में जीता था मुकाबला :** दोनों टीमों के बीच सिर्फ 1 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला गया था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट से जीत दर्ज की थी। टी-20 विश्व कप 2024 के उस मुकाबले में स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के बाद का 180/5 स्कोर बनाया था। जवाब में कंगारू टीम ने 19.4 ओवर में लक्ष्य हासिल किया था। ऑस्ट्रेलिया की जीत में ट्रेविस हेड और मार्कस स्टोइनिस ने अर्धशतक लगाए थे।

## अमेरिकी ओपन : बोपन्ना-सुत्जियादी की जोड़ी मिश्रित युगल के सेमीफाइनल में

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और इंडोनेशिया की उनकी जोड़ीदार अल्डिला सुत्जियादी ने यहां ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन और चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजसिकोवा को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में पराजित करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और सुत्जियादी की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने सोमवार रात एक घंटे और 33



मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में एबडेन और क्रेजसिकोवा चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी पर 7-6(4) 2-6 10-7 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और सुत्जियादी ने इससे पहले दूसरे दौर के मैच में ऑस्ट्रेलिया के जॉन पीयर्स और चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा को 0-6, 7-6(5), 10-7 से हराया था।

### सेफा में डोनाल्ड व टेलर से होगी भिड़ंत

सेमीफाइनल में बोपन्ना और सुत्जियादी का मुकाबला डोनाल्ड यंग और टेलर टाउनसेंड की अमेरिकी जोड़ी से होगा। 44 वर्षीय बोपन्ना पहले ही पुरुष युगल से बाहर हो गए थे। उनकी और एबडेन की जोड़ी तीसरे दौर में मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी की अर्जेंटीना की 16वीं वरीय जोड़ी से 1-6, 5-7 से हार गई थी।

## खिताबी मुकाबले के लिए 16 जून को रखा गया रिजर्व डे

# लॉर्ड्स में 11 जून से होगा वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस समय विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का तीसरा चक्र खेला जा रहा है, जिसमें भारतीय क्रिकेट टीम फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष पर मौजूद है। ऐसी खबर है कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-25 का फाइनल मुकाबला 11 जून से खेला जाएगा। इस खिताबी मुकाबले के लिए 16 जून को रिजर्व डे भी रखा गया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने आधिकारिक तौर पर ये ऐलान किया है। बता दें कि अंक तालिका की शीर्ष 2 टीमें फाइनल में जगह बनाती हैं।

### पहले स्थान पर है भारत दूसरे पर ऑस्ट्रेलिया

भारतीय टीम ने फिलहाल विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-25 में कुल 9 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 6 में जीत दर्ज की है। शीर्ष पर मौजूद भारत के अब 68.51 प्रतिशत अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पिछली सीरीज में न्यूजीलैंड को 2-0 से हराया था और कंगारू टीम 62.50 प्रतिशत अंक के साथ अपना दूसरे स्थान पर बनी हुई है। तीसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड के 50 प्रतिशत अंक है। कीवी टीम ने 3 टेस्ट जीते हैं और इतने ही हारे हैं।



### तीसरी बार लॉर्ड्स में खेला जाएगा फाइनल

आईसीसी के मुताबिक, विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल मुकाबला लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। यह लगातार तीसरा मौका होगा, जब इंग्लैंड में इसका फाइनल खेला जाएगा। बता दें कि भारतीय टीम शुरुआती दोनों चक्र में उपविजेता रही है। सॉउथहैम्पटन में खेले गए पहले चक्र के फाइनल में न्यूजीलैंड ने भारत को 8 विकेट से हराया था। इसके बाद ओवल में खेले गए दूसरे चक्र के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 209 रन से शिकस्त दी थी।

### अब तक सभी खिताब ऑस्ट्रेलिया ने जीते

अब तक सिर्फ ऑस्ट्रेलिया ऐसी इकलौती टीम है, जिसने आईसीसी के सभी टूर्नामेंट के खिताब अपने नाम किए हैं। कंगारू टीम ने सर्वाधिक 6 बार वनडे विश्व कप जीता है। इसके अलावा रिकी पोंटिंग की कप्तानी में टीम 2 बार चैंपियंस ट्रॉफी (2006 और 2009) जीत चुकी है। साल 2021 में ऑस्ट्रेलिया ने आरोन फिंच की कप्तानी में टी-20 विश्व कप जीता है। भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के तीसरे चक्र को जीतकर ऑस्ट्रेलिया के साथ शामिल हो सकती है।

FORM NO.
(See Regulation 33(2))
By Regd, A/D, Dasti Failing which by Publication.

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur - 482001

**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT,1993.**

RC/283/2020 29.08.2024
BANK OF BARODA Versus SHRI MOTIM SAHU SAHU
To,
(CD1) SHRI MOTIM SAHU SAHU
Also At: VILLAGE BAMHANI, POST- BAMHANI, TEHSIL - MAHASAMUND, DISTT. MAHASAMUND (C.G.)
(CD2) SHRI DAVID KUMAR SAHU
VILL. MATGUDA PO MATGUDA, MAHASAMUND, CG-493445

Whereas you the MOTIM SAHU was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated 06/03/2020 in OA/841/2019 to pay to the Applicant Bank(s) / Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of Rs. 45,32,029.00 (Rupees Forty Five Lakhs Thirty Two Thousand Twenty Nine Only) along with pendentellite and future interest @ 11.00 % Simple Interest Yearly w.e.f. 22/05/2019 till realization and costs of Rs. 48,000 ( Rupees Forty Eight Thousand Only), and wherease the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable/ immoveable property.

2. You are hereby informed that the 14/10/2024 at 10.30 A.M. has been fixed for drawing up the proclamation of sale and setting the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances,charges,claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

Specification of property

Agriculture Lands located at various places in Gram- Bamhani, Tehsil & district - Mahasamund, C.G. (Khasra No.- 459 (0.83 Hec.), Khasra No.- 508 (0.76 Hec.) , Khasra No.- 596 (0.34 Hec.), Khasra No. - 612 (0.09 Hec.), Khasra No.-902 (0.03 Hec.),Khasra No.-1294 (0.85 Hec.) Khasra No. 861/1721 (0.02 Hec.), Total Land area - 2.92 Hectares.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 29/08/2024.

Seal

Vaatsalya Kumar
Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR (M.P.)




# एक जनवरी से स्पेशल नहीं, बल्कि सामान्य ट्रेनों के रूप में चलेंगी पैसेंजर मेमू लोकल

**गौरेला (हरिभूमि न्यूज)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के डीआरएम ने हाईकोर्ट में दाखिल अपने शपथ पत्र में इस बात की जानकारी दी है कि पैसेंजर मेमू लोकल ट्रेनों को जिन्हें 1 जुलाई 2024 से सामान्य ट्रेन के रूप में चलना था टाइम टेबल ना छाप पाने के कारण अब एक जनवरी 2025 से सामान्य ट्रेनों के रूप में चलेंगी। डीआरएम के शपथ पत्र में यह भी बताया गया कि भले ही मेमू लोकल आदि स्पेशल ट्रेन के रूप में चलेंगी लेकिन उनमें स्पेशल ट्रेन का चार्ज नहीं वसूला जाएगा। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को इस छूट के साथ कि भविष्य में कोई जन समस्या होने पर वह पुनः याचिका दाखिल कर सकते हैं यह जनहित याचिका निराकृत कर दी गई है। हाईकोर्ट की डीबी में अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव की उस जनहित याचिका की सुनवाई हुई, जिसमें कोविड के बाद से रेलों के अव्यवस्थित चलने और पैसेंजर गाड़ियों के बदले स्पेशल गाड़ियां चलाने तथा लेट लतीफी आदि को मुद्दा बनाया गया था। 20 अगस्त को हुई पिछली सुनवाई के दौरान रेलवे की तरफ से अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा ने यह जानकारी दी थी कि सभी पैसेंजर ट्रेनों को नॉर्मल ट्रेन के रूप में चलने का आदेश हो चुका है।









ब्लैक फॉरेस्ट घने जंगल, वन्यजीवों और लोककथाओं वाला एक जादुई स्थान है। जर्मनी के जाने माने प्राकृतिक स्थलों में से एक, ब्लैक फॉरेस्ट अपनी हरी-भरी हरियाली, शांत झीलों और अपने प्राचीन पेड़ों के बीच से गुजरने वाले घुमावदार रास्तों से लोगों को खींचता है। यह अपने नाम के केक, कोयल वाली घड़ी और स्पा वाले गर्म झरनों के लिए भी जाना जाता है।



# इसी जंगल के नाम पर मशहूर है केक, फोटोग्राफरों के लिए है बेमिसाल जन्नत

**बर्लिन।** आपने बहुत से जंगलों के बारे में सुना होगा, पर क्या आपने जर्मनी के ब्लैक फॉरेस्ट के बारे में सुना है? जर्मनी के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में बसा ब्लैक फॉरेस्ट प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत का एक मनोरम विस्तार है। आपने जो ब्लैक फॉरेस्ट केक का नाम सुना है वह इसी जंगल के नाम पर है। यहां के स्पा, गर्म झरने, खास कोयल वाली घड़ी बहुत कुछ मशहूर है, लेकिन इस जंगल की खूबसूरती पूरी दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिलती है।

जर्मन में 'श्वार्जवाल्ड' के नाम से जाना जाने वाला यह मनमोहक जंगल लगभग 4,600 वर्ग मील में फैला हुआ है। यह अपने घने और सदाबहार पेड़ों के साथ विविध वन्यजीवन के साथ सुरम्य गांवों और समृद्ध लोककथाओं के लिए मशहूर है। ब्लैक फ़ॉरेस्ट लंबे समय से लकड़ी उद्योग से जुड़ा हुआ है, जो विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए लकड़ी का एक स्थायी स्रोत प्रदान करता है।



## यहां पाये जाते है घने शंकुधारी पेड़

रोमवासियों ने इस जंगल की पर्वतमाला को 'ब्लैक फॉरेस्ट' नाम दिया था। ऐसा इसलिए था, क्योंकि इस क्षेत्र में घने शंकुधारी पेड़ पाए जाते हैं, जो बहुत गहरे हरे रंग के होते हैं। जब आप इसे देखते हैं तो यह जंगल वास्तव में काला नहीं है, लेकिन रोमवासियों को यह डरावना और अंधेरे से भरा लगा, क्योंकि स्प्रूस की घनी छतरी के से कोई प्रकाश दिखाई नहीं देता था, इसलिए इसे सिल्वा निग्रा यानी ब्लैक फॉरेस्ट नाम दिया गया। यही वह जंगल है जिसके नाम पर दुनिया में मशहूर ब्लैक फॉरेस्ट केक मिलते हैं। ब्लैक फ़ॉरेस्ट हैम की पैदाइश भी इसी क्षेत्र से हुई है। साथ ही ब्लैक फॉरेस्ट गेटो भी यहीं से बना था, जिसे 'ब्लैक फ़ॉरेस्ट चेरी केक' या 'ब्लैक फॉरेस्ट केक' के नाम से भी जाना जाता है और इसे चॉकलेट केक, क्रीम, खट्टी चेरी और किर्श से बनाया जाता है। इसी फ्लेवर की पेस्ट्री भी प्रसिद्ध है।

## कोयल घड़ियों के सबसे प्रभावशाली संग्रह

ब्लैक फॉरेस्ट के बारे में सबसे दिलचस्प तथ्यों की सूची में कुकू क्लॉक्स या कोयल घड़ियां मानी जाती हैं। यह इनका जन्मस्थान है! आप गाइडेड टूर के लिए और कोयल घड़ियों के सबसे प्रभावशाली संग्रह को देखने के लिए फर्टवांगेन में जर्मन कोयल घड़ी संग्रहालय (ड्यूशेस उरेनम्यूज़ियम) जा सकते हैं। यहां आने वाले लोग अपनी यात्रा की वापसी पर एक कोयल घड़ी लेकर जाना पसंद करते हैं। जो पारंपरिक शिल्प कौशल और सटीक इंजीनियरिंग का एक प्रिय प्रतीक है। ब्लैक फॉरेस्ट में गर्म झरने बहुत लोकप्रिय हैं जो पर्यटकों को आकर्षित करने में मदद करते हैं। रोमनों ने इस सामुदायिक स्नान की प्रवृत्ति शुरू की जो बाडेन-बाडेन शहर के आसपास 12 थर्मल स्प्रिंग्स और 30 स्पा के साथ आज भी जारी है। जी हां, अगर आपने इस जंगल के स्पा के बारे में नहीं सुना तो आप इसके बारे में नहीं जाते है।

# अंतर्राज्यीय तस्करों से 32 लाख का गांजा जब्त

- 5 आरोपी गिरफ्तार, 7 मोबाइल, 2 चारपहिया वाहन बरामद

**गौरेला (हरिभूमि न्यूज)।** अवैध गांजा तस्करी के मामले में जीपीएम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अंतर्राज्यीय तस्करों समेत गांजा पार कराने के लिए पायलेटिंग करने वाले और लोडिंग के लिए आदमी दिलाने वाले गिरोह के सरगना और सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों के फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। तस्करों के सहयोगियों की पतासाजी और धरपकड़ जारी है। तस्करों से 32 लाख का गांजा जब्त कर 7 मोबाइल, 2 चारपहिया वाहन बरामद किया गया है। मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। मुखबिर की सूचना पर गौरेला थाना और साइबर सेल जीपीएम की संयुक्त टीम उप निरीक्षक सनत म्हात्रे के नेतृत्व में हर्राटोला के पास सड़क पर वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान एक एमपी पासिंग सफेद रंग की महिंद्रा टीयूवी 300 वाहन आता दिखा। वहां पहले से तैयार पुलिस टीम ने गाड़ी रुकवाकर जांच की तो उसमें बूट स्पेस में भारी मात्रा में गांजा रखा हुआ था।







खुशियों के 100 दिन | अपनी खरीदारी पर 100% कैशबैक जीतने का मौका पाएं

कम डाउन पेमेंट ₹5000^ | कम ब्याज दर 9.49%^ | ऑन-रोड कीमत ₹88799## | TOLL FREE NO. 1800-266-0018 | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Regd. Office: Hero MotoCorp Ltd., The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. CIN: L35911DL1984PLC017354. It is our endeavour to improve our product. This could lead to changes in product specifications without notice. Accessories and features shown may not be a part of the standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative global production volume till 21st January 2021. ***Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^^Based on offers from empaneled dealers on Wheels of Trust platform. Available at select dealerships. On-road price of Destini Prime in Chhattisgarh and may change without any prior notice. ##On-road price includes ex-showroom price, insurance and registration charges. ~Ex-showroom price of Destini Prime in Chhattisgarh and may change without any prior notice. ^Finance scheme is at the sole discretion of financiers and subject to its respective terms and conditions. *T&C apply. Offer valid from 26th Jun to 3rd Oct. Offer is for limited period or till stock lasts. For further information, contact nearest Hero MotoCorp authorised outlet (s) or visit website www.heromotocorp.com

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दुर्गः उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरोः (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसीः 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स 9754069392, लवनः गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्सः 8462900028/9340005833 गुरुरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडलाः विक्की मोटर्सः 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्सः 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटोः 9425240565, नवागढ़ श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, जिगड़ीः किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरलाः कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025 , कसडोलः बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोदः जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुदः शिव ऑटो, 8305711110, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करेंः अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com